भारत सरकार

परिणाम बजट
2014-2015

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

विषय-सूची

कार्यकारी सारांश

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 2
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 3
भारतीय जनसंचार संस्थान 3
फोटो प्रभाग 4
भारतीय प्रेस परिषद 4
पत्र सूचना कार्यालय 6
प्रकाशन विभाग 7
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय 8
न्यू मीडिया विंग 8
गीत एवं नाटक प्रभाग 8
मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) सूचना भवन का निर्माण चरण-V 9
(घ) नीति संबंधी अध्ययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि (प्रसार भारती को छोड़कर) 9
(ग) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 10
(घ) अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम 10

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 11
बाल फिल्म समिति, भारत 12
फिल्म समारोह निदेशालय 12
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 13
फिल्म प्रभाग 14
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 14

सत्यजीत राय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 14
मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीम
(क) एंटी पायरेसी पहल 15
(ख) फिल्म सामग्री का विकास, संचार और प्रसार 15
(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 16
(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 17

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र (ईएमएमसी) 17
प्रसार भारती 17
(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन 21
(ख) प्रसारण विंग का स्वचालितीकरण 22
(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन 22

अध्याय - I

उद्देश्य एवं लक्ष्य, नीति निर्धारण एवं नीतिगत ब्यौरा

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 24
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 25
एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 25
भारतीय जनसंचार संस्थान 26
फोटो प्रभाग 26
भारतीय प्रेस परिषद 27
पत्र सूचना कार्यालय 27
प्रकाशन विभाग 31
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय 32
न्यू मीडिया विंग 32
गीत एवं नाटक प्रभाग 34

मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) सूचना भवन का निर्माण चरण-V 35
(ख) नीति संबंधी अधययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि (प्रसार भारती को छोड़कर) 35
(ग) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 35

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 36
बाल फिल्म समिति, भारत 37
फिल्म समारोह निदेशालय 38
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 39
फिल्म प्रभाग 40
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 41
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 41
मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीम
(क) एंटी पायरेसी पहल 42
(ख) फिल्म सामग्री का विकास, संचार और प्रसार 43
(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 45
(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 45

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र (ईएमएमसी) 46
प्रसार भारती 47
मुख्य सचिवालय के प्रसारण विंग की स्कीम
(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन 54
(ख) प्रसारण विंग का स्वचालितीकरण 54
(ग) डिजीटलाइजेशन का मिशन 55

अध्याय-II

वित्तीय परिव्यय, अनुमानित वास्तविक परिणाम एवं अनुमानित परिणाम

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 56
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 58
एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 60
भारतीय जनसंचार संस्थान 61
फोटो प्रभाग 65
भारतीय प्रेस परिषद 66
पत्र सूचना कार्यालय 67
प्रकाशन विभाग 72
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय 75
न्यू मीडिया विंग 77
गीत एवं नाटक प्रभाग 78
मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) सूचना भवन का निर्माण चरण-V 79
(ख) नीति संबंधी अधययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि। (प्रसार भारती को छोड़कर) 80
(ग) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 81
(घ) अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम 82

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 83
बाल फिल्म समिति, भारत 86
फिल्म समारोह निदेशालय 88
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे 90
फिल्म प्रभाग 92
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 96
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 97

मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीमें
(क) एंटी पायरेसी में पहल 99
(ख) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 100
(ग) फिल्म सामग्री का विकास, संचार एवं प्रसार 101
(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 102

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र (ईएमएमसी) 103

प्रसार भारती

आकाशवाणी (वार्षिक योजना) 104
दूरदर्शन (वार्षिक योजना) 121
मुख्य सचिवालय के प्रसारण विंग की स्कीमें
(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन 127
(ख) प्रसारण विंग का स्वचालितीकरण 129
(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन 130

अध्याय - III
सुधार के लिए उठाए गए कदम और नीतिगत पहल
सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 131
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 132
एम्पलॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार 132
भारतीय जनसंचार संस्थान 132
फोटो प्रभाग 133
भारतीय प्रेस परिषद 133
पत्र सूचना कार्यालय 134
प्रकाशन विभाग 134
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय 136

गीत एवं नाटक प्रभाग 137
मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) सूचना भवन का निर्माण चरण–V 138
(ख) नीति संबंधी अध्ययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि (प्रसार भारती को छोड़कर) 139
(ग) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 139

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 139
बाल फिल्म समिति, भारत 140
फिल्म समारोह निदेशालय 140
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे 141
फिल्म प्रभाग 141
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 141
सत्यजीत राय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 141
मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीमें
(क) एंटी पायरेसी में पहल 142
(ख) फिल्म सामग्रीक, विकास संचार एवं प्रसार 142
(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 143
(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 143

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र (ईएमएमसी) 143
प्रसार भारती 144
मुख्य सचिवालय के प्रसारण विंग की स्कीम
(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन 148
(ख) प्रसारण विंग का स्वचालितीकरण 149
(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन 151

अध्याय - IV

सूचना क्षेत्र

पिछले कार्य प्रदर्शन की समीक्षा

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय 152
क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय 156
एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोज़गार समाचार 157
भारतीय जनसंचार संस्थान 158
फोटो प्रभाग 160
भारतीय प्रेस परिषद 162
पत्र सूचना कार्यालय 164
प्रकाशन विभाग 168
भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय 178
न्यू मीडिया विंग 182
गीत एवं नाटक प्रभाग 182
मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें
(क) सूचना भवन का निर्माण चरण-V 186
(ख) नीति संबंधी अध्ययन, सेमिनार, मूल्यांकन आदि (प्रसार भारती को छोड़कर) 187
(ग) मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण 188
(घ) अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम 189

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड 190
बाल फिल्म समिति, भारत 192
फिल्म समारोह निदेशालय 193
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे 195
फिल्म प्रभाग 198
भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार 201

सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 205
मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग की स्कीम
(क) फिल्म सामग्री का विकास, संचार एवं प्रसार 207
(ख) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन 208
(ग) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना 209

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानीटरिंग केंद्र (ईएमएमसी) 210
प्रसार भारती .....
आकाशवाणी 211
दूरदर्शन 253
मुख्य सचिवालय की प्रसारण विंग की योजनाएं .....
(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन 270
(ख) प्रसारण विंग का स्वचालितीकरण 271
(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन 271

अध्याय - V

वित्तीय समीक्षा 272

अध्याय - VI

स्वायत्तशासी संस्थाओं का प्रदर्शन एवं समीक्षा

प्रसारण क्षेत्र
भारतीय जनसंचार संस्थान 295
भारतीय प्रेस परिषद 295

फिल्म क्षेत्र
बाल फिल्म समिति, भारत 297
भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे 298
सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता 299

प्रसारण क्षेत्र
प्रसार भारती 300

कार्यकारी सारांश

सूचना और प्रसारण मंत्रालय सरकार की उपलब्धियों , कार्यक्रमों, पहल नीतियों और सूचना मास कम्यूनिकेशन मीडिया के द्वारा प्रचार करता है। इस मीडिया में रेडियो, दूरदर्शन, फिल्में, प्रेस, प्रिंट प्रकाशन, विज्ञापन समाज के सभी वर्गों के लाभ के लिए संचार के पारम्परिक तरीके जैसे गीत और नाटक प्रभाग शामिल हैं। सभी आयु समूहों की मनोरंजन जरूरतों के प्रबंधन में मंत्रालय जुटा हुआ है। और राष्ट्रीय अखंडता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य देखभाल और परिवार कल्याण, निरक्षरता उन्मूलन के मुद्दों तथा महिलाओं, बच्चों एवं अल्पसंख्यकों और लाभ से वंचित समाज के अन्य वर्गों से संबंधित मुद्दों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित कर रहा है।

मंत्रालय के कार्यकलापों को जिन प्रभागों द्वारा संचालित किया जाता है। वह प्रभाग हैं-सूचना, प्रसारण चलचित्र और फिल्में। सूचना प्रभाग प्रेस और प्रिंट मीडिया के नीति संबंधी मामलों तथा सरकार की प्रचार जरूरत को संभालता है। प्रसारण प्रभाग दूरदर्शन और आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो), एफएम रेडियो एवं समुदाय रेडियो को शामिल करते हुए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से संबंधित नीति मामलों को संभालता है। चलचित्रों, चलचित्र पुरस्कारों और चलचित्र प्रदर्शनियों की ज़िम्मेदारी फिल्म विभाग संभालता है।

वर्ष 2014-15 के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के लिए 3316.00 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है जिसमें 1005.00 करोड़ रुपये योजना राशि के रूप में और 2311.00 करोड़ रुपये गैर-योजना राशि के रूप में शामिल हैं। मंत्रालय अपनी 21 मीडिया ईकाइयों/संलग्न एवं अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों तथा सार्वजनिक सेवा ईकाइयों (पीएसयू) के माध्यम से कार्य करता है। इन कार्यालयों के कार्य संचालन तथा उपलब्धियां और विभिन्न योजना परियोजनाओं के परिणाम आगे दिए गए अध्यायों में सारांश रूप में दिये गए हैं।

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय का कार्य: विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय भारत सरकार की नीतियों कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों को प्रचारित करने वाली नोडल मल्टी मीडिया एजेंसी है। यह प्रेस विज्ञापनों, प्रसार भारती के माध्यम से टीवी स्पॉट्स, तथा केबल और सैटेलाइट नेटवर्क चैनलों , रेडियो/टेलिविजन पर प्रायोजित कार्यक्रमों, स्पॉटजिंगिल्स, डिजिटल सिनेमा, प्रदर्शनियों, मुद्रित प्रचार सामग्रियों और बाहरी प्रचार माध्यमों की सहायता से केंद्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालयों-विभागों, स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के लिये प्रचार अभियान चलाती है.जबकि, क्षेत्रीय प्रचार के लिये मंत्रालयों/विभागों के प्रस्ताव के अनुसार उनसे निधि प्राप्त होती है। विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय अपनी योजना/ गैरयोजना निधि से उन क्षेत्रों में इसके प्रचार की पहल और कार्यक्रम सुनिश्चित करता है,जहां इसकी आवश्यकता अनुभव की जाती है, या जहां समग्र पहुंच की जरूरत हो।

योजना स्कीमों के लिये निधि: शीर्षस्थ कार्यक्रमों के संपूर्ण तरीके से प्रचार को सशक्त करने और उसकी सेवाओं/कार्यों को प्रभावी बनाने हेतु विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय को दो सुनियोजित योजनाओं के लिये निधि में वृद्धि दी गयी है ये योजनाएं हैं-(i) विकास संचार के माध्यम से लोक सशक्तीकरण और (ii) मीडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोग्राम, डीएवीपी को 'विकास संचार के माध्यम से लोक सशक्तीकरण' के लिये 467.50 करोड़ रुपए और एमआईडीपी के लिये 15 करोड़ के सैद्धांतिक परिव्यय की मंजूरी मिली है.

प्रचार को सुस्पष्ट एवं सरल बनाया जाना: सरकारी विज्ञापनों और प्रचार के विभिन्न पहलुओं को सुस्पष्ट एवं कारगर बनाने तथा इस संबंध में और अधिक पारदर्शिता लाने हेतु सरकार ने प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से विज्ञापन/प्रचार के संबंध में नई विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार नीति जारी की है। समाचारपत्रों की नई सूची बनायी गयी है। जबकि, श्रव्य-दृश्य मीडिया की दरों का निर्धारण प्रक्रियाधीन है।

इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यम: भुगतान की गति और उसमें सुधार लाने के लिये डीएवीपी ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फाइल ट्रांसफर प्रणाली के माध्यम से भुगतान करना आरंभ कर दिया है। ताकि इसमें पारदर्शिता लायी जा सके। बिलों की स्थिति वेबसाइट www.davp.nic.in पर देखी जा सकती है।

आरटीआई मामलों से संबंधित शिकायतों के निवारण को सरल तथा सुस्पष्ट बनाया जाना: डीएवीपी की आरटीआई से संबंधित व्यवस्था को विकेंद्रित करते हुए विंग के प्रत्येक निदेशक को केंद्रीय जन सूचना अधिकारी बनाया जा रहा है। यह भी उल्लेख किया जाता है, कि डीएवीपी ने नागरिक चार्टर में भी संशोधन किया है। ताकि सेवोत्तम व्यवस्था के तहत शिकायतों का निवारण हो सके जिसके द्वारा नागरिकों को समयबद्ध सेवा उपलब्ध करायी जा सके।

खर्च पर निगरानी: डीएवीपी की योजना स्कीमों/गैर योजना व्यय पर वित्तीय एवं प्रत्यक्ष उपलब्धियों अर्थात् वार्षिक योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों के विश्लेषण के माध्यम से नियमित रूप से समीक्षा तथा जांच की जाती है।

डीएवीपी की संरचना एवं सेवाओं का आधुनिकीकरण: डीएवीपी के आधुनिकीकरण एवं सेवा अदायगी के संबंध में स्वतंत्र परामर्शदाता की एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गयी है, जिसे 12 वी पंचवर्षीय योजना के तहत क्रियान्वित किया जाएगा।

प्रभावी मूल्यांकनः डीएवीपी अब बाहर की एजेंसियों से मंत्रालयों/विभागों के लिये चलाये जा रहे विज्ञापन अभियान के परिणामों/प्रभावों के मूल्यांकन को सरल एवं सुस्पष्ट तरीकों और प्रक्रिया के लिये प्रयासरत है। इस संबंध में एक व्यापक मसौदा मंत्रालय के अनुमोदन एवं अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रस्तावित है।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अध्यादेश को जारी रखने के लिए क्षेत्र प्रचार निदेशालय (डायरेक्ट्रेट ऑफ फील्ड पब्लिसिटी) ने, सरकार की नीतियों/कार्यक्रमों/परियोजनाओं के बारे में लोगों में जागरुकता उत्पन्न करने के लिए क्षेत्रीय कार्यक्रमों की ज़िम्मेदारी उठाई। सरकार के विकास कार्यक्रमों और कल्याणकारी पहल को प्रभावशाली ढंग से लागू करना, विभिन्न कार्यक्रमों/परियोजनाओं के तहत अपने अधिकारों के बारे में अभीष्ट लाभार्थियों के बीच जागरुकता पर आधारित है। तदनुसार डीएफपी जानकारी रखने वाले लोगों के वर्ग तैयार करता है ताकि वो इस तरह के कार्यक्रमों/परियोजनाओं को लागू करने में स्वैच्छिक और उत्साहवर्धक सहयोग देने में सक्षम हो सकें। डीएफपी के जागरुकता उत्पन्न करने वाले प्रयास अंतरव्यैक्तिक संवाद पर आधारित हैं। स्थानीय अभिमत नेताओं (नायकों) और लक्षित लाभार्थियों के साथ अंतरसक्रिय (इंटरएक्टिव) सत्रों, समूह चर्चाओं, घर-घर जाकर, सार्वजनिक बैठकों इत्यादि के माध्यम से डीएफपी कार्य करता है। इन प्रयासों को पारम्परिक और लोक मीडिया तथा अन्य रूढ़िवादी एवं गैररूढ़िवादी तरीकों को अपनाने से प्रोत्साहन मिला। इस प्रक्रिया में डीएफपी को दूसरे केन्द्र और राज्य विभागों/एजेंसियों से भी मदद मिली। डीएफपी के क्षेत्र पदाधिकारियों ने लागू करने वाली एजेंसियों के लाभ के लिए सरकार के कार्यक्रमों/परियोजनाओं के लागूकरण पर प्रतिपुष्टि भी एकत्र की।

निदेशालय के उद्देश्यः

- अपने कर्मचारियों और सामग्रियों को लोगों के बीच लाकर भारत सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों, परियोजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों को सामने लाना और उनके हित के लिए सूत्रबद्ध की गई योजनाओं और परियोजनाओं के बारे में उन्हें बताना।

- लोगों के बीच लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और साम्प्रदायिक सद्भाव जैसे राष्ट्रीय मूल्यों को बढ़ावा देना।

- विकासशील गतिविधियों में लोगों की सक्रिय भागीदारी के लिए ज़मीनी स्तर पर उनके (लोगों के) साथ सौहार्द्र कायम करना, साथ ही कल्याण एवं विकासशील कार्यक्रमों के लागूकरण के पक्ष में जन विचारधारा को लामबंद करना।

- सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों तथा उनके लागूकरण पर लोगों की प्रतिक्रियाएं एकत्र करना और अनुकूल कदम उठाने तथा जहां भी आवश्यक हो सुधारात्मक उपाय करने के लिए उन प्रतिक्रियाओं को निदेशालय तक पहुंचाना।

भारतीय जनसंचार संस्थान

भारतीय जन संचार संस्थान का मुख्य उद्देश्य देश के सामाजिक-आर्थिक विकास की आवश्यकताओं के विशेष संदर्भ में मीडिया और जनसंचार के इस्तेमाल एवं विकास के लिये प्रशिक्षण और शोध का आयोजन करना है। भारत सरकार, सूचना व प्रसारण मंत्रालय के माध्यम से कुल वार्षिक सहायता अनुदान के रूप में इस संस्थान को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

भारतीय जनसंचार संस्थान के स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम आम लोगों के लिए खुले हैं और उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के माध्यम से किया जाता है। यह संस्थान विदेश मंत्रालय के सहयोग से विकासशील देशों के कार्यरत पत्रकारों और सूचना अधिकारियों के लिए प्रत्येक शैक्षणिक वर्ष के दौरान विकास पत्रकारिता में दो पाठ्यक्रमों का आयोजन करता है। यह संस्थान भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के गुप 'ए' और ग्रुप 'बी' के परिवीक्षार्थियों के लिए बुनियादी पाठ्यक्रमों का भी आयोजन करता है। भारत सरकार के विभिन्न विभागों/संगठनों के अधिकारियों के लिए और राज्य के अधिकारियों के लिए भी कई अन्य अल्पकालीन पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। यह संस्थान लोक मीडिया से संबंधित विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं का आयोजन करता है। अधिकांश अध्ययन प्रायोजित होते हैं। यह समय-समय पर पत्रकारिता/जनसंपर्क पर पुस्तकें आदि भी प्रकाशित करता है।

यह अनुभव किया गया है कि वर्तमान स्थिति में इस संस्थान द्वारा चलाए जा रहे एक वर्ष के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को दो वर्षीय एडवांस पाठ्यक्रमों के समकक्ष घोषित किये जाने और इन पाठ्यक्रमों को एम ए की डिग्री के समकक्ष घोषित किये जाने की जरूरत है। वर्तमान में भारतीय जनसंचार संस्थान को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान के स्तर तक अपग्रेड करने हेतु संचार अनुसंधान विभाग को सशक्त किया जाना नितांत आवश्यक है। भारतीय जनसंचार संस्थान को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करने के लिये संसद अधिनियम लाये जाने के बाद एडवांस पाठ्यक्रम तथा डायरेक्ट कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं।

योजनागत गतिविधियां:

उपर्युक्त पहलुओं को ध्यान में रखते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 11वीं पंचवर्षीय योजना में''भारतीय जनसंचार संस्थान का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उन्नयन'' विषयांतर्गत 62.00 करोड़ रुपये के सकल परिव्यय के लिए 51.50 करोड़ रुपये का बजट अनुमोदित किया। यह सरकार की 43 करोड़ रुपये की बजटीय सहायता के साथ योजना 12वीं पंचवर्षीय योजना में भी जारी है। 12वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत नई योजना ''भारतीय जन संचार संस्थान के नए क्षेत्रीय केंद्रों की स्थापना'' को मंजूरी दी गई है। इसके लिये कुल परिव्ययय 94.20 करोड़ रुपये है और शुद्ध बजटीय सहायता 90.00 करोड़ रुपये है।

फोटो प्रभाग

फोटो डिवीजन एक ऐसी मीडिया इकाई है जो भारत सरकार के लिए आंतरिक और बाह्य प्रचार के लिए दृश्य दस्तावेज और तस्वीरें तैयार करती है। फोटो डिवीजन देश में घटित हुई ऐतिहासिक घटनाओं का तस्वीरों के रूप में रेकॉर्ड रखती है और विकास के विभिन्न आयामों को दर्ज करती है। ये प्रभाग फोटो प्रतियोगिताओं और कार्यशालाओं के जरिए युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देता है। फोटो डिवीजन आम जनता और गैर-प्रचारित संगठनों को भुगतान पर तस्वीरों की आपूर्ति करता है। देश के उत्तरपूर्व के विकास पर जोर देते हुए बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान फोटोग्राफी उद्योग में बदलते रूझानों के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए, 'नेशनल सेंटर ऑफ फोटोग्राफी एंड स्पेशल ड्राइव फॉर नॉर्थईस्टर्न स्टेट्स' नाम से एक प्लान योजना चलाई गई है।

भारतीय प्रेस परिषद

प्रथम प्रेस आयोग की अनुशंसा के आधार पर स्थापित भारतीय प्रेस परिषद प्रेस की, प्रेस के लिये और प्रेस द्वारा, समकक्ष सांविधिक प्राधिकरण है। यह संवैधानिक उत्तरदायित्वों को ध्यान में रखते हुए प्रेस की स्वतंत्रता बनाए रखने तथा परामर्श और फैसला सुनाने के अपने अधिकार के माध्यम से रिपोर्टिंग के मानकों को बढ़ावा देती है।

परिषद,आलोच्य वर्ष में अन्य बातों के अलावा इस बात पर भी संतोष कर सकती है कि उसने राष्ट्र हित, सम्प्रदायिक सदभाव, चर्चित हस्तियों की निजता की तुलना में जनहित में रिपोर्टिंग आदि जैसे विषयों पर अपने निर्णयों के निचोड़ से बने महत्वपूर्ण सिद्धांतों के माध्यम से मार्गदर्शन किया। निर्णयों के बारे में बाद के अध्यायों में दिये गये आंकड़ों से यह स्थिति स्पष्ट हो जाती है। परिषद ने (1) पत्रकारिता में कर्त्तव्य का निर्वहन करते वक्त सुरक्षा विशेषकर पूर्वोत्तर और महिला पत्रकारों के संदर्भ में(2) छोटे और मझोले समाचार पत्रों की वृद्धि और वित्तीय स्थायित्व के लिये तंत्र, (3) पत्रकारों के लिये आदर्श विज्ञापन एवं प्रत्यायन नियम,(4) प्रिंट मीडिया में एफडीआई (5) मीडिया स्वामित्व (6) बिहार में प्रेस की आजादी (7) महिलाओं का अभद्र निरूपण और अन्य मामलों से जुड़े विषयों का भी अध्ययन किया है, जिनका विस्तृत विवरण निष्पादन समीक्षा से संबंधित अध्याय में दिया गया है।

परिषद ने जहां 2013 में विधानसभा चुनावों के दौरान हुई रिपोर्टिंग का स्वतंत्र आकलन किया, वहीं हाल में सम्पन्न आम चुनाव के दौरान इसने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गठित एमसीएमसी के सदस्यों को पेड न्यूज के मामलों की निगरानी के लिये विशेषज्ञता उपलब्ध कराई। गुमराह करने वाले विज्ञापनों पर रोक लगाने संबंधी कार्य योजना मुहैया कराने वाली भारत सरकार के लिये भारतीय प्रेस परिषद के सचिव की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट का विशेष उल्लेख किया जा सकता है। इसका संज्ञान लेते हुए मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने हाल ही भारत सरकार को प्रस्तावों को लागू करने के लिये समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। तब से सरकार उस पर कार्य कर रही है।

परिषद अपने अध्यक्ष और सदस्यों के माध्यम से देश के दूर-दराज के इलाकों के पत्रकारों तक पहुंच बनाने संबंधी कार्यक्रम भी जारी रखे हुए है, ताकि उन्हें रिपोर्टिंग के नियमों की जानकारी दी जा सके और उनकी समस्याएं सुलझाई जा सकें।

अंतर्राष्ट्रीय सम्पर्क के तहत परिषद, नेपाल प्रेस परिषद के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है ताकि परस्पर वृद्धि और पत्रकारिता के लाभ के लिये नैतिकताओं और मानदंडों को बढ़ावा दिया जा सके। परिषद सार्क देशों में भी प्रेस परिषदों का परिसंघ स्थापित करने की सम्भावनाओं का पता लगा रही है।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस 2013 के दौरान 'लोकहित में मीडिया की भूमिका' पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर पत्रकारिता में उत्कृष्टता पर छह श्रेणियों मसलन- राजा राम मोहन राय राष्ट्रीय पुरस्कार, ग्रामीण पत्रकारिता, विकासात्मक रिपोर्टिंग, स्त्री शाक्ति, फोटो पत्रकारिता और उर्दू पत्रकारिता में राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये गये।

ई-गवर्नेंस और पारदर्शिता के उपाय के तहत सभी निर्णयों, रिपोर्ट्स और परिषद की घोषणाओं को प्रेस परिषद की वैबसाइट पर अपलोड किया गया है और उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र में लाया गया है।

निर्णयों के संबंध में, यह बेहद उत्साहजनक है कि प्रेस परिषद के प्रस्ताव ज्यादा अधिकार के साथ प्रदान किये जा रहे हैं ताकि निर्णय संबंधी निर्देशों के साथ उनका अनुपालन सुनिश्चित हो सके। इसकी सभी मंचों पर सराहना की गई है और इसे किसी बाहरी नियंत्रण की जगह भारतीय प्रेस परिषद द्वारा प्रस्तुत किये जा रहे आंतरिक स्वतंत्रता नियामक तंत्र में विश्वास की अभिव्यक्ति माना जा सकता है। परिषद को सशक्त होने का विश्वास है ताकि वह देश की संसद द्वारा सौंपे गये अधिदेश का प्रभावपूर्ण तरीके से निर्वहन कर सके।

लक्ष्य

वर्ष 2014-15 के प्रमुख लक्ष्य :-

1. प्रेस परिषद को सशक्त बनाने के प्रस्तावों पर जोर देना।
2. मीडिया से संबद्ध विभिन्न विषयों के अध्ययनों की रिपोर्ट को अंतिम रूप देना।
3. परिषद में दाखिल शिकायतों का त्वरित निपटारा/निर्णय।

4. प्रेस के विरूद्ध और उसके द्वारा दाखिल शिकायतों संबंधी निर्णय सूची अद्यतन करना तथा प्रेस परिषद की वेबसाइट पर उसकी पहुंच बनाना।

5. मीडिया से संबंधित मामलों पर चर्चाओं का आयोजन करना।

6. परिषद के 12वें सत्र का पुनर्गठन।

7. लाइब्रेरी का ऑटोमेशन।

8. सेवा विवरणों का डिजिटाइजेशन विशेषकर सभी कर्मचारियों के निजी आंकड़ों के संदर्भ में।

9. कार्यालय के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड्स का डिजिटाइजेशन।

10. समाचारपत्रों के बकाया लेवी शुल्क की वसूली।

11. कार्यालय का ऑटोमेशन।

12. एनआईसी/सीसीडब्ल्यू के साथ समन्वयन से लेन कनैक्टीविटी।

13. ई-मंजूरी देने संबंधी प्रक्रिया की चरणबद्ध शुरूआत करना।

14. हार्डवेयर्स/सॉफ्टवेयर्स का उन्नयन और पुराने तथा अप्रचलित उपकरणों को हटाना।

पत्र सूचना कार्यालय

पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) भारत सरकार की एक नोडल एजेंसी है, जो सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी सरकार तक पहुंचाती है। पत्र सूचना कार्यालय, प्रिंट एवं इलेट्रॉनिक मीडिया के जरिये सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों और गतिविधियों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाता है। सरकार के कामकाज और रीति एवं नीति की स्वीकार्यता किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में बेहद जरूरी है। पत्र सूचना कार्यालय इस काम का निर्वहन बखूबी करता है।

पीआईबी मुख्यालय के अधिकारी विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के संपर्क में बने रहते हैं और मीडिया को संबद्ध मंत्रालयों की गतिविधियों के बारे में सूचित करते रहते हैं। यही नहीं अधिकारी मीडिया के सलाहकार के तौर पर भी कार्य करते हैं और जनपरक नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए मीडिया के साथ तालमेल बनाए रखते हैं।

पीआईबी के क्षेत्रीय कार्यालय/शाखाएं कंप्यूटर नेटवर्क से जुड़ी हुई हैं। ब्यूरो का इंटरनेट पर एक होमपेज भी है, जिसे www.pib.nic.in पर देखा जा सकता है। इस पेज पर देश और विदेशों में इस्तेमाल की जा सकने वाली सूचनाएं एवं प्रचार सामग्री मौजूद रहती हैं। क्षेत्रीय शाखाओं के अलावा पीआईबी की विज्ञप्तियां कंप्यूटर नेटवर्क की बदौलत स्थानीय समाचार पत्रों और स्थानीय संवाददाताओं को भेजी जाती हैं। फीचर और ग्राफिक्स भी इंटरनेट नेटवर्क पर मौजूद रहते हैं।

मीडिया प्रतिनिधियों को ब्यूरो कार्यकारी सुविधाएं भी मुहैया कराता है। इसके लिए भारतीय एवं विदेशी मीडिया के पत्रकारों, कैमरामैन, और तकनीशियनों मान्यता दी जाती है। मार्च 2014 तक 230 संवाददाता, 55 कैमरामैनों को ब्यूरो मुख्यालय से कवरेज के लिए मान्यता दी गई है। इसके अलावा 9 तकनीशियन और 108 संपादक/मीडिया आलोचक भी ब्यूरो से जुड़े हैं। भारतीय और विदेशी संवाददाताओं की जरुरतों को पूरा करने के लिये नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेस केन्द्र स्थापित किया गया।

मीडियाकर्मियों तक सूचना के प्रेषण के लिए कई तरीके अपनाए जाते हैं। इन तरीकों में प्रेस विज्ञप्तियां, फीचर, प्रेस ब्रीफिंग, प्रेस कांफ्रेंसों के आयोजन के अलावा मीडिया के लिए टूर भी आयोजित किए जाते हैं।

पीआईबी के आउटपुट की मॉनिटरिंग प्रेस काफ्रेंसों उसके द्वारा भेजी गई विज्ञप्तियों, फीचर्स आदि के मीडिया में प्रकाशित न्यूज स्टोरीज से तत्काल हो जाती है।

पीआईबी ने इस अवधि के दौरान देश भर में जयपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, चेन्नई, बंगलुरू आदि में 11 क्षेत्रीय प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित कीं। भारत के अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) और भारत के अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह पर 14 राज्यों में प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की गई। इसके अलावा पीआईबी के क्षेत्रीय (शाखा) कार्यालयों ने विशिष्ट व्यक्तियों के दौरों, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर 283 प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की।

पीआईबी ने महत्वपूर्ण मामलों पर मीडिया कवरेज पर मंत्री समूह को मीडिया संबंधी सहायता देने के साथ-साथ विकासात्मक समाचारों, सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को कवर किया। पीआईबी की प्रधान महानिदेशक के निर्देशन में हिन्दी और अंग्रेजी में मीडिया रिपोर्ट जारी की गईं।

प्रकाशन विभाग

प्रकाशन विभाग देश में सार्वजनिक क्षेत्र में सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है। निदेशालय द्वारा हिन्दी, अंग्रेज़ी और अन्य भारतीय भाषाओं में प्रकाशित पुस्तकें देश के नागरिकों के अनुरूप होती हैं जो लोगों की समझ का दायरा विस्तृत कर रही हैं।

2 इस विभाग का उद्देश्य प्रसिद्ध व लोकप्रिय पुस्तकों और पत्रिकाओं का उत्पादन, बिक्री और वितरण करना है। राजस्व अर्जित करने वाला यह विभाग निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति करता है:-

(i) राष्ट्रीय महत्व की उन पुस्तकों का प्रकाशन जिन्हें अन्य प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित नहीं किया जाता और पुस्तकों को कम मूल्य पर जनसाधारण को उपलब्ध कराना।

(ii) अनेकता में एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय एकता की धारणा और भावना को मज़बूत बनाना तथा बढ़ावा देना।

(iii) वर्ष 2014-15 के दौरान इसका लक्ष्य 18 पत्रिकाओं और 75 पुस्तकों को प्रकाशित करने का है। प्रकाशन विभाग अपनी पुस्तकों और पत्रिकाओं की बिक्री देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित बिक्री इंपोरिया के माध्यम से करता है। बदलते वक्त के साथ कदम मिला कर चलने के लिए प्रकाशन विभाग ने चरणबद्ध तरीके में अपने सभी बिक्री इंपोरिया के आधुनिकीकरण का प्रस्ताव रखा है।

(iv) बिक्री इंपोरिया नई दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, चेन्नई, पटना और तिरूअनंतपुरम में स्थित हैं। बंगलुरू, गुवाहाटी और अहमदाबाद में योजना कार्यालय में बिक्री केन्द्र बनाए गए हैं।

(v) 2014-15 के गैर-योजना के तहत प्रकाशन विभाग का अनुमानित बजट 2605 लाख है।

(vi) 2014-15 के गैर-योजना के तहत इम्प्लायमेंट न्यूज का अनुमानित बजट 2519 लाख है।

(vii) 2014-15 में प्रकाशन विभाग का इम्प्लायमेंट न्यूज सहित अनुमानित लाभ 500 लाख रू है।

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक का कार्यालय

भारत के समाचार पत्रपंजीयक कार्यालय की स्थापना जुलाई 1956 को प्रेस और पुस्तक पंजीयन अधिनियम 1867 में संशोधन करके की गई थी। इस कार्यालय का कार्य देश भर में प्रकाशित समाचारपत्रों/पत्रिकाओं का एक रजिस्टर तैयार करना, उनका रखरखाव तथा समाचारपत्रों/पत्रिकाओं का विवरण संकलित करना है। विभिन्न श्रेणी के समाचारपत्रों-पत्रिकाओं की सूचनाएं, आंकड़ों तथा बदलावों पर प्रेस इन इंडिया नामक वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना है। आरएनआई के गैर-वैधानिक श्रेणी अखबारी कागज आयात करने के लिए समाचारपत्रों को योग्यता प्रमाणपत्र जारी करना। समाचार प्रतिष्ठानों की प्रिंटिंग मशीनें (मुद्रण) और अन्य संबंधित सामग्री संबंधी आवश्यक जरूरतों का मूल्यांकन और प्रमाणपत्र जारी करना।

न्यू मीडिया विंग

1945 में स्थापित गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग, का नया नाम न्यू मीडिया विंग है। यह यूनिट सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सूचना उपलब्ध कराने का कार्य करती है। मंत्रालय के दिनांक 4 सितंबर, 2013 के आदेश के अनुसार न्यू मीडिया विंग मंत्रालय के नवगठित सोशल मीडिया सेल को कार्यात्मक एवं प्रचालन सहयोग उपलब्ध कराएगा। संयुक्त सचिव (पी एंड ए) न्यू मीडिया विंग के प्रमुख हैं। संयुक्त सचिव (पी एंड ए) के कार्य में विशेष कार्य अधिकारी (सी) सहयोग करेंगे और गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग का समस्त वर्तमान इंफ्रास्ट्रक्चकर और सोशल मीडिया सेल से जुड़े भारतीय सूचना सेवा के समूह 'क' एवं समूह 'ख' अधिकारी न्यू मीडिया विंग के लिए कार्य करेंगे ताकि इसे सुदृढ़ बनाया जा सके। ये अधिकारी न्यू मीडिया विंग के अपर महानिदेशक को सीधे रिपोर्ट करेंगे एवं अपर महानिदेशक मंत्रालय को रिपोर्ट करेंगे। इस समय यह विंग सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रचार संबंधी फीडबैक एवं प्रतिक्रिया का कार्य सोशल मीडिया यानी फेसबुक, यू ट्यूब एवं ट्विटर के जरिए करता है। मंत्रालय एवं इसके मीडिया एककों और जनसंचार से जुड़े अन्य एककों के उपयोग के लिए भूमिका, संदर्भ और शोध सामग्री उपलब्ध कराता है और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मीडिया एककों को शोध हेतु सामग्री जुटाना, संकलन आदि के कार्य में सहायता करता है, साथ ही, महत्वपूर्ण मुद्दों पर सूचनाओं का संग्रह तैयार करना समसामयिक एवं अन्य विषयों पर मार्गदर्शन करने एवं बैकग्राउंड नोट तैयार करने का कार्य करता है जिसका उपयोग माध्यम एकक कर सकें।

उपर्युक्त कार्य के अलावा, न्यू मीडिया विंग को प्रिंट मीडिया (अखबारों को दिए गए) के भारत निर्माण संबंधी उन विज्ञापनों की निगरानी का कार्य भी सौंपा गया था जिन्हें प्रचार हेतु तीन चरणों में जारी किया गया था। न्यू मीडिया विंग माननीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव और अवर सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठकों जिनमें मीडिया प्रमुख भी शामिल होते थे, में विचार-विमर्श के लिए अनेक अखबारों से विभिन्न प्रकार की रिपोर्ट जैसे विश्लेषणात्मक रिपोर्ट, संस्करणवार रिपोर्ट, प्रसार संख्या-वार रिपोर्ट आदि भी तैयार करता था।

गीत एवं नाटक प्रभाग

गीत एवं नाटक प्रभाग की स्थापना वर्ष 1954 में संचार उद्देश्यों के लिए प्रचुर लोक परम्परागत स्वरूपों को सामने लाने हेतु एक प्रयोगात्मक ईकाई के रूप में की गई। सजीव प्रचार माध्यम, जैसा यह अब बहुत बड़े पैमाने पर पहचाना जाता है, बहुत ही प्रभावशाली साबित हुआ क्योंकि इसने जनसमुदाय के साथ सीधे सम्पर्क के लाभों को अंतर्निहित (inherent) कर लिया और समसामयिक मुद्दों, विचारों एवं तरीकों को प्रतिबद्धता के साथ लागू करने में नम्यता (flexibility) को अपना लिया।

मुख्य सचिवालय की सूचना विंग की स्कीमें

(क) सूचना भवन का निर्माण, पांचवा चरण

सूचना और प्रसारण मंत्रालय की बड़ी परियोजनाओं में से एक है सूचना भवन का निर्माण। मंत्रालय की मीडिया इकाईयों को पर्याप्त जगह मिल सके, इस इच्छा को पूरा करने के लिए यह फैसला किया गया कि मंत्रालय को तमाम अलग-अलग जगह पर बिखरी हुई विभिन्न मीडिया इकाईयों को (डीजी: आकाशवाणी और डीजी: दूरदर्शन को छोड़ कर) एक जगह पर समायोजित करने के लिए स्वयं की इमारत का निर्माण करना चाहिए। योजना आयोग ने परियोजना को स्वीकृति दे दी और पांचवी पंचवर्षीय योजना में शामिल कर लिया। तदनुसार, मंत्रालय को लोधी रोड पर एनवेलप संख्या 8 पर जमीन का एक टुकड़ा 1981 में आबंटित कर दिया गया, जिसका क्षेत्रफल था 8368.3 वर्ग मीटर है। बहरहाल, इस पर निर्माण कार्य 1985 में शुरू हो पाया। आर्थिक तंगी की वजह से निर्माण कार्य चरणों में पूरा किया जा रहा है। भवन का निर्माण कार्य सिविल निर्माण विंग, आकाशवाणी द्वारा किया गया। निर्माण के पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे चरण पहले ही पूरे हो चुके हैं। पांचवां चरण भी पूरा हो चुका है और म्यूनिसिपल कार्पोरेशन के अधिकारियों से प्रमाणपत्र मिलने की प्रतीक्षा कर रहा है।

(ख) मीडिया इकाइयों (प्रसार भारती के अलावा) सभी तीनों क्षेत्रों में नीति संबंधी अध्ययन, सेमिनार, सम्मेलन, पुनर्मूल्यांकन इत्यादि (प्रसार भारती को छोड़कर)

(नई योजना)

अर्थव्यवस्था के मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के पास उच्च विकास क्षमता है। वृद्धि संवेग को पकड़ने की दिशा में, और परिभाषित लक्ष्यों/उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा चलचित्र, सूचना और प्रसारण क्षेत्रों के संबंध में विभिन्न परियोजनाओं/कार्यक्रमों को लागू किया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में, नियमित निगरानी करने और पुनर्मूल्यांकन करने के लिए एक प्रक्रिया को स्थापित करना आवश्यक हो जाता है। मीडिया इकाइयों (प्रसार भारती को छोड़कर) सभी तीनों क्षेत्रों के लिए नीति संबंधी अध्ययन, सम्मेलन, पुनर्मूल्यांकन इत्यादि परियोजना को निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के दौरान लागू किया जाना है:-

- चलचित्र सूचना एवं प्रसारण क्षेत्रों में प्रबंध सूचना प्रबंधन प्रणाली (एमआईएस) का विकास।
- चलचित्र सूचना एवं प्रसारण क्षेत्रों के संबंध में नियमन और विकास नीतियों के प्रभाव का अध्ययन और पुनर्मूल्यांकन।
- चलचित्र, सूचना और प्रसारण क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यशालाओं में सम्मेलन, कार्यशाला, प्रपत्रों के प्रस्तुतिकरण को संचालित करना और उनमें भाग लेना।
- मीडिया तथा मनोरंजन क्षेत्र में नवीनता को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियों का उत्तरदायित्व लेना।

(ग) मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण

सिविल सेवा की दिशा में एक रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली होनी आवश्यक है जो प्रत्येक सिविल सेवक की क्षमता और उसके द्वारा किये जाने वाले कार्य को देखते हुए प्रशिक्षण के माध्यम से वर्तमान और भविष्य की भूमिका के अंतर को कम करेगी। मीडिया प्रबंधन सक्षमता को भी समझा गया है। सूचना, प्रसारण और फिल्म क्षेत्रों में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय नोडल मंत्रालय है। मंत्रालय भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और अन्तरव्यक्तिक प्रवृति का कार्य करने वाली विभिन्न मीडिया इकाईयों में उनके कार्यकाल के दौरान नियुक्त करता है। इसी तरह सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मुख्य सचिवालय के अधिकारी विभिन्न मीडिया इकाईयों की प्रशासनिक व्यवस्था और मीडिया क्षेत्र के लिये नीति निर्धारण का कार्य करते हैं। यह जरुरी है कि यह सभी अधिकारी प्रशिक्षित हों ताकि वह अपने कार्य क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों को जिम्मेदारी से पूरा कर सकें। भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों के लिये सेवारत प्रशिक्षण और विदेशी संस्थाओं में मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण की योजनागत स्कीम को मुख्य सचिवालय द्वारा चलाया जा रहा है।

सिविल सेवा की दिशा में एक रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली होनी आवश्यक है जो प्रत्येक सिविल सेवक को एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में देखती है जिन्हें मंत्रालय/विभागों/संगठनों के उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये उनका मूल्यांकन, प्रेरणा और विकास करती है। इस परिवर्तन प्रक्रिया के तहत यह आवश्यक है कि उस सेवक की क्षमता और उसके द्वारा किये जाने वाले कार्य में समानता आवश्यक हो और प्रशिक्षण के माध्यम से वर्तमान और भविष्य की भूमिका के अंतर को पाटा जा सके।

2. सक्षमता ज्ञान, कौशल और व्यवहार में है जिनकी पद के कार्य प्रभावी तरीके से करने के लिए एक व्यक्ति में होना आवश्यक होता है। सक्षमता मुख्यत: उन को कौशल में बांटी जा सकती है जिसकी सरकारी सेवकों को विभिन्न कार्यों अथवा स्तर के लिए विभिन्न सक्षमता स्तरों की आवश्यकता होगी। इनमें से कुछ सक्षमताएं नेतृत्व, संचार, वित्तीय तथा मानव प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, परियोजना प्रबंधन आदि से संबंधित होती है। अन्य का संबंध पेशेवर अथवा विशेषज्ञता कौशल से होता है, जो कि विशेष कार्यों जैसे कि सड़क निर्माण, सिंचाई परियोजनाओं, बाढ़ नियंत्रण उपाय करना, नागरिक उड्डयन, चिकित्सीय देखभाल, मीडिया प्रबंधन आदि के लिए प्रासंगिक है।

3. सूचना और प्रसारण मंत्रालय सूचना, प्रसारण और फिल्म क्षेत्रों के लिए नोडल मंत्रालय है। अपनी विभिन्न मीडिया इकाईयों के माध्यम से मंत्रालय विभिन्न सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों संबंधी सूचना के प्रचार-प्रसार के लिए उत्तरदायी है। विभिन्न मीडिया हैं - इलेक्ट्रानिक, प्रिंट, फिल्म, अंतरवैयक्तिक प्रचार, जीवंत कला और संस्कृति, जनसूचना अभियान आदि। अपने कैरियर के दौरान भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट तथा अंतर वैयक्तिक मीडिया इकाईयों में तैनात किए जाते हैं। इसी प्रकार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मुख्य सचिवालय के अधिकारी मीडिया क्षेत्र के लिए नीतियां बनाने में कार्यरत हैं और विभिन्न मीडिया इकाईयों के लिए प्रशासनिक सुविधा प्रदान करते हैं। यह आवश्यक है कि ये सभी अधिकारी प्रशिक्षित हों और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियों को लेने के लिए तैयार हो।

(घ) अंतरराष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम

यह नई योजना के तहत 'मानव संसाधन विकास' का एक विभाग है। यह मंत्रालय 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत संगठित किया गया है। मीडिया विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त कार्य समूह, समझौता कर सूचना एवं फिल्म क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेमिनार कार्यशाला का आयोजन करना है। मुख्य लक्ष्य का कार्यक्रम निम्निलिखित है :

- उत्कृष्ट समझ को बढ़ावा देने के लिए मीडिया की भूमिका और देश और क्षेत्र में समन्वय द्वारा विनिमय मीडिया कर्मी से बातचीत और सूचना एक-दूसरे के साथ करना है।

- लोकतंत्र के मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारी में मीडिया की भूमिका बहुत अहम है।
- विभिन्न देशों के बीच दोस्ताना संबंध सूचना और प्रिंट मीडिया के लिए लक्ष्य है। सूचना और प्रिंट मीडिया का दूसरे देशों के बीच अच्छे और नजदीकी संबंध कायम करने में सहायक है।
- भारत अन्य देशों के बीच संबंधों में मजबूती लाना।
- विचारों का आदान-प्रदान भारत और अन्य देशों के बीच मास मीडिया, प्रसारण और फिल्म के क्षेत्र में करना है।
- उन्नत मीडिया प्रशिक्षण।
- समन्वय में कमी।
- सामाजिक और मल्टीमीडिया प्रशिक्षण।
- 12 वीं पंचवर्षीय योजनाओं में परिव्यय के लिए 1.50 करोड़ रू रखे गए जिसमें से 34 लाख रुपये 2014-15 के लिए लिया गया।

फिल्म क्षेत्र

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

1. फिल्मों को लोक प्रदर्शन करने लिए प्रमाणित करने के उद्देश्य से सिनेमाटोग्राफ अधिनियम, 1952 की धारा 3 के अंतर्गत केंद्रीय सरकार द्वारा फिल्म सेंसर बोर्ड को जून 1983 में 'केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड' को नए नाम से स्थापित किया गया।

2. वर्तमान बोर्ड में एक अध्यक्ष तथा 19 गैर सरकारी सदस्य हैं जिन्हें 25 मई 2011 को नामित किया गया। बोर्ड का मुख्यालय मुम्बई में तथा 9 क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बंगलुरु, तिरूवनंतपुरम, दिल्ली, कटक तथा गुवाहाटी में है।

3. प्रमाणन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीबीएफसी ऑन लाइन प्रमाणन प्रक्रिया में अग्रसर है। सीबीएफसी की गतिविधियों को प्रेस विज्ञप्ति तथा इसकी वेबसाइट http://cbfcindia.gov.in के द्वारा प्रचारित किया जाता है।

बाल फिल्म समिति, भारत

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के स्वायत्त निकाय के रूप में 1860 के समिति पंजीकरण अधिनियम XXI के अंतर्गत मई 1955 में बाल चलचित्र समिति, भारत की स्थापना की गई। बाल चलचित्र समिति, भारत का प्रारंभिक उद्देश्य हर बच्चे के अधिकार स्वरूप मूल्य आधारित मनोरंजन कार्यक्रम बनाना, बच्चों के चलचित्रों को बढ़ावा देना और इस अभियान को मज़बूती प्रदान करने का था, और इस तरह फिल्मों के माध्यम से भावी अच्छे नागरिक के रूप में बच्चों के विकास में योगदान का था।

उपर्युक्त उद्देश्यों को निम्नलिखित तीन हिस्सों में बांटा गया:

i फिल्मों का निर्माण (उत्पादन)

ii स्कूलों में फिल्मों का प्रदर्शन और

iii फिल्म महोत्सव

फिल्मों के निर्माण पर समितियों द्वारा नज़र रखी जाती है। इन समितियों में शामिल हैं-चलचित्र उद्योग की नामी हस्तियां और कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया द्वारा भी चलचित्रों के निर्माण पर नज़र रखी जाती है। यह प्रक्रिया चलचित्र प्रस्तावों को दाखिल करने की पहल करती है।

स्कूलों में चलचित्रों की प्रदर्शनी के संदर्भ में, लक्षित बच्चों तक पहुंच के लिए गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) और राज्य सरकार के अधिकारियों को शामिल किया गया है। वेबसाइट के ज़रिये बड़े पैमाने पर प्रचार और निरीक्षण किया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय सिनेमा को आकर्षित करने के लिए और सीएफएसआई द्वारा बनाई गई फिल्मों को एक मंच उपलब्ध कराने हेतु हर दूसरे वर्ष एक अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जाता है। यह प्रस्ताव रखा गया है कि हर दूसरे वर्ष राष्ट्रीय बाल फिल्म उत्सव आयोजित किया जाए ताकि बच्चों के लिए फिल्म बनाने वालों की संख्या बढ़ सके और यह दूसरा वर्ष वह साल होगा जिसमें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म उत्सव नहीं आयोजित होगा। विपणनीकरण (मार्केटिंग) और पहुंच के उद्देश्य के लिए सुदूर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में भाग लेने/प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु सीएफएसआई फिल्मों को भी भेजता है।

उपर्युक्त सभी गतिविधियां सीएफएसआई की वेबसाइट पर विस्तृत रूप से उपलब्ध है ताकि सही-सही अवलोकन सुनिश्चित किया जा सके और सार्वजनिक सूचना प्रणाली को बनाया जा सके।

फिल्म समारोह निदेशालय

फिल्म समारोह निदेशालय (डीएफएफ) का गठन, देश के भीतर अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय फिल्म समारोह आयोजित करने के लिये किया गया था। निदेशालय देश के बाहर आयोजित विभिन्न फिल्म समारोहों में भारत की फिल्मों की भागीदारी की व्यवस्था करता है। भारत में विदेशी फिल्मों तथा विदेशों में भारतीय फिल्मों के कार्यक्रम आयोजित करता है और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह भी आयोजित करता है।

निदेशालय सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा देते हुए अंतर्राष्ट्रीय सद्भाव को मजबूत बनाता है। विश्व सिनेमा के नये रुझानों से परिचित, फिल्म क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहन और भारतीय फिल्मों का स्तर बेहतर बनाने में योगदान देना उद्देश्य है।

डीएफएफ निम्नलिखित प्रमुख गतिविधियां संचालित करता है:

1 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

2 विदेशी फिल्म समारोहों में भागीदारी

3 भारतीय पैनोरमा के लिये फिल्मों का चयन

4 सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

5 भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह

डीएफएफ सीरीफोर्ट ऑडिटोरियम कॉम्प्लेक्स का संचालन और रखरखाव भी करता है

2- 12 वीं योजना स्कीम में "फिल्म क्षेत्र में ढांचागत विकास कार्यक्रम" और "विकास, फिल्मी तत्वों का संचार एवं प्रसार," डीएफएफ की गतिविधियों को दर्शाता है।

3- डीएफएफ द्वारा आयोजित इन प्रमुख गतिविधियों की सूचना का प्रसार, जनता के बीच निम्नलिखित माध्यमों से किया जाता है-

(क) पत्र सूचना कार्यालय की नियमित प्रेस विज्ञप्ति द्वारा

(ख) समाचारपत्रों में नियमित विज्ञापन

(ग) समारोह के दौरान बैनर और पोस्टर का प्रदर्शन

(घ) विभिन्न समारोहों के दौरान संबंधित प्रकाशन जारी किये जाते हैं

(ङ) भारत स्थित विदेशी दूतावासों और विदेशों में भारतीय दूतावास के माध्यम से

(च) वेबसाइट द्वारा, जैसे, http//www.dff.nic.in एवं http//www-iffi-nic-in आदि।

भारत का फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत प्रमुख संस्थान है, जो फिल्म निर्माण और टेलीविजन कार्यक्रम तैयार करने की कला और तकनीक का प्रशिक्षण देता है।

बाद के अध्याय में योजना, गैर-योजना आवंटन, संस्थान के कार्यकलाप, विभिन्न गतिविधियों के प्रस्तावित लक्ष्य, पिछले वर्ष में हासिल किये गये लक्ष्य, पिछले निष्पादन का आकलन, प्रस्तावित नीतिगत पहलों आदि की जानकारी दी गई है। व्यापक कवरेज और अत्याधिक पारदर्शिता के लिये पाठ्यक्रमों का प्रिंट मीडिया और वेबसाइट में विज्ञापन दिया जाता है। संस्थान की सभी गतिविधियों को फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान की वेबसाइट www.ftiindia.com पर प्रचारित किया जाता है।

फिल्म प्रभाग

फिल्म प्रभाग की स्थापना जनवरी 1948 में हुई थी। इसका मुख्यालय मुंबई में है। बंगलुरू, कोलकाता और नई दिल्ली में तीन निर्माण केंद्रों के अलावा देश भर में इसके 10 वितरण शाखा कार्यालय भी हैं। फिल्म प्रभाग कृषि से लेकर कला एवं संस्कृति तक, उद्योग से लेकर अंतर्राष्ट्रीय मामलों तक, स्वास्थ्य, आवास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आदि जैसे विषयों पर वृत्त चित्र बनाता है।

देश में वृत्त चित्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिए फिल्म प्रभाग द्विवार्षिक "मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह" (एमआईएफएफ) आयोजित करता है।

फिल्म प्रभाग की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी जनता को निम्नलिखित माध्यमों से दी जाती है :-

पत्र सूचना कार्यालय की नियमित प्रेस विज्ञप्तियों के जरिए

फिल्म प्रभाग की वेबसाइट www.filmsdivision.org के जरिए

भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार

भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार (एनएफएआई) अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्था है जिसकी जिम्मेदारी देश के चलचित्र (फिल्म) परम्परा (हैरिटेज) के संरक्षण की है। अपने लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में एनएफएआई ने विभिन्न योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं में पुरातत्वीय सामग्री का अधिग्रहण और इसके संरक्षण के लिए आधारभूत संरचना का निर्माण भी शामिल है. वर्ष 2014-15 के दौरान एनएफएआई ने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित दो योजना परियोजनाओं को लागू करने का प्रस्ताव रखा है:-

1. पुरातत्वीय चलचित्रों और चलचित्र सामग्री का संरक्षण

2. जयकर बंगले को शामिल करते हुए एनएफएआई की आधारभूत संरचना का उन्नयन और डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना।

एनएफएआई की योजना परियोजनाओं की प्रगति का अवलोकन मासिक/त्रैमासिक/अर्धवार्षिक भौतिक और आर्थिक प्रगति विवरणों द्वारा किया गया है जिन्हें नियमित रूप से मंत्रालय को भेजा गया। एनएफएआई द्वारा विभिन्न परियोजनाओं/कार्यक्रमों के अन्तर्गत की गई विभिन्न गतिविधियों की प्रगति पर सूचना एनएफएआई की वेबसाइट nfaipune.gov.in पर भी उपलब्ध है।

सत्यजित रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत दूसरा राष्ट्रीय स्तरीय संस्थान है, जो फिल्म और टेलीविजन कार्यक्रमों के निर्माण के क्षेत्र में कला और तकनीक का प्रशिक्षण देता है।

बाद के अध्याय में योजना, गैर-योजना आवंटन, संस्थान के कार्यकलाप, विभिन्न गतिविधियों के प्रस्तावित लक्ष्य, पिछले वर्ष में हासिल किये गये लक्ष्य, पिछले निष्पादन का आकलन, प्रस्तावित नीतिगत पहलों आदि की जानकारी दी गई है। व्यापक कवरेज और अत्याधिक पारदर्शिता के लिये पाठ्यक्रमों का प्रिंट मीडिया और वेबसाइट में विज्ञापन दिया जाता है। संस्थान की सभी गतिविधियों को सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान की वेबसाइट- srftii.ac.in पर प्रचारित किया जाता है।

मुख्य सचिवालय-फिल्म विंग स्कीम

(क) एंटी पाइरेसी पहल (नई स्कीम)

उपभोक्ताओं को पाइरेसी के कारण अर्थव्यवस्था को पहुंचने वाले नुकसानों से अवगत कराने की आवश्यकता है, क्योंकि वे ही तरह-तरह की पाइरेसी से प्रभावित होते हैं। इसलिये 12वीं योजना के दौरान एक प्रभावशाली और मल्टी मीडिया प्रचार सहित व्यापक प्रचार अभियान शुरू किये जाने का प्रस्ताव किया गया है, जिसमें फिल्म और संगीत जगत के सभी हितधारकों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था पर पाइरेसी के प्रभाव का सटीक अनुमान लगाने के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अनुसंधान एवं विकास कार्य प्रारम्भ करने की भी जरूरत है।

एंटी पाइरेसी के लिये आयोजना योजना का लक्ष्य निम्नलिखित गतिविधियों में सहायता पहुंचाना है :-

क. पाइरेसी पर मल्टी मीडिया प्रचार अभियानों के प्रसार में

ख. पुलिस, न्यायपालिका और प्रशासनिक अधिकारियों को कॉपीराइट कानून की जानकारी देने के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के आयोजन में

ग. पाइरेसी से निपटने के लिये उसके प्रभावों पर शोध कराने में, ताकि विकास के साथ-साथ सार्वजनिक-निजी रणनीतियां भी लागू हो सकें।

(ख) फिल्म सामग्री का विकास, संचार एवं प्रसार

भारतीय फिल्मों के निर्माण, संवर्धन और संरक्षण के प्रोत्साहन को ध्यान में रखते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा अन्य प्रचार इकाईयों ने 12वीं योजना के अंतर्गत ''फिल्म संबंधी विषयों के विकास, प्रचार और प्रसार'' विषय पर एक विस्तृत योजना को लागू किया है। इस योजना के प्रमुख घटक हैं :

क) भारत तथा विदेशों में फिल्म समारोहों और फिल्म वितरण के जरिए भारतीय सिनेमा को प्रोत्साहन।

ख) विभिन्न भारतीय भाषाओं में फिल्म तथा वृत्तचित्रों का निर्माण।

ग) भारतीय सिनेमा का शताब्दी समारोह का आयोजन (आयोजन हो चुका है)।

घ) फिल्म प्रभाग के फिल्मों के संग्रहों की वेबकास्टिंग

च) पुरानी फिल्मों तथा फिल्म सामग्रियों का अधिग्रहण।

यह योजनाएं निम्न मीडिया इकाइयों द्वारा लागू की गई।

1) फिल्म समारोह निदेशालय।

2) भारतीय बाल फिल्म समिति।

3) फिल्म प्रभाग।

4) राष्ट्रीय फिल्म आर्काइव्स ऑफ इंडिया (एनएफएआई)।

5) राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम।

इन प्रमुख आयोजनों की सूचना निम्न प्रकार से जनसाधारण के बीच प्रसारित की जाती है।

अ) पत्र सूचना कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्तियों द्वारा,

आ) विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय द्वारा जारी विज्ञापनों द्वारा,

इ) आयोजनों के दौरान बैनर एवं पोस्टरों के प्रदर्शन द्वारा,

ई) आयोजनों के दौरान जारी समारोह सामग्री द्वारा,

उ) विभिन्न वेबसाईट जैसाकि : htt://www.dft.nic.in, http://www.iffi.nic.in, http://www.filmdivision.org, http://ctsindia.org. द्वारा सूचनाएं प्राप्त की जा सकती है।

(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन

वर्ष 1930 से 1931 के दौरान भारत में मोशन पिक्चर के प्रारम्भ होने के साथ, लगभग 1300 मूक फिल्मों का निर्माण हुआ तथा वर्ष 2010 तक 40000 से अधिक फिल्मों का निर्माण हो चुका है। साथ ही, वर्तमान में, भारत में प्रतिवर्ष 900 लघु फिल्मों तथा डाक्यूमेन्ट्री फिल्मों का निर्माण किया जाता है। सरकार फिल्म विरासत को डिजीटलाइजेशन एवं अनुरक्षण के जरिए संरक्षित करती है।

योजना का लक्ष्य ''प्रिजर्वेशन विदाउट एरर्स, एक्सेज विदाउट एंड'' है। इस प्रकार 12वीं योजना के दौरान एक राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन (एन एफ एच एम) की स्थापना का प्रस्ताव है।

(1) बिल्कुल ख़राब हुए फिल्म निगेटिव के जीर्णाद्वार के लिए फिल्म जमा करने का कार्य किया जा रहा है,

(2) 1,32,000 फिल्मों का संरक्षण,

(3) 2के/4के का निगेटिव और ध्वनि का संरक्षण कर 1050 फीचर फिल्मों और 1200 लघु फिल्मों का डिजिटलीकरण,

(4) अभिलेखीय उद्देश्य के लिए फीचर फिल्म और लघु फिल्मों का संरक्षण करना ताकि धूल, उमस से बचाया जा सके,

(5) पुनरुद्धार की गई फिल्मों का एफीटीआईआई में संरक्षण,

(6) पुनरुद्धार और संरक्षण के क्षेत्र में प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन

इस योजना का कुल प्रस्तावित आउटले 597.41 करोड़ रुपए है। एन एफ एच एम की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है तथा योजना आयोग द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है। योजना का ई एफ सी मेमो व्यय विभाग तथा योजना आयोग को परिचालित किया जा चुका है।

(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना

वैश्विक मनोरंजन के क्षेत्र में ऐनिमेशन और गेमिंग वृद्धि और विकास के सफल क्षेत्रों में से एक बनकर उभरे हैं। इस उद्योग में यह बात स्वीकार की जाती है कि इसमें वृद्धि की अपार सम्भावनाएं मौजूद हैं, ऐसे में भविष्य में इसकी वृद्धि इसे उपलब्ध होने वाले लोगों की उपयुक्त तादाद पर निर्भर करती है। एनिमेशन और गेमिंग के लिये प्रशिक्षित लोगों की मांग वर्तमान में उपलब्ध होने वाले लोगों की तादाद से कहीं ज्यादा है और प्रतिभाशाली लोगों की अनुपलब्धता भारतीय कम्पनियों की सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे में विषेशकर अन्य एशियाई बाजारों की प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर इस क्षेत्र पर प्राथमिकता से ध्यान दिये जाने की जरूरत है।

इस लिये सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत ऐनिमेशन, गेमिंग और विजुअल इफेक्ट्स के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव है। इसके लिये एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है और योजना आयोग ने इस योजना के लिये 12वीं योजना में परिव्यय प्रदान किया है। पंजाब सरकार ने इस केंद्र के लिये मोहाली में 12 एकड़ जमीन निशुल्क आवंटित की गई है।

ऐनीमेशन और गेमिंग के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिये आगामी योजनावधि में कुल प्रस्तावित परिव्यय 57 करोड़ रखने का प्रावधान किया गया है। इस परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के आधार पर संचालित किये जाने का प्रस्ताव है।

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग केंद्र (ईएमएमसी)

इलेक्ट्रानिक मीडिया मानीटरिंग सेंटर (ईएमएमसी) की स्थापना टीवी चैनलों को 24 घंटे, सातों दिन रिकार्ड और मानीटर करने के उद्देश्य से की गई है। 12वीं योजना के अंत तक ईएमएमसी की मानीटरिंग क्षमता का विस्तार चरणबद्ध तरीके से वर्तमान 300 चैनलों से बढ़ा कर 1500 चैनलों की निगरानी करने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस सुविधा की मौजूदा क्षमता को 300 टीवी चैनलों से बढ़ा कर 600 टीवी चैनलों तक करने का कार्य चल रहा है। पूरी तरह से सक्रिय ईएमएमसी एक माडल मानीटरिंग केंद्र होगा जो सूचना और प्रसारण मंत्रालय को प्रमुख टीवी चैनलों, निजी एफएम चैनलों और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की निगरानी करने में सक्षम करेगा।

प्रसार भारती

प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) देश की एक सार्वजनिक प्रसारक सेवा है। उसके दो संघटक हैं- आकाशवाणी और दूरदर्शन। 23 नवंबर 1997 से प्रसार भारती अस्तित्व में आया। इस सेवा का उद्देश्य सार्वजनिक प्रसारण सेवा के रूप में सर्वसाधारण को जानकारी देना, उन्हें शिक्षित करना और उनका मनोरंजन करना एवं देश में प्रसारण के संतुलित विकास को सुनिश्चित करना है।

संगठनात्मक ढांचा

निगम के मामलों का सामान्य निरीक्षण, निर्देशन और प्रबंधन प्रसार भारतीय बोर्ड करता है। बोर्ड समय-समय पर बैठकें करता है और महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों पर विचार विमर्श करता है व नीतियों के कार्यान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देश देता है। कार्यकारी सदस्य निगम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ)के रूप में कार्य करते हैं और बोर्ड का नियंत्रण और निरीक्षण करते हैं। सीईओ बोर्ड में इस तरह अपने अधिकारों का प्रयोग करेगा और अपने सभी कार्य इस प्रकार करेगा जिस प्रकार अधिनियम के तहत निगम द्वारा किए जाते हैं।

महानिदेशक आकाशवाणी और दूरदर्शन के प्रमुख के तौर पर कार्य करते हैं। बोर्ड के नीति निर्देश और आकाशवाणी एवं दूरदर्शन की दैनंदिन मामलों के प्रबंधन के लिए वे सदस्य(वित्त), सदस्य (कार्मिक) और सीईओ के निकट सहयोग से कार्य करते हैं। आकाशवाणी और दूरदर्शन में, विभिन्न गतिविधियों, जैसे प्रोग्राम, इंजीनियरिंग, प्रशासन, वित्त और समाचार के लिए व्यापक स्तर पर चार भिन्न खंड हैं।

सरकार ने 12 वीं पंचवर्षीय योजना के लिए 5583 करोड़ रुपये के कुल बजट की स्वीकृति दी है जिसमें से 2633.00 करोड़ रुपये का आबंटन जारी योजनाओं के लिए और 2950 करोड़ रुपये नई योजनाओं और विशेष परियोजनाओं के लिये है। इसे बढ़ाकर 3826 करोड़ रुपये कर दिया गया है और इसमें से 3500 करोड़ रुपये प्रसार व इन्फ्रास्ट्रक्चर और पूंजीगत संपत्तियों का नेटवर्क विकास योजना के लिये, 186 करोड़ रुपये विषयवस्तु विकास एवं प्रसार और 140 करोड़ रुपये विशेष परिस्थितियों के लिये निर्धारित किए गये।

सरकार ने वर्ष 2014-15 की वार्षिक योजना के लिए प्रसार भारती को 605.03 करोड़ रुपये आंबटित किये हैं जिसमें 120 करोड़ रुपये अनुदान सहायता (विशेष परियोजना-किसान चैनल के लिए) और 485.03 करोड़ रुपये पूंजीगत संपत्ति तैयार करने के लिये है।

आकाशवाणी

आकाशवाणी (एआईआर)प्रसार भारती अधिनियम, 1990 में दिए गए प्रावधान के तहत कार्य करता है। आकाशवाणी विभिन्न स्टेशनों पर अपने कार्यक्रम प्रसारणों के माध्यम से सर्वसाधारण को जानकारी देता है, उन्हें शिक्षित करता है और उनका मनोरंजन करता है। ध्वनि प्रसारण के माध्यम से यह देश के सभी लोगों को सरकारी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी देता है। इसके कार्यक्रम संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों, महत्वपूर्ण समाचार और प्रासंगिक रुचि की समसामयिक घटनाओं पर आधारित होते हैं। यह राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करने के लिए अपने प्रसारण के माध्यम से विभिन्न विचारों को प्रस्तुत करता है जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यक्रम संतुलित और निष्पक्ष हैं(अध्याय-1)।

वार्षिक योजना 2014-15 के लिए आकाशवाणी का प्रत्यक्ष बजटीय सहयोग 227.01 करोड़ रुपये है जिसमें 217.01 करोड़ रुपये पूंजी घटक के अंतर्गत एफएम सेवा के विस्तार, उत्तर पूर्व के विशेष पैकेज के तहत एफएम सेवा के विस्तार, आकाशवाणी नेटवर्क के डिजिटलीकरण के लिए हैं और 10.00 करोड़ रुपये सीमांत क्षेत्रों में आकाशवाणी/दूरदर्शन के दायरे को मजबूत करने और राजस्व फुटकर व राजस्व सॉफ्टवेयर के लिए सुनिश्चित हैं। पूंजी योजना स्कीमें सरकार द्वारा प्रदत्त ऋण द्वारा वित्त पोषित होती हैं जबकि राजस्व योजना के तहत स्कीमें अनुदान के रूप में प्रदान की जाती हैं।

सार्वजनिक प्रसारक के रूप में संगठन के अधिक विकास से संबंधित नीतिगत फैसलों के आधार पर आकाशवाणी द्वारा विभिन्न पहल की गई हैं। इन्हें आम जनता की जरूरतों और विशेष लक्षित समूहों, जैसे अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के कल्याण, महिला सशक्तीकरण और उत्तर पूर्व क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखकर लागू किया जाता है।

वार्षिक योजना 2012-13 और 2013-14 के दौरान भौतिक एवं वित्तीय प्रदर्शन का योजनागत विवरण अध्याय IV में दिया गया है। वार्षिक योजना 2012-13 का स्वीकृत परिव्यय 299.00 करोड़ रुपए था और खर्चा 165.89 करोड़ रुपये था। इसी प्रकार वार्षिक योजना 2013-14 का कुल परिव्यय 318.50 करोड़ रुपये है जिसमें से 272.44 करोड़ रुपये व्यय किये गये।

निगरानी प्रणाली

विभिन्न स्तरों पर समीक्षा और प्रसार भारती को जारी अनुदान के समय ही मासिक व्यय विवरण के माध्यम से आकाशवाणी की सभी योजना स्कीमों के प्रदर्शन का नियमित निरीक्षण किया जाता है। मंत्रालय द्वारा रखी गई अन्य शर्तों को पूरा करने के आधार पर अनुदान को जारी किया जाता है। इसके अतिरिक्त, योजना आयोग द्वारा प्रस्तुत फॉरमेट में अर्द्धवार्षिक प्रदर्शन रिपोर्ट (एचवाईपीआर)को तैयार किया जाता है जो समग्र रूप से सभी योजनाओं के विकास की समीक्षा करती है।

सदस्य (वित्त) योजनाओं की प्रगति का नियमित निरीक्षण करते हैं और जहां कहीं आवश्यकता होती है उसके सुधार के उपाय करते हैं। योजनाओं के लिये एक नोडल अधिकारी को भी नामित किया गया है। परियोजना के लिये की जाने वाली खरीद और अन्य प्रमुख गतिविधियों के समय सीमा तय की गई है और उसकी प्रगति की समीक्षा भी की जाती है। खरीद की प्रक्रिया को बेहतर बनाने और पारदर्शी बनाने के लिए ई-निविदा प्रणाली को भी अपनाया गया है।

दूरदर्शन

भारत में दूरदर्शन की शुरुआत, दिल्ली में एक प्रायोगिक प्रसारण के माध्यम से सितंबर 1958 में की गई जिसे बाद में 1965 में एक स्थायी सेवा के तौर पर जारी किया गया। 1976 तक दूरदर्शन आकाशवाणी का ही हिस्सा रहा, तत्पश्चात इसे अलग किया गया और महानिदेशक की अध्यक्षता में इसे अलग विभाग बना दिया गया। रंगीन टीवी और राष्ट्रीय प्रसारण की शुरुआत 1982 में की गई। तब से दूरदर्शन विश्व के प्रमुख सार्वजनिक प्रसारक के रूप में निरंतर प्रगति कर रहा है। निशुल्क डीटीएच सेवा के साथ, दूरदर्शन 35 चैनलों का संचालन करता है। दूरदर्शन का 67 स्टूडियो का क्षेत्रीय नेटवर्क है। देश के भू-भागीय रूप को देखते हुए दूरदर्शन ने देशभर में 1416 ट्रांसमीटर लगाए हैं। इसके अलावा 32 चैनल इस प्रकार हैं :

दूरदर्शन सैटेलाइट चैनल

दूरदर्शन के 32 सेटेलाइट चैनल कार्य कर रहे हैं। ब्यौरा इस प्रकार है:-

क्र.सं	प्रकृति और चैनल का नंबर			चैनल के नाम और उसका क्षेत्र		
1.	अखिल भारतीय चैनल	5	डीडी नेशनल डीडी न्यूज	डीडी उर्दू	डीडी भारती	डीडी स्पोर्ट्स
2.	क्षेत्रीय चैनल	15	डीडी पोगाली डीडी मलयालम डीडी बिहार डीडी गुजरात	डीडी पूर्वोत्तर डीडी चंदना डीडी सह्याद्रि डीडी यूपी	डीडी ओडिया डीडी राजस्थान डीडी कशीर डीडी एमपी	डीडी बांग्ला डीडी पंजाबी डीडी तेलुगु
3.	राज्य नेटवर्क	11	उत्तराखंड हिमाचल प्रदेश हरियाणा छत्तीसगढ़	अरूणाचल प्रदेश नगालैंड चंडीगढ़ उत्तर प्रदेश	मिज़ोरम मेघालय मणिपुर हरियाणा	झारखंड त्रिपुरा
4.	अंतर्राष्ट्रीय चैनल	1	डीडी इंडिया			

दूरदर्शन नेटवर्क

कार्यक्रम निर्माण केंद्र

देश भर में कार्यक्रम निर्माण के लिए 67 स्टूडियो केंद्र हैं इनमें राज्यों की राजधानियों में 17 बड़े स्टूडियो केंद्र, दिल्ली में एक केंद्रीय निर्माण केंद्र, गुवाहाटी में एक क्षेत्रीय निर्माण केंद्र और देश के विभिन्न भागों में 49 अन्य स्टूडियो केंद्र शामिल है।

भूभागीय ट्रांसमीटर

भूभागीय कवरेज के लिए, इस समय अलग-अलग क्षमता के 1416 ट्रांसमीटर हैं। डीडी1 के अंतर्गत 1242 ट्रांसमीटर हैं भूभागीय मोड में डीडी1 चैनल की कवरेज देश के करीब 92 प्रतिशत जनसंख्या को उपलब्ध है। डीडी न्यूज चैनल में 49 प्रतिशत जनसंख्या को उपलब्ध है। क्षेत्रवार, डीडी1 चैनल 81 प्रतिशत और डीडी न्यूज चैनल 26 प्रतिशत भू-भाग को कवर करता है। इन ट्रांसमीटरों का ब्यौरा इस प्रकार है:

सेवा	एचपीटी	एलपीटी	वीएलपीटी	ट्रांसपोसर	कुल
डीडी 1 ट्रांसमीटर	138	733	355	18	1244
डीडी समाचार ट्रांसमीटर	73	78	17	-	168
अन्य ट्रांसमीटर (डिजिटल)	4	-	-	-	4
कुल	**215**	**811**	**372**	**18**	**1416**

नि:शुल्क डीटीएच (डीडी फ्री डिश)

दूरदर्शन ने दिसम्बर 2004 में 33 टीवी चैनलों के गुच्छे के साथ अपनी नि:शुल्क "डीडी डायरेक्ट प्लस" सेवा शुरू की। इस सेवा का प्रमुख उद्देश्य अब तक भू-भागीय प्रसारण से अछूते क्षेत्रों को टेलीविजन कवरेज उपलब्ध कराना था। इसके बाद डीटीएच प्लेटफार्म की क्षमता बढ़ाकर इसमें 59 टेलीविजन चैनल शामिल कर लिए गए। अंडमान और निकोवार द्वीप समूह को छोड़कर डीटीएच सिग्नल देश के सभी हिस्सों में छोटे आकार की डिश के जरिए उपलब्ध हैं। अंडमान और निकाबार द्वीप समूह में सितम्बर 2009 में सी-बैंड के साथ 10 चैनलों वाली डीटीएच सेवा शुरू की गई। ये चैनल नि:शुल्क उपलब्ध है और दर्शकों को इनके लिए कोई भुगतान नहीं करना पड़ता।

दूरदर्शन को 2014-15 की वार्षिक योजना के लिए प्रत्यक्ष बजट सहायता 278.02 करोड़ रुपये दी गई है। पूंजीगत संपत्ति निर्माण के लिये आंबटन 268.02 करोड़ रुपये है जिसमें विशेष परियोजनाओं के लिए 0.02 करोड़ रुपये की आंबटन शामिल है। विशेष परिस्थितियों के लिए आंबटन प्राथमिक तौर पर प्रसारण इन्फ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क विकास योजना के लिये है। इस योजना के तहत मुख्य तौर पर दूरदर्शन नेटवर्क का डिजीटलीकरण डी टी एवं विस्तार, एचडी टीवी का विस्तार, दूरदर्शन स्टूडियो का आधुनिकीकरण, ट्रांसमीटर और उपग्रह प्रसारण उपकरण तथा भारत नेपाल सीमा पार टी वी कवरेज का विस्तार किया जाना है। 10 करोड़ रुपये का बाकी परिव्यय विषयवस्तु विकास और प्रसार के लिये है। (अध्याय-II)। 2012-13 और 2013-14 की वार्षिक योजना की योजनागत स्कीम का योजनावार वास्तविक और वित्तीय प्रदर्शन विस्तार से अध्याय IV में दिया गया है। 2012-13 (बजट अनुमान) की वार्षिक योजना के लिए 286.00 करोड़ रुपये आबंटन किया गया और 269.19 करोड़ रुपये का व्यय हुआ। इसी तरह 2013-14 की वार्षिक योजना में आईईबीआर के लिये 125.00 करोड़ सहित 395.50 करोड़ रुपये के आबंटन में से 360.84 करोड़ रुपये खर्च किये गये।

निगरानी की व्यवस्था

दूरदर्शन की स्कीमों का नियोजन, निर्माण और लागू करने की प्रणाली दूरदर्शन महानिदेशालय में तय की जाती है। विभिन्न केंद्रों/कार्यालयों से जुड़ी स्कीमों का कार्यान्वयन उस क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा किया जाता है। ऐसे चार क्षेत्रीय कार्यालय हैं- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई। असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम में रख-रखाव गतिविधियों की देखरेख के लिए गुवाहाटी में पूर्वोत्तर भारत के लिए विशेष क्षेत्र बनाया गया है। विभिन्न परियोजनाओं का सिविल कार्य आकाशवाणी और दूरदर्शन के सिविल कंस्ट्रक्शन विंग (सीसीडब्ल्यू) द्वारा किया जाता है। विभिन्न परियोजनाओं के प्रमुख कार्यों की निदेशालय में निगरानी की जाती है। क्षेत्रीय चीफ इंजीनियर और सीसीडब्ल्यू के चीफ इंजीनियर विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत अपने-अपने क्षेत्रों की निगरानी करते हैं।

दूरदर्शन की सभी प्रमुख स्कीमों के लिए लक्ष्य तय किए गए हैं जिनकी क्षेत्रीय कार्यालयों और निदेशालय में लगातार निगरानी होती है ताकि ये परियोजनाएं समय पर पूरी हो जाएं और पूर्व निर्धारित लागत से ज्यादा रकम खर्च न हो। क्षेत्रीय चीफ इंजीनियर सिविल कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए समय-समय पर सीसीडब्ल्यू अधिकारियों के साथ बैठकें करते रहते हैं। मुख्यालय में इंजीनियर इन चीफ के स्तर पर और क्षेत्रीय अधिकारियों और सीसीडब्ल्यू अधिकारियों के स्तर पर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठकें नियमित रूप से की जाती है। महानिदेशक दूरदर्शन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रसार भारती के स्तर पर भी निश्चित समय अंतरालों में समीक्षा बैठकें आयोजित की जाती हैं। दूरदर्शन की स्कीमों के कार्यान्वयन का जायजा लेने के लिए मंत्रालय ने समय-समय पर बैठकें आयोजित करता है।

मुख्य सचिवालय की प्रसारण विंग स्कीमें

(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहयोग

संचार, विकास और लोकतंत्र की सफलता का केंद्र है। सामुदायिक रेडियो (सीआर) यह एक महत्वपूर्ण संचार माध्यम है, विशेषकर ऐसे समुदायों में जहां ज्यादातर लोग लिख-पढ़ नहीं सकते। यह बेजुबानों को आवाज देने का एक अनोखा और अदृश्य माध्यम भी है।

मंत्रालय ने सामाजिक बदलाव लाने और सामुदायिक सशक्तिकरण के लिये सीआर की छुपी हुई सम्भावनाओं को ढूंढ निकाला है। सीआर स्टेशन कम शक्ति वाले रेडियो स्टेशन हैं, जो स्थानीय समुदायों द्वारा स्थापित और संचालित किये जाते हैं। सीआर स्टेशन स्थानीय समुदाय के बीच स्थित होता है, जिससे उसे स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा आदि के विकास के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने का लाभ मिलता है।

पिछले चार वर्षों में सीआर स्टेशनों के बारे में मंत्रालय के दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव आया है। उसकी भूमिका अब लाइसेंस देने वाले/नियामक से बढ़कर, सहायक की बन गई है। इस महत्वपूर्ण बदलाव की बदौलत सीआर की वृद्धि को प्रोत्साहन मिला है और इस समय भारत के विभिन्न हिस्सों में 170 सीआर स्टेशन संचालित किये जा रहे हैं। इसके अलावा 300 स्टेशन शुरू होने की प्रक्रिया में है और इसके साथ ही मौन क्रांति का सूत्रपात हो चुका है।

आवेदन की पद्धति को सरल बनाने, आवेदनों पर निपटने में पारदर्शिता में सुधार लाने, मंजूरी देने की प्रक्रिया में तेजी लाने, जागरूकता बढ़ाने, सीआरएस की वित्तीय सहायता के लिये आयोजना योजना शुरू करने, हितधारकों के बीच सहक्रियता बढ़ाने और सीआर प्रसारण में सरकार के मंत्रालयों को शामिल करने जैसे कदमों ने भारत मे सीआर की सार्थक वृद्धि की सशक्त बुनियाद रखी है।

(ख) प्रसारण शाखा का स्वचालितीकरण

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को वर्ष 2011 में अनुमोदित दिशा निर्देशों के अनुसार भारत में टेलीविजन चैनलों को अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग की अनुमति जारी करने का अधिकार है तथा इसके साथ ही मंत्रालय को मल्टी सिस्टम आपरेटर की अनुमति, डीटीएच लाईसेंस, एचआईटीएस लाईसेंस और सीआरएस, तथा आईपीटीवी सेवा की मंजूरी देने का भी अधिकार है। मंत्रालय ने इन सेवाओं के प्रदाताओं को विभिन्न मंजूरियां देने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली शुरू की है। भारत की जमीन से पहली बार निजी टेलीवजन चैनल को अपलिंकिंग की मंजूरी वर्ष 2000 में दी गयी थी। इससे पहले अपलिकिंग विदेशी जमीन से होती थी। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के विकास के साथ ही भारतीय जमीन से टीवी चैनलों की अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग की अनुमति देने की मांग जोर पकड़ने लगी। जिससे वर्ष 2002 में अपलिंकिंग और 2005 में डाउनलिंकिंग की नीति-निर्देश घोषित कर दिए गए। इन दिशा-निर्देशों को 2011 में एक बार फिर संशोधित किया गया। मंत्रालय ने निजी टीवी चैनलों को इन दिशा निर्देशों के तहत अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग की अनुमति प्रदान कर दी। बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान प्रसारण शाखा के विभिन्न भागों को स्वाचालित करने का प्रस्ताव किया गया। इनमें टीवी विभाग, बीपी एंड एल विभाग और सीआरएस विभाग और प्रसारण सेवा की अनुमति देने वाले कई विभाग शामिल थे। इस परियोजना में समग्र ऑनलाइन पोर्टल का विकास, परीक्षण और उसका स्थापन शामिल है। योजना राजस्व के अंतर्गत इस नयी योजना का नाम प्रसारण शाखा का स्वचालितीकरण रखा गया। इस योजना का कार्यान्वयन एनआईसी को टर्न की के आधार पर करना होगा। इसमें प्रणाली, श्रम और अगले पांच वर्ष की अवधि तक कार्यान्वयन रखरखाव भी शामिल है।

इस योजना का उददेश्य कम्प्यूटर आधारित प्रणाली तैयार करना है जिससे पंजीकरण और अनुमति मांगने वाले आवेदकों को मंजूरी देने की प्रक्रिया में तेजी लायी जा सके। आवेदन का साफटवेयर अन्य संबद्ध मंत्रालयों को भी उपलब्ध होगा।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को वर्ष 2011 में अनुमोदित दिशा निर्देशों के अनुसार भारत में टेलीविजन चैनलों को अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग की अनुमति जारी करने का अधिकार है। विभिन्न अनुमतियां मांगने वाले आवेदकों के लिए मंत्रालय ने सिंगल विंडो प्रणाली उपलब्ध कराई है। सामान्यतया आवेदकों को मंजूरी लेने में बहुत सारे कागजातों का प्रबंध करना होता है और कई अधिकारियों के पास जाना होता है। इससे जरूरी अनुमति और लाईसेंस जारी करने में अनावश्यक देरी होती है और योजनाबद्ध तरीके से काम करना मुश्किल हो जाता है। यह कई बार प्रणाली की नाकामी के रूप सें देखा जाता है।

आवेदनों की पूरी प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन लाइन पोर्टल का प्रस्ताव का किया है। इससे विभाग के अधिकारी और संबद्ध पक्ष आवेदन की स्थिति देख सकते है और पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर सकते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम से कम होता है।

(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन

चार चरणों में केबल टीवी नेटवर्क का डिजटलाईजेशन एक महत्वाकांक्षी योजना है। मंत्रीमंडल ने इसे मंत्रालय द्वारा अनुमोदित किया है। चार चरणों में टीवी नेटवर्क का पूर्णत: डिजटलाईजेशन होगा जिसमें 31 दिसम्बर 2014 को एनालॉग टीवी सेवा को पूर्णत: बंद करने की योजना है। प्रथम दो चरण में केबल टीवी डिजिटलाइजेशन पूर्णत: सफल रहा। प्रथम चरण अक्टूबर 2012 में पूरा हुआ। इसमें चार महानगर दिल्ली, मुंबई और कोलकाता को पूर्ण डिजटलाईजेशन किया गया। चेन्नई में कोर्ट केस के कारण यह कार्य पूर्ण नहीं हो सकता। दूसरे चरण में 31 मार्च 2013 को 38 शहरों (लगभग 10 लाख की जनसंख्या) 14 राज्यों केन्द्रशासित प्रदेशों में कार्य हुआ। दूसरे चरण में 36 शहरों में लगभग कार्य पूरा और दो शहर में कार्य प्रगति पर है। दूसरे चरण में लगभग तीन करोड़ सेट टॉप बॉक्स लगाए गए।

लक्ष्य की प्राप्ति व जनता की जागरूकता के लिए मंत्रालय ने इलेक्ट्रिक और प्रिंट मिडिया द्वारा प्रचार किया। विडियो विज्ञापन और रेडियो जिंगल द्वारा मंत्रालय ने टेलिविजन और रेडियो द्वारा भी प्रचार किया। एसएमएस द्वारा मोबाइल फोन में प्रचार किया गया। साथ में फिल्म स्लाइट और बस में भी होडिंग द्वारा प्रचार कार्य हुआ। 'ब्लैक आउट विज्ञापन' को सभी प्रमुख टीवी चैनल पर देकर डिजिटलाईजेशन की अंतिम तारीख दिखा जनता को अधिकाधिक जागरूक बनाया गया। 200 से अधिक चैनलों ने 'ब्लैक आउॅट विज्ञापन' का सिक्रोनाइज फैशन शॉर्ट दिखाकर रिकार्ड बनाया।

मंत्रालय ने बड़ी सावधानी से एसटीबी, विभिन्न एमएसओ और डीएचटी की निगरानी की। विशेष टास्क फोर्स ने इस पूरी प्रक्रिया में विभिन्न स्टेक होल्डर के साथ सहयोग दिया। मंत्रालय ने विशेष डिजिटाइजेशन भी आरंभ किया। राष्ट्रीय स्तर के एमएसओ, स्वतंत्र एमएसओ और क्षेत्रीय केवल ऑपरेटर का उप समूह मंत्रालय को फीडबैक देता था। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारी और तकनीकी टीम 'बेसील' ने विभिन्न स्थानों का कार्य देखकर लगातार फीडबैक दिया। इससे जमीनी हकीकत समझने में मंत्रालय को आसानी हुई। एक टोल फ्री नंबर भी आरंभ किया गया जिसमें एक कंट्रोल रूम के साथ 5 टेलिफोन लाइन है। यह लोगों को जानकारी और प्रश्नों के उत्तर देते हैं।

पहले दो चरण में सकारात्मक परिव्यय और स्टेक होल्डर का प्रदर्शन अच्छा था। प्राथमिक डाटा में राज्य सरकार का दो से तीन हिस्सा मनोरंजन टैक्स का बढ़ा। समाचार प्रसारण में 30 प्रतिशत भुगतान घटा। एमएसओ ने बताया कि 35 प्रतिशत प्रसारण सब्क्रिपशन बढ़ा है।

तीसरे चरण में अन्य शहरी क्षेत्र और बाकी बचे भारत में चौथे चरण का कार्य पूरा होगा। तीसरे और चौथे चरण का कार्य (III और IV) 30 सितम्बर 2014 और 31 दिसम्बर 2014 तक है। तीसरे और चौथे चरण का ब्लूप्रिंट तैयार है। पूर्ण डिजिटलाइजेशन द्वारा केबल टीवी देखना सुगम हो जायेगा।

अध्याय-1

अधिदेश, लक्ष्य, उद्देश्य, नीतिगत ढांचा तथा नीति वक्तव्य

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

अधिदेश, लक्ष्य, उद्देश्य, नीतिगत ढांचा तथा नीति वक्तव्य

अधिदेश: विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) भारत सरकार की प्रमुख मल्टी मीडिया विज्ञापन एजेंसी है। यह विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों को विभिन्न प्रचार माध्यमों के जरीये जनता तक पहुंचाने का काम करती है। डीएवीपी अनेक स्वायत्त संस्थानों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के प्रचार आवश्यकताओं को भी पूरा करती है। समाज से जुड़े संदेशों को आम आदमी तक पहुंचाने के लिये यह निम्नलिखित माध्यमों का सहारा लेती है।

क. समाचार पत्रों में विज्ञापन

ख. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया श्रव्य-दृश्य स्पॉट, जिंगल्स आदि

ग. उभरता नया मीडिया अर्थात् डिजिटल सिनेमा, मोबाइल, टेलीफोनी इंटरनेट , सोशल नेटवर्किंग साइट

घ. मुद्रित प्रचार साहित्य, पुस्तिकाएं, ब्रॉशर, पोस्टर आदि

ड. बाह्य प्रचार माध्यमों होर्डिंग्स, मेट्रो रेल पैनल, बस पैनल, कियोस्क, सार्वजनिक सुविधाएं इत्यादि

च. ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के भीड़भाड़ वाले इलाकों में चुने हुए विषयों पर फोटो प्रदर्शनी। इनमें मेले भी शामिल हैं।

नीतिगत ढांचा: कुल मिला कर डीएवीपी कई वर्षों से सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और विकास के क्षेत्र में उत्प्रेरक की भूमिका निभा रहा है। यह जनता के बीच जागरूकता निभाने, विकासात्मक गतिविधियों में जनता की भागीदारी प्राप्त करने और गरीबी तथा अन्य सामाजिक बुराइयों को खत्म करने में अहम भूमिका निभा रहा है। मुद्रित माध्यम प्रचार तथा श्रव्य-दृश्य प्रचार, बाह्य प्रचार और नया मीडिया प्रचार जैसे डिजीटल सिनेमा, ईंटरनेट सोशल मीडिया और एस.एम.एस. को भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा समय समय पर जारी क्रमशः विज्ञापन नीति और दृश्य श्रव्य प्रचार नीति के तहत किया जाता है।

लक्ष्य: www.davp.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध चार्टर अपने ग्राहकों, नागरिकों आदि को मात्रात्मक तरीके से सेवाएं देने का एक प्रयास है। डीएवीपी वर्तमान में अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच बार-बार गुणवत्ता बोध के साथ ग्राहक समर्पित संगठन बनने के लिये तैयार कर रहा है। इसके लिये सूचना प्रौद्योगिकी, सेवाओं का व्यवसायीकरण तथा कार्य प्रक्रियाओं और ढांचे का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। आगे, मीडिया आउटलेट के लिये विभागों/मंत्रालयों की आवश्यकताओं के लिये मात्र डाकघर होने के स्थान पर डीएवीपी ऐसी सामग्री/विषयवस्तु को तैयार करने का लक्ष्य बना रहा है जो कि सरकारी सूचना और सरकारी माध्यमों के लिये एकीकृत भूमिका निभा सके।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

मंत्रालय की मीडिया ईकाइयों में से एक है क्षेत्र प्रचार निदेशालय जो सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों और नीतियों के प्रचार कार्य में जुटा हुआ है। वह यह प्रचार कार्य 22 क्षेत्रीय कार्यालयों की देखरेख में 20 क्षेत्रीय प्रचार ईकाइयों के अपने नेटवर्क के माध्यम से कर रहा है।

चार क्षेत्रीय कार्यालयों के नियंत्रण में 32 क्षेत्रीय प्रचार ईकाइयों के साथ 1953 में क्षेत्र प्रचार निदेशालय अस्तित्व में आया। इसकी स्थापना ''पंचवर्षीय योजना प्रचार संगठन'' के आंतरिक प्रचार कार्यक्रम के तहत की गई। मंत्रालय ईकाइयों और क्षेत्रीय कार्यालयों पर सीधा प्रशासनिक नियंत्रण करता है। बाद में क्षेत्रीय कार्यालयों की गतिविधियों पर नज़र रखने और संचालन करने हेतु 1959 में पूर्ण विकसित निदेशालय स्थापित किया गया और इसे नाम दिया गया क्षेत्र प्रचार निदेशालय।

सन् 1962 में चीन-भारत युद्ध और 1965 में भारत-पाक युद्ध के बाद डीएफपी की कार्यप्रणाली में कुछ आधारभूत परिवर्तन किए गए जो देश के मनोबल को बढ़ाने और किसी भी बाहरी खतरे से निपटने के लिए लोगों को मानसिक तौर पर तैयार करने के दृष्टिकोण के तत्काल रूप से आवश्यक थे। तदनुसार 1963 में 34 नई ईकाइयां स्थापित की गई और 1965 में प्रचार के लिए, अन्य 33 ईकाइयां विशेषकर सीमावर्ती क्षेत्र के लिए स्थापित की गई।

एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार

रोज़गार समाचार सापताहिक अंग्रजी, हिंदी और उर्दू में प्रकाशित होता है। यहां भारत सरकार का फ्लैगशिप कार्यक्रम है इसमें केंद्र और राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों स्वायत्त संस्थाओं, विश्वविद्यालयों आदि में नौकरी के विज्ञापन, पेशेवर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सूचनाएं तथा संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी आयोग और अन्य सामान्य भर्ती परीक्षाओं तथा परिणामों की जानकारी होती है। रोज़गार समाचार में एक सम्पादकीय खंड भी होता है जिसमें एक या दो लेख छपते है।

कुल राजस्व और अधिशेष :

इंप्लायमेंट न्यूज ने 2013- 14 में 4601.70 लाख रु. राजस्व अर्जित किया। व्यय को घटा कर अधिशेष 2556.15 लाख रु. रहा। मई 2014 तक राजस्व 6962.76 लाख रु. तथा अधिशेष 906.19 लाख रु. था।

राजस्व :

इंप्लायमेंट न्जूज ने रोजगार संबंधी पत्रों में सर्वोच्च स्थिति बरकरार रखी और 2013- 14 में विज्ञापनों के जरिए 2911.82 लाख रु. का राजस्व अर्जित किया। मई, 2014 तक विज्ञापनों से 776.83 लाख रु. और प्रसार से 185.93 लाख रु. का राजस्व अर्जित किया। इस वित्त वर्ष में अब तक (मई 2014) इस साप्ताहिक पत्र ने 906.19 लाख रु. अधिशेष अर्जित किया।

औसत पृष्ठ संख्या :

2013- 14 में इंप्लायमेंट न्यूज के हर अंक की औसत पृष्ठ संख्या 53.75 पृष्ठ रही।

नेटवर्क विस्तार :

इंप्लायमेंट न्यूज मुख्यत: अपनी वितरण एजेंसियों के नेटवर्क के जरिए पाठकों तक पहुंचता है। दूर-दराज इलाकों के पाठकों के लाभ के लिए सीधे ग्राहक बनने की सुविधा भी है। 2014- 15 के दौरान वितरण नेटवर्क को और बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इंटरएक्टिव वेबसाइट :

इंप्लायमेंट न्यूज की वेबसाइट www.employmentnews.gov.in प्रतिमाह करीब 7 लाख लोगों द्वारा देखी जाती है। इस तरह यह सरकार की चोटी की वेबसाइटों में एक है। इसकी इंटरएक्टिव खूबियों में आनलाइन कैरियर सलाह, ग्राहकों के ई-मेल पर सीधे सरकारी रोजगारों की जानकारी आदि शामिल हैं।

भारतीय जनसंचार संस्थान

भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) का मुख्य उद्देश्य, देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के विशेष संदर्भ में, मीडिया और जनसंचार के संबंध में प्रशिक्षण देना और अनुसंधान को बढ़ावा देना है। संस्थान में सूचना और प्रसारण मंत्रालय से वार्षिक अनुदान मिलता है। संस्थान के स्नाथतकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सभी पात्र उम्मीदवार लिखित/मौखिक परीक्षा के जरिए प्रवेश पा सकते हैं। इसके अलावा संस्थाान विदेश मंत्रालय के सहयोग से विकासशील देशों के पत्रकारों और सूचना अधिकारियों के लिए विकास पत्रकारिता पर दो विशेष पाठ्यक्रम आयोजित करता है। भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) के ए और बी वर्ग के अधिकारियों के लिए फाउंडेशन/ओरिएंटेशन सेवाकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं। भारत सरकार, राज्य सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अधिकारियों के लिए अन्य अल्प कालीन पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। संस्थाान जनसंचार से संबंधित विषयों पर अनुसंधान परियोजनाएं भी संपन्न करता है। इनमें से अधिकांश प्रायोजित होती हैं। संस्थांन समय-समय पर पुस्तकें और अन्य प्रकाशन भी प्रकाशित करता है।

ऐसा लगता है कि वर्तमान एकवर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का उन्ननयन कर इसे दो वर्षीय एडवांस्ड स्नानतकोत्तर डिप्लोमा में बदला जाए और इसे एमए डिग्री कोर्स के समकक्ष मान्यता दिलवाई जाए। संस्थान के कम्यूनिकेशन रिसर्च विभाग का उन्नएयन कर आईआईएमसी को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान बनाया जाना भी आवश्याक है। आईआईएमसी को संसद के अधिनियम के द्वारा राष्ट्रीय महत्व का संस्थान (इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंट्स) बनाकर यहां एडवांस्ड पाठ्यक्रम और डॉक्टोल शोध कार्यक्रम भी चलाए जा सकते हैं।

योजना-गत गतिविधियां :

उक्ता पक्षों को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय ने 11वीं योजना में 'आईआईएमसी का अंतरराष्ट्रीय स्तर तक उन्नोयन (अपग्रेडेशन ऑफ आईआईएमसी टू इंटरनेशनल स्टेंडर्ड्स)' योजना स्कीम मंजूर की। इसके लिए 62 करोड़ रु. का परिव्यय और 51.5 करोड़ रु. का बजट रखा गया। यह स्कीम 12वीं योजना में भी 43 करोड़ रु. के बजट के साथ जारी है। 12वीं योजना में 'आईआईएमसी के क्षेत्रीय केंद्र खोलना (ओपनिंग ऑफ न्यूर रीजनल सैंटर्स ऑफ आईआईएमसी)' नई स्कीईम भी स्वीकृत की गई। इसका योजना परिव्यय 94.20 करोड़ रु. और बजट 90 करोड़ रु. रखा गया।

फोटो प्रभाग

फोटो डिवीजन का मुख्य कार्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के फलस्वरूप देश में आए सामाजिक बदलावों का तस्वीरों के रूप में दस्तावेज तैयार करना है। फोटो डिवीजन की पूरी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के प्रत्येक राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय दौरे को पूरा कवरेज करना है। पत्र सूचना कार्यालय को अखबारों में वितरण के लिए, डीएवीपी को प्रदर्शनियों और विदेशों में प्रचार के लिए विदेश विभाग को डिवीजन द्वारा फोटो उपलब्ध कराई जाती हैं।

इसके अलावा, फोटो डिवीजन केन्द्र, राज्य सरकारों के विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और जनता को मूल्य के भुगतान पर तस्वीरें उपलब्ध कराता है। इन तस्वीरों का मुख्य उद्देश्य महत्वपूर्ण घटनाओं का प्रचार करना और अभिलेख के तौर पर उन्हें सुरक्षित रखना होता है। तेजी से होते तकनीकी विकास के मद्देनजर, डिवीजन ने प्लान योजना को पुनर्निर्धारित किया है।

भारतीय प्रेस परिषद

प्रेस परिषद की स्थापना और कार्य पर संक्षिप्त नोट

भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना प्रथम प्रेस आयोग की अनुशंसा पर वर्ष 1966 में की गई थी। यह वर्तमान में प्रेस परिषद कानून 1978 के अतंर्गत कार्य करती है। प्रेस की आजादी को बनाए रखने और उसके स्तर में सुधार लाने के अपने दोहरे उत्तरदायित्व की पूर्ति की दिशा में परिषद बहुमुखी भूमिका अदा करती है। जहां एक ओर यह दीवानी न्यायालय की शक्तियों सहित न्यायिक प्राधिकरण के रूप में कार्य करती है, वहीं परामर्शदायी भूमिका में यह प्रेस और सरकारी अधिकारियों का प्रेस की आजादी और उसके संरक्षण से जुड़े मसलों पर मार्गदर्शन भी करती है।

प्रेस परिषद का मुखिया, अध्यक्ष कहलाता है जो परंपरा के अनुसार देश के उच्चतम न्यायालय का वर्तमान/सेवानिवत्त न्यायाधीश होता है। इसके अलावा परिषद के 28 अन्य सदस्य होते हैं, जिनमें 20 प्रेस का प्रतिनिधित्व करते हैं, पांच संसद के दोनों सदनों से आते हैं और तीन सदस्य सांस्कृतिक, साहित्यिक और विधि के क्षेत्रों से होते हैं जिन्हें क्रमश: साहित्य अकादमी, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और भारतीय बार काउंसिल द्वारा नामित किया जाता है।

परिषद का वित्त पोषण करने के लिये पंजीकृत समाचारपत्रों से उनकी प्रसार संख्या के अनुसार शुल्क वसूला जाता है, घाटा केंद्र सरकार के अनुदान से पूरा किया जाता है। परिषद वित्तीय रूप से काफी हद तक सरकार पर आश्रित है, फिर भी अपने काम में इसने कभी भी किसी बाहरी प्रभाव को हावी नहीं होने दिया है।

परिषद के अर्ध न्यायिक कार्य प्रेस परिषद अधिनियम की धारा 14 और 15 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों और प्रक्रियाओं के अनुसार किए जाते हैं और परामर्शदायी एवं मार्गदर्शन के कार्य धारा 13 के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत किए जाते हैं।

पत्र सूचना कार्यालय

पत्र सूचना कार्यालय भारत सरकार की उन प्रमुख एजेंसियों में से एक है जिनका कार्य नीतियों, कार्यक्रमों और विभिन्न क्षेत्रों में सरकार की उपलब्धियों के बारे में सूचनाएं उपलब्ध कराना है। वर्तमान में इसके आठ क्षेत्रीय कार्यालय हैं जो कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, भोपाल, चंडीगढ़, गुवाहाटी, लखनऊ और हैदराबाद में स्थित हैं। इसके 27 शाखा कार्यालय, 5 कार्यालय-सह-सूचना केंद्र और दो सूचना केंद्र हैं जो देश भर में फैले हुए हैं। इन स्थानों से अनेक पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं और नित्य प्रति बड़ी संख्या में पत्रकार वहां आते हैं। मंत्रियों/सचिवों एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भारत सरकार की नीतियों की जानकारी देने के लिए प्रेस कांफ्रेस आयोजित करते हैं।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान समाचार जगत में दो बड़े घटनाक्रम हुए हैं, - प्रथम इंटरनेट का बड़े पैमाने पर विस्तार और दूसरे-चौबीसों घंटे चलने वाले न्यूज चैनल। इन दोनों के कारण संचार की गति तेज हो गई है, राष्ट्रों की सीमा के मध्य सूचनाओं का आदान-प्रदान हो रहा हैं और समाचार संग्रह तथा वितरण में बहुत तेजी आ गई है। इन हालात में जहां परंपरागत मीडिया-खासतौर से प्रिंट मीडिया का महत्व बना हुआ है, वहीं अब पत्र सूचना कार्यालय को नए माध्यमों की जरूरतें पूरी करने के लिए भी काम करना है। नए उभरते साधनों का इस्तेमाल करते हुए अब उसे पूरी जनसंख्या तक पहुंचना है।

आजकल इंटरनेट के जरिए सूचनाएं जल्दी मिल जाती हैं और उनमें पारदर्शिता रहती है अत: इस कार्यालय के पुराने साधनों को आधुनिक और आज के मीडिया की जरूरतों के अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। पत्र सूचना कार्यालय मीडीआ प्रतिनिधियों तथा आधुनिक प्रणाली से सूचना उपलब्ध कराती है।

पत्र सूचना कार्यालय अखबारों और अन्य मीडिया से मिलने वाली प्रतिक्रिया विभिन्न सरकारी विभागों को उपलब्ध कराता है ताकि वे उसके अनुकूल कदम उठा सकें और अपने प्रयासों को नई दिशा दे सकें।

इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2014-15 के दौरान निम्नलिखित गतिविधियों/स्कीमों/परियोजनाओं को चलाने का प्रस्ताव है :

1. नई दिल्ली में नेशनल प्रेस सेंटर की स्थापना

नेशनल और इंटरनेशनल पत्रकारों को मीडिया सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नई दिल्ली में पीआईबी नेशनल प्रेस सेंटर को स्थापित किया गया है। इसका अपना भवन है, जिसमें ऑडिटोरियम, प्रेस लाउंज, ब्रीफिंग/कांफ्रेंस रूम, लाइब्रेरी समेत आधुनिक सुविधाएं हैं। परियोजना की संभावनाओं और इसके बढ़ते खर्च को ध्यान में रखते हुए इसकी लागत 35 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 60 करोड़ रुपये हो गई इसे 15 सितंबर 2009 को ईएफसी ने अनुमोदित किया। नेशनल प्रेस सेंटर के निर्माण के लिए 22 मार्च 2010 को पीआईबी और एनबीसीसी के बीच, पुराने एमओयू के स्थान पर एक अनुबंध किया गया था। वार्षिक योजना 2013-14 के दौरान 50 लाख रुपये कैपिटल सेक्शन प्लान के तहत बीई 2013-14 में आबंटित किए गए थे। वित्त वर्ष 2013-14 में पीआईबी को बीई में योजना-व्यय (कैपिटल सैक्सन के तहत) 50 लाख रुपये आबंटित किए गए थे जबकि आरई में इसे बढ़ा कर 2.10 करोड़ रुपये कर दिया गया। इसमें से एनबीसीसी को 2.0960 करोड़ का भुगतान किया गया। मार्च 2014 तक, एनबीसीसी को कुल 57.41 करोड़ का भुगतान किया जा चुका था।

वार्षिक योजना 2014-15 के दौरान एनबीसीसी को भुगतान करने के लिये पत्र सूचना कार्यालय को 2.50 करोड़ रुपये आंबटित किये गये जबकि पत्र सूचना कार्यालय को इस वर्ष 2.59 करोड़ रुपये की राशि की आवश्यकता थी। इस समय यह बिल्डिंग पूरी तरह तैयार हो चुकी है और इसमें कार्यालय का कामकाज किया जा रहा है।

2. मीडिया आउटरीच प्रोग्राम और विशेष इवेंट्स का प्रचार

इस योजना में शामिल मदें इस प्रकार हैं :-

(क) मीडिया आउटरीच प्रोग्राम

(ख) इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया

(ग) प्रवासी भारतीय दिवस समारोह

इन सभी मदों को 12वीं पंचवर्षीय योजना में भी शामिल किया गया है, जिनके बारे में विस्तृत विवरण इस प्रकार है:-

(क) मीडिया आउटरीच प्रोग्राम

इस योजना का लक्ष्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का प्रचार प्रसार विभिन्न विधियों से करना है। इन विधियों में जनसंपर्क अभियानों का आयोजन, मीडिया इंटरेक्टिव सेशन, सफलता की कहानियों का प्रचार प्रसार और प्रेस टूर्स का आयोजन शामिल है। वार्षिक योजना 2013-14 के लिए इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति 27.06.2012 को मिल गई थी। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालयों को भी 29 जून 2012 को आबंटित कर दिया गया था।

वर्ष 2013-14 को दौरान 105 पीआईसी, 2 मीडिया विचार विमर्श सत्रों और 14 प्रेस दौरों को आयोजित करने के लिये ब्यूरो को 9.88 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। संशोधित अनुमान के समय पीआईबी को 8.50 करोड़ रुपये आंबटित किये गये। 16 वीं लोकसभा के चुनावों के दौरान आचार संहिता लागू होने के कारण, मार्च 2014 में ब्यूरो की ओर से कोई भी मीडिया विचार विमर्श सत्र और प्रेस दौरे आयोजित नहीं किये गये। हांलाकि योजना के लिये आंबटित राशि को 9.88 करोड़ रुपये से घटाकर 8.38 करोड़ रुपये कर दिया गया। अत: मार्च 2014 तक योजनागत घटक के तहत 103 पीआईसी आयोजित की गई और इसके लिये 8.372 करोड़ रुपये व्यय किये गये।

वर्ष 2014-15 के दौरान योजनागत स्कीम के कार्यान्वयन के लिये 9.88 करोड़ रुपये जारी किये गये थे। इस अवधि के दौरान प्रस्तावित गतिविधियों में 100 जनसूचना अभियान पीआईसी, 2 मीडिया विचार विमर्श सत्र और 10 प्रेस दौरे आयोजित किये गये और 25 सफलता की कहानियां जारी की जानी हैं।

(ख) इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया और प्रवासी भारतीय दिवस समारोह

फेस्टीवल के आयोजन स्थल पर मीडिया सेंटर की स्थापना की गई है, जहां पत्रकारों का न केवल बेहतर स्वागत सत्कार होगा, बल्कि उन्हें प्रत्यायन सेवाएं भी वहीं मिल सकेंगी। इसके अलावा प्रेस कांफ्रेंस, प्रेस रिलीज बनाने के लिए कंप्यूटर एवं इंटरनेट रूम, टेलीफोन, न्यूजपेपर्स, स्टेशनरी, फोटोकॉपी मशीन इत्यादि की भी व्यवस्था हैं। प्रवासी भारतीय दिवस समारोह के दौरान पत्रकारों को विशेष प्रत्यायन देने और पत्रकारों को सुविधा देने के लिए कंप्यूटर किराये पर लेने के लिए पीआईबी अपने अधिकारियों को तैनात करती है। 2013-14 के दौरान 12 लाख रूपये का आबंटन किया गया था, जिसमें से अब तक 11.75 लाख रूपये उपयोग किए जा चुके हैं। वार्षिक योजना 2014-15 में इस ब्यूरो को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टीवल के आयोजन और पीबीडी के लिए 12 लाख रूपये का आबंटन किया गया है।

(ग) पीआईबी का आधुनिकीकरण

यह योजना 12वीं पंचवर्षीय योजना में प्रस्तावित की गई है। 2013-14 के दौरान पीआईबी को 4 करोड़ रूपये इस योजना के संचालन के लिए आबंटित किए गए थे। इस योजना उद्देश्य इस योजना का लक्ष्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का प्रचार प्रसार करना और नई एवं पुरानी योजनाओं के संचालन के लिए ढांचागत सुविधाएं मुहैया कराना है, ताकि बेहतर नतीजे प्राप्त किए जा सकें। इस बात को ध्यान में रखकर सिस्टम को पहले से अधिक सक्षम बनाने और उसकी पहुंच को बढ़ाना इसमें शामिल है।

2013-14 में संशोधित अनुमान पर 1.50 करोड़ रुपये आंबटित किये गये। अंतिम अनुदान स्तर पर 7.72 करोड़ रुपये आंबटित किये गये योजना स्कीम के तहत 1.17198 करोड़ रुपये का उपयोग किया जा चुका है। इसके तहत इस राशि को न्यू मीडिया सेंटर में हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर स्थापित करने और विभिन्न उपकरणों की एएमसी के लिए और विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा किये जाने वाले कार्यों के लिए व्यय किया गया।

2014-15 के दौरान योजनागत स्कीम को लागू करने में पीआईबी को 5.00 करोड़ रुपये आंबटित किये गये हैं और इसके तहत प्रस्तावित गतिविधियां है:

1. वेबसाइटों का बड़े पैमाने पर उन्नयन करके उनमें अधुनातन संपर्क और डिलीवरी के साधन का समावेश।
2. मीडिया मान्यता की प्रक्रिया में आवेदन प्राप्ति, उस पर विचार और फैसले और उसे सूचित करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन बनाना।
3. अधिक वीडियो संसाधनों का प्रयोग।
4. 2 लाख पुराने रिकार्डों का डिजीटलीकरण।
5. 5 क्षेत्रीय कार्यालयों में सूचना के प्रसार के लिये आधुनिक वीडियो कान्फ्रेसिंग सुविधाओं का शुरू करना।
7. हार्डवेयर, लैन, नेटवर्क का आधुनिकीकरण जारी रखना।
8. सौ अधिकारियों को स्मार्ट उपकरण उपलब्ध कराना।

क्षेत्रीय प्रेस कान्फ्रेंस

इस अवधि के दौरान पीआईबी ने जयपुर, भुवनेश्वर, कोलकाता, चेन्नई, बंगलुरु आदि शहरों सहित देशभर में 11 क्षेत्रीय प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की। भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह और भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह पर 14 राज्यों में प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की गई। जो इस प्रकार है:

क्र. सं	राज्य का नाम	राजधानी
1.	असम	गुवाहाटी
2.	महाराष्ट्र	मुंबई
3.	केरल	तिरुअंनतपुरम
4.	कर्नाटक	बंगलुरु
5.	सिक्किम	गंगटोक
6.	पश्चिम बंगाल	कोलकाता
7.	बिहार	पटना
8.	पंजाब	चंडीगढ़
9.	हरियाणा	चंडीगढ़
10.	तामिलनाडु	चेन्नई
11.	आंध्रप्रदेश	हैदराबाद
12.	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर
13.	गोआ	पणजी
14.	उत्तर प्रदेश	लखनऊ

वर्ष 2013-14 के दौरान पीआईबी क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों द्वारा 283 प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित की गईं। यह प्रेस कान्फ्रेंस विशिष्ट व्यक्तियों के दौरों और क्षेत्रीय और राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख मुद्दों पर आधारित थीं।

5. मंत्री समूह (जीओएम) पर मीडिया

पत्र सूचना कार्यालय महत्वपूर्ण मामलों, उभरते और विकासात्मक समाचारों, सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के लिए मंत्री समूह पर मीडिया कवरेज कराने में सहायता करता है और इस संबंध में समाचार पत्रों के संपादकीय और विचार विमर्श बनाने वाले पृष्ठों का आकलन करता है। पीआईबी की प्रधान महानिदेशक की अध्यक्षता में जारी व्यापक रिपोर्ट में संबंधित मंत्रालयों के माध्यम से मंत्री-समूह के लिए कार्य-बिंदुओं को रेखांकित किया गया। यह रिपोर्ट प्रधान महानिदेशक की ओर से सप्ताह में सभी दिन भेजी जाती रही।

प्रकाशन विभाग

प्रकाशन विभाग की स्थापना 1941 में की गई। यह भारत सरकार का सबसे बड़ा प्रकाशन संस्थान है। प्रकाशन विभाग का लक्ष्य राष्ट्रीय महत्व के विषयों जैसे-इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम, कला एवं संस्कृति तथा भारत की धरोहर पर भारत में और विदेशों में पाठकों तक कम मूल्यों पर प्रामाणिक सूचनाएं, जानकारियां पहुंचाना है। निदेशालय के महत्वपूर्ण प्रकाशनों में शामिल हैं महात्मा गांधी के संकलित कार्यों की शृंखलाएं, राष्ट्रीय नेताओं के भाषण और राष्ट्रीय हित के विषयों पर शिक्षात्मक एवं सूचनात्मक पुस्तकें, बाल साहित्य एवं रोज़गार समाचार। यह राजस्व अर्जित करने वाला विभाग है। विभाग का उद्देश्य है:- राष्ट्रीय महत्व के विषयों- सामग्रियों पर पुस्तकों और पत्रिकाओं का प्रकाशन, बिक्री तथा वितरण; जिसके जरिये ये जन साधारण तक और विदेशों में भारत के बारे में नवीन व सही सूचना मिल सके।

प्रभाग की उपलब्धि

- कम मूल्य पर राष्ट्रीय महत्व की पुस्तकों और पत्रिकाओं का प्रकाशन ताकि यह पुस्तकें व पत्रिकाएं अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। अपने अस्तित्व में आने के बाद से अब तक 8000 पुस्तकें-पत्रिकाएं प्रकाशित कर चुका है।

- महात्मा गांधी के संकलित कार्य, नेताजी सम्पूर्ण वाड्मय और आधुनिक भारत के निर्माताओं की जीवनियों का प्रकाशन

- भारत के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों के चुनिन्दा भाषणों का प्रकाशन ताकि वह (भाषण) भावी पीढ़ी के लिए संग्रहणीय हो सके।

- प्रकाशन विभाग ने हाल ही में राष्ट्रपति भवन की पुस्तकों की शृंखलाओं को छापने के काम को हाथ में लिया है।

- रोज़गार-समाचार पत्र के माध्यम से सरकारी क्षेत्र में नौकरियों के अवसरों की सूचना उपलब्ध कराना।

- योजना पत्रिका का 13 भाषाओं में, कुरुक्षेत्र का अंग्रेज़ी और हिन्दी में, आजकल का हिन्दी व उर्दू में और बाल भारती का प्रकाशन।

- सांस्कृतिक धरोहर के विषयों पर मल्टी-मीडिया, अंतर-गतिविधियों की सीडी के माध्यम से ई-प्रकाशन के क्षेत्र में प्रवेश।

- अपने प्रकाशन की पुस्तकों को बृहद वर्ग तक पहुंचाने के लिए भारत और विदेशों में पुस्तक मेलों का आयोजन और उनमें भाग लेना।

- बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए बाल भारती के माध्यम से निबंध प्रतियोगिता का आयोजन।

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से, पत्रकारिता और मास कम्युनिकेशन में मौलिक हिन्दी लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कारों का आयोजन।

विभाग का उद्देश्य राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर कम लागत की पुस्तकों और पत्रिकाओं का प्रकाशन, भारतेन्दु हरिश्चन्द्र पुरस्कार, राष्ट्रीय एकता, महिला समस्या, बाल साहित्य पुस्तकों की बिक्री तथा वितरण; पुस्तकें जनसाधारण व विदेशों में भारत के बारे में नवीन एवं सही सूचना मिल सके व सहज सुलभ हो। ऐसा करते समय विभाग का लक्ष्य निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने का रहता है:-

(i) राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर उन पुस्तकों का प्रकाशन जिन्हें अन्य प्रकाशक नहीं छाप पाते, उन पुस्तकों को जनसाधारण तक कम मूल्य पर उपलब्ध कराना।

(ii) अनेकता में एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय अखंडता की धारणा और भावना को मज़बूत बनाना तथा बढ़ावा देना।

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक

भारत के समाचारपत्र पंजीयक का कार्यालय की स्थापना पहली जुलाई 1956 को प्रेस और पुस्तक पंजीयन अधिनियम 1867 में संशोधन करके की गई थी। यह कार्यालय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अन्तर्गत कार्य करता है। अधिनियम के अन्तर्गत कुछ विधि विहित कार्य इस प्रकार हैं :

(1) देश भर में प्रकाशित समाचारपत्रों/पत्रिकाओं का एक रजिस्टर तैयार करना उसका रख-रखाव करना तथा उसमें समाचारपत्रों/पत्रिकाओं का विवरण संकलित करना।

(2) संबंधित जिला मजिस्ट्रेट द्वारा की गई सिफारिश के बाद समाचारपत्रों/पत्रिकाओं के शीर्षक की उपलब्धता की जांच के बाद पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करना।

(3) समाचारपत्रों के प्रकाशकों द्वारा प्रेस एवं पुस्तक पंजीयन अधिनियम के अन्तर्गत समाचार पत्रों/पत्रिकाओं के प्रकाशन की जानकारी सुनिश्चित करना।

(4) प्रकाशकों द्वारा समाचारपत्रों की प्रसार संख्या के दावों की जांच करना।

(5) भारत में प्रेस के बारे में उपलब्ध समस्त सूचनाओं, आंकड़ों और विशेष तौर पर विभिन्न श्रेणियों के समाचार पत्रों-पत्रिकाओं में आए बदलावों पर वार्षिक रिपोर्ट तैयार करना।

इसके अतिरिक्त आरएनआई के गैर-वैधानिक श्रेणी के कुछ कार्य इस प्रकार हैं :

(क) अखबारी कागज आयात करने के लिए समाचार पत्रों को योग्यता प्रमाणपत्र जारी करना।

(ख) समाचार प्रतिष्ठानों की प्रिंटिंग मशीनें (मुद्रण) और अन्य संबंधित सामग्री संबंधी आवश्यक जरूरतों का मूल्यांकन ओर प्रमाणपत्र जारी करना।

न्यू मीडिया विंग

अधिदेश, लक्ष्य और उद्देश्य, नीतिगत ढांचा तथा नीति विवरण

न्यू मीडिया विंग का कार्य सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के मीडिया एककों को प्रकाशित रचनाओं आदि के संबंध में शोध हेतु सामग्री जुटाने, उसका संकलन तैयार करने में सहायता करना है। साथ ही यह विंग महत्वपूर्ण मुद्दों पर सूचनाओं का संग्रह तैयार करना, समसामयिक एवं अन्य विषयों पर मार्गदर्शन करने एवं बैकग्राउंड नोट तैयार करने का कार्य करता है जिसका उपयोग माध्यम एकक कर सकें। 1945 में स्थापित गवेषणा, संदर्भ और प्रशिक्षण प्रभाग, का नया नाम न्यू मीडिया विंग है। यह यूनिट सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सूचना उपलब्ध कराने का कार्य करती है। मंत्रालय के दिनांक 4 सितंबर, 2013 के आदेश के अनुसार न्यू मीडिया स्कंध (विंग) मंत्रालय के नवगठित सोशल मीडिया सेल को कार्यात्मक एवं प्रचालन सहयोग उपलब्ध कराएगा। यह विंग जनसंचार माध्यमों के क्षेत्र में उभरते ट्रेंड का अध्ययन करता है एवं इस संबंध में संदर्भ समाग्री एवं दस्तावेज आदि तैयार करता है। यह मंत्रालय एवं इसके मीडिया एककों और जनसंचार से जुडे अन्य एककों को उपयोग के लिए भूमिका, संदर्भ एवं शोध सामग्री उपलब्ध कराता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के आदेश द्वारा सूचित किया गया कि योजना आयोग के सुझाव पर भारतीय सूचना सेवा अधिकारियों का प्रशिक्षण नामक प्लान स्कीम को गैर-योजना गतिविधि (नियमित कार्य) में बदल दिया गया है। अभी इस कार्य को टाल दिया गया है।

यह विंग वार्षिक संदर्भ पुस्तक 'इंडिया रेफरेंस एनुअल' का संकलन करता है, यह पुस्तक दिए गए वर्ष के दौरान केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों,राज्य/संघ शासित क्षेत्रों और सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों/स्वशासित उपक्रमों द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं प्रगति संबंधी विवरण का संकलन है। यह हिंदी में 'भारत' शीर्षक से प्रकाशित होता है।

यह प्रभाग राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय महत्व की घटनाओं की 'डायरी ऑफ इवेंट्स' भी तैयार करता है जो रिकार्ड एवं संदर्भ के काम में आती है। यह प्रभाग एफडीआई की हिस्सेदारी के साथ भारत में प्रकाशन की अनुमति प्राप्त विशेष मुद्दों पर छपने वाली 'स्पेशलिटी मैगजीन्स' के संबंध में मासिक रिपोर्ट भी तैयार करता है। ये पत्रिकाएं सरकार द्वारा तयशुदा प्रावधानों का पालन करती है या नहीं, इसकी निगरानी करता है ।

इस प्रभाग के पास एक बहुत ही समृद्ध पुस्तकालय है जहां विभिन्न विषयों पर बडी संख्या में दस्तावेज मौजूद हैं, साथ ही चुनिंदा सावधिक पत्रिकाओं के सजिल्द संकलन और मंत्रालयों, समितियों एवं आयोगों की विभिन्न रिपोर्टों का भी संग्रह किया गया है। इसके संग्रह में पत्रकारिता, जनसूचना, विज्ञापन एवं श्रव्य-दृश्य माध्यमों, प्रमुख विश्व कोष श्रृंखलाओं, वार्षिकी(ईयरबुक्स) एवं समसामयिक आलेख भी शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा मान्यता-प्राप्त भारतीय एवं विदेशी संवाददाताओं के लिए भी यह पुस्तकालय सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2008 में इस पुस्तकालय को शास्त्री भवन से सूचना भवन में अस्थाई तौर पर स्थानांतरित किया गया था। इस काम चलाऊ व्ययवस्था को सूचना भवन में एक पूरे तल पर व्यवस्थित रूप देने की योजना है।

जनसंचार संबंधी राष्ट्रीय डाक्यूमेंटेशन केंद्र

जनसंचार के क्षेत्र में आए बदलावों एवं उससे संबंधित घटनाओं के बारे में सूचनाओं का संग्रह, उसकी व्याख्यान एवं प्रसार के उद्देश्य से मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर जनसंचार संबंधी राष्ट्रीय डाक्यूमेंटेशन केंद्र (एनडीसीएमसी) की स्थापना 1976 में इस प्रभाग के एक अंग के रूप में की गई थी। एनडीसीएमसी जन माध्यम/जनसंचार से संबंधित महत्वपूर्ण समाचारों, आलेखों एवं अन्य सूचना सामग्री के प्रलेखन का कार्य करता है। इस समय यह केंद्र सूचनाओं का संग्रहण, प्रलेखन और प्रसार का कार्य सिर्फ समस्त भारत में जनसंचार के विकास के लिए ही नहीं करता, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सूचनाओं के प्रसार में अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करता है।

इन सूचनाओं का संरक्षण और प्रसार का कार्य कुछ विशेष प्रकार की सेवाओं के माध्यम से किया जाता है जैसे-

करेंट अवेयरनेस सर्विस : इस केंद्र द्वारा मंगाए जाने वाले समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में जनसंचार माध्यमों पर प्रकाशित चुनिंदा आलेखों का टीकासहित अनुक्रमणिका (इंडेक्सर) तैयार करना।

बिब्लिओग्राफी सर्विस : इस केंद्र द्वारा मंगाए जाने वाले समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में जनसंचार माध्यमों पर पिछले एक वर्ष के दौरान प्रकाशित आलेखों का टीका सहित विषयवार अनुक्रमणिका तैयार करना।

बुलेटिन ऑन फिल्म्स : भारत में फिल्म उद्योग में हो रहे विभिन्न बदलावों का सार तैयार करना।

रेफ्रेंस इंफार्मेशन सर्विस : जनसंचार माध्यमों के क्षेत्र में सामयिक महत्व के विषयों पर बैकग्राउंड सामग्री तैयार करना।

हू इज हू इन मास मीडिया : विभिन्न मीडिया से जुड़े चर्चित व्यक्तियों की जीवनी तैयार करना।

आनर्स कन्फर्ड ऑन मास कम्यूनिकेटर्स : वर्ष के दौरान जनसंचार से जुड़े व्यक्तियों को दिए गए पुरस्कारों जिनमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी शामिल हैं, का प्रचार करना।

मीडिया अपडेट : यह जनसंचार से जुड़े महत्वपूर्ण राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं को रिकार्ड एवं संदर्भ के लिए संकलित करता है।

न्यू मीडिया विंग के अधीन जनसंचार संबंधी राष्ट्रीय डाक्यूमेंटेशन केंद्र (एनडीसीएमसी) ने वर्ष 2013-14 (दिसंबर 2013 तक) जनसंचार के विभिन्न पहलुओं पर 43 सेवाएं उपलब्ध कराई हैं।

वर्ष 2013-14 की मुख्य घटनाएं

- इंडिया -2014 का लोकार्पण
- न्यू मीडिया विंग के अधीन जनसंचार संबंधी राष्ट्रीय डाक्यूमेंटेशन केंद्र (एनडीसीएमसी) ने वर्ष 2013-14 (दिसंबर 2013 तक) जनसंचार के विभिन्न पहलुओं पर 43 सेवाएं उपलब्ध कराई हैं।

गीत एवं नाटक प्रभाग

अध्यादेश,लक्ष्य और उद्देश्य, नीतिगत ढांचा एवं नीतिगत वक्तव्य

प्रभाग का मुख्य उद्देश्य जनसाधारण के बीच सामाजिक, आर्थिक और लोकतांत्रिक आदर्शों के संबंध में जागरुकता और भावनात्मक ग्रहणशीलता को उत्पन्न करना है। ये आदर्श राष्ट्र की प्रगति के संचालक हैं। साथ ही इसका (प्रभाग का) उद्देश्य सीमांत क्षेत्रों में बसे लोगों के बीच रक्षा तैयारियों की अनुभूतियों को जगाने और बाकी देशों के साथ सांस्कृतिक स्वायत्तता को बनाने के साथ सुदूर इलाकों में तैनात सेना के जवानों का मनोबल सजीव मनोरंजन मीडिया के द्वारा बनाए रखता है। सजीव मनोरंजन मीडिया में शहरी रंगमंच स्वरूप और लोकस्वरूप दोनों शामिल हैं। लोक स्वरूपों में देश के सभी क्षेत्रों की छवि समाहित है।

अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभाग ने लोक तथा परंपरागत स्वरूपों की एक विस्तृत शृंखला को अपनाया है, जैसे लोक तथा परंपरागत नाटक, बैले, ओपेरा, नृत्य-नाटिकाएं, लोक और पारम्परिक प्रस्तुतियां, कठपुतली खेल तथा सैकड़ों जादूगरों के प्राचीन परंपराओं के कुशल प्रदर्शन।

प्रभाग की अगुवाई निदेशक द्वारा की जाती है, और तीन स्तरों पर कार्यों को अंजाम दिया जाता है।

(i) दिल्ली में मुख्यालय

(ii) दस क्षेत्रीय कार्यालय जो बंगलुरू, भोपाल, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, कोलकाता, लखनऊ, पुणे तथा रांची में स्थित है।

(iii) सात सीमा केन्द्र जिनका संचालन निदेशकों द्वारा किया जाता है और जो (केन्द्र) दरभंगा, गुवाहाटी, इंफाल, जम्मू, जोधपुर, नैनीताल तथा शिमला में स्थित है तथा छह विभागीय नाटक दल, जिनका नेतृत्व प्रबंधकों द्वारा किया जाता है, भुवनेश्वर, दिल्ली, हैदराबाद, पटना, पुणे तथा श्रीनगर (जम्मू) में स्थित हैं।

मुख्य सचिव सूचना विंग योजना

(क) सूचना भवन का निर्माण चरण-5

सूचना भवन के निर्माण पर हुए व्यय को योजना आयोग के अनुमोदन के बाद मंत्रालय का योजना बजट मुहैया कराया गया। उपलब्ध निर्मित स्थान विभिन्न मीडिया इकाईयों जैसे सिविल निर्माण विंग, गीत एवं नाटक प्रभाग, फोटो प्रभाग, फिल्म प्रभाग, प्रकाशन प्रभाग, न्यू मीडिया स्कंध (विंग), भारतीय प्रेस परिषद, विज्ञापन तथा दृश्य प्रचार (आंशिक) निदेशालय और राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम को आबंटित कर दिया गया। सूचना भवन के पांचवें चरण के पूरा हो जाने के बाद उपलब्ध निर्माण योग्य स्थान शेष मीडिया इकाईयों को समायोजित करने में इस्तेमाल किया जाएगा और बचे हिस्से को, अगर कोई हिस्सा बचा तो उसे दूसरे विभागों को लीज़ पर दे दिया जाएगा।

(ख) मीडिया इकाइयों (प्रसार भारती के अलावा) सभी तीनों क्षेत्रों में नीति संबंधी अध्ययन, सेमिनार, सम्मेलन, पुनर्मूल्यांकन इत्यादि (प्रसार भारती को छोड़कर)

अध्यादेश, लक्ष्य और उद्देश्य, नीति खाका और नीति वक्तव्य

अर्थव्यवस्था के मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 12 वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के दौरान उच्च वृद्धि क्षमता का वादा करता है। वृद्धि क्षमता को महसूस करने की दिशा में, फिल्म, सूचना और प्रसारण क्षेत्रों में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा विभिन्न परियोजनाओं/कार्यक्रमों को लागू किया जा रहा है। मीडिया ईकाइयों सहित (प्रसार भारती को छोड़कर) सभी तीन क्षेत्रों के लिए, यह परियोजना नीति संबंधी अध्ययनों, सम्मेलन, पुनर्मूल्यांकन इत्यादि पर मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में वर्तमान नई योजना/परियोजनाओं के नीति संबंधी अध्ययनों, सम्मेलनों और पुनर्मूल्यांकन का वादा करती है। अध्ययनों/सम्मेलनों और पुर्नमूल्यांकन के वादे/संचालन से नीति बनाने, नई परियोजनाओं के सिद्धांतीकरण और निगरानी में मदद मिलेगी।

(ग) मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण

सिविल सेवा की दिशा में एक रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली होनी आवश्यक है जो प्रत्येक सिविल सेवक को एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में देखती है जिन्हें मंत्रालय/विभागों/संगठनों के उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये उनका मूल्यांकन, प्रेरणा और विकास करती है। इस परिवर्तन प्रक्रिया के तहत यह आवश्यक है कि उस सेवक की क्षमता और उसके द्वारा किये जाने वाले कार्य में समानता आवश्यक हो और प्रशिक्षण के माध्यम से वर्तमान और भविष्य की भूमिका के अंतर को पाटा जा सके।

2. सक्षमता ज्ञान, कौशल और व्यवहार में है जिनकी पद के कार्य प्रभावी तरीके से करने के लिए एक व्यक्ति में होना आवश्यक होता है। सक्षमता मुख्यत: उन को कौशल में बांटी जा सकती है जिसकी सरकारी सेवकों को विभिन्न कार्यों अथवा स्तर के लिए विभिन्न सक्षमता स्तरों की आवश्यकता होगी। इनमें से कुछ सक्षमताएं नेतृत्व, संचार, वित्तीय तथा

मानव प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी, परियोजना प्रबंधन आदि से संबंधित होती है। अन्य का संबंध पेशेवर अथवा विशेषज्ञता कौशल से होता है, जो कि विशेष कार्यों जैसे कि सड़क निर्माण, सिंचाई परियोजनाओं, बाढ़ नियंत्रण उपाय करना, नागरिक उड्डयन, चिकित्सीय देखभाल, मीडिया प्रबंधन आदि के लिए प्रासंगिक हैं।

3. सूचना और प्रसारण मंत्रालय सूचना, प्रसारण और फिल्म क्षेत्रों के लिए नोडल मंत्रालय हैं। अपनी विभिन्न मीडिया इकाईयों के माध्यम से मंत्रालय विभिन्न सरकारी नीतियों और कार्यक्रमों संबंधी सूचना के प्रचार-प्रसार के लिए उत्तरदायी है। विभिन्न मीडिया हैं - इलेक्ट्रानिक, प्रिंट, फिल्म, अंतरवैयक्तिक प्रचार, जीवंत कला और संस्कृति, जनसूचना अभियान आदि। अपने कैरियर के दौरान भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट तथा अंतर वैयक्तिक मीडिया इकाईयों में तैनात किए जाते हैं। इसी प्रकार, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के मुख्य सचिवालय के अधिकारी मीडिया क्षेत्र के लिए नीतियां बनाने में कार्यरत हैं और विभिन्न मीडिया इकाईयों के लिए प्रशासनिक सुविधा प्रदान करते हैं। यह आवश्यक है कि ये सभी अधिकारी प्रशिक्षित हैं और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारियों को लेने के लिए तैयार हैं।

(घ) अंतरराष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय मीडिया कार्यक्रम 12वीं पंचवर्षीय योजना में यह आरंभ हुआ। इसमें भारत और अन्य देशों के बीच मीडिया की नीति और योजना सूचना और समन्वय के क्षेत्र में मुख्य अधिकारियों को शामिल करना है। अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की पहचान और वृहद भूमिका मीडिया में है। विशेषकर सरकारी समन्वय और संस्थागत कार्य में यह कार्य दोस्ताना भूमिका निभाएगा। इससे सूचना, फिल्म और प्रिंट मीडिया के बीच समन्वय बढ़ेगा।

फिल्म क्षेत्र

केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड, मुंबई

सिनेमोटोग्राफ एक्ट, 1952 सिनेमोटोग्राफ (प्रमाणन) नियम, 1983 तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तहत भारत में फिल्मों के प्रदर्शन के लिए फिल्मों का प्रमाणन करना सीबीएफसी का कार्य है।

सिनेमोटोग्राफ एक्ट के उपबन्धों के अनुपालन में जनता को स्वस्थ मनोरंजन एवं मनोविनोद सुनिश्चित करना सीबीएफसी का उद्देश्य है।

सीबीएफसी का प्रयास प्रमाणन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं जिम्मेदार बनाना है। इसको प्राप्त करने के लिए सीबीएफ सी ने प्रमाणन प्रक्रिया के लिए कम्प्यूटरीकरण के द्वारा आधुनिक तकनीक का ग्रहण किया है।

सीबीएफसी ने सलाहकार पैनल सदस्यों, मीडिया तथा फिल्म निर्माताओं में प्रमाणन के दिशा निर्देशों के लिए जागरुकता उत्पन्न करती है। इस हेतु कार्यशालाओं एवं बैठकों का आयोजन किया जाता है।

योजना

(ए) अत्याधुनिकीकरण और सीबीएफसी का विस्तार और प्रमाणन प्रक्रिया

(i) ऑन लाइन फिल्मों के आवेदन और प्रमाणन, वेबसाइट का उन्नयन, हार्डवेयर बेहतर बनाना।

(ii) चार कार्यालयों के प्रोजक्सन सिस्टम और सभी डिजिटल थियेटरोंका डिजिटलाइजेशन।

(iii) सीबीएफसी, मुंबई और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए अधिक जगह।

मानव संसाधन विकास प्रशिक्षण (योजना)

(i) बोर्ड सदस्यों और क्षेत्रीय अधिकारियों के लिए कार्यशालाओं/सेमिनारों का आयोजन।

(ii) प्रत्येक क्षेत्र में सलाकार समितियों के लिए प्रशिक्षण/सेमिनारों का आयोजन।

(iii) ए बी और सी श्रेणी के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण/सेमिनार।

(iv) ग्रुप ए के अधिकारियों का विदेशों में प्रशिक्षण।

बाल फिल्म समिति, भारत

संक्षिप्त परिचय

समिति की गतिविधियां

1. निर्माण और प्रबंध

सीएफएसआई बच्चों और युवाओं के लिए फीचर फिल्मों, एनीमेशन, लघु फिल्मों, कठपुतली फिल्मों और टीवी सीरियलों के साथ वीडियो फॉर्मेट के निर्माण से भी संबद्ध है। समिति, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म उत्सव में प्रस्तुत की गई कुछ खास विदेशी फिल्मों के प्रदर्शन अधिकार भी खरीदती है। समिति द्वारा बनाई गई फिल्मों को और उन फिल्मों को जिनके प्रदर्शन अधिकार खरीदे गए हैं, विभिन्न भारतीय भाषाओं में डब भी किये जाते हैं।

2. फिल्म महोत्सव

अ. राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव: सीएफएसआई दो वर्ष में एक बार प्रतियोगात्मक अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का आयोजन करती है और राष्ट्रीय बाल-फिल्म महोत्सव आयोजित करने का प्रस्ताव रखती है ताकि बच्चों को उस वर्ष फिल्म निर्माताओं के रूप में बढ़ावा दिया जा सके जिस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव आयोजित नहीं होता है।

ब. अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सवों में भाग लेना: सीएफएसआई के चलचित्रों ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में भाग लिया और पुरस्कार भी जीते हैं। सीएफएसआई के अधिकारी भी इस तरह के महोत्सवों में भाग लेते हैं ताकि सीएफएसआई की फिल्मों का सुदूर देशों में मार्केटिंग किया जा सके और उन्हें (फिल्मों को) बढ़ावा दिया जा सके।

3. फिल्मों की प्रदर्शनी और वितरण

1. निजी प्रदर्शनियां: कई स्कूल और निजी संस्थाएं सुनिश्चित किराया दरों के भुगतान पर एलसीडी प्रोजेक्टरों के माध्यम से स्कूलों में अथवा सिनेमाघरों में गैर-व्यावसायिक फिल्म दिखाने का आयोजन करती हैं।

2. ज़िला और राज्य स्तरीय महोत्सव: इस गतिविधि को ज़िला प्रशासन के सहयोग से संचालित किया जाता है। इसके लिए विभिन्न राज्यों के विभिन्न ज़िलों को निर्धारित किया जाता है और नाम मात्र की दाखिला राशि के साथ पर्दे पर फिल्म दिखाए जाने के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाती है। इन फिल्मों को देखने वाले स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में सरकारी/नगर पालिका स्कूलों/ज़िला परिषद स्कूलों से होते हैं। सन् 2007-08 वित्तीय वर्ष से मंत्रालय द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि लाभ से वंचित बच्चों से कोई भुगतान नहीं लिया जाएगा और यह कि सीएफएसआई फिल्मों को उन्हें मुफ्त में दिखाया जाएगा। वो बच्चे जो चलचित्रों को देखने के लिए नाम मात्र के खर्च पर टिकट खरीद सकते हैं उनसे वह पैसा राजस्व के उत्पादन के लिए व्यय के रूप में खाते में जमा किया जाएगा।

3. गैर-रंगशालीय मुफ्त प्रदर्शनियां: ग्रामीण और शोषित बच्चों तक पहुंच बनाने के लिए सीएफएसआई शहरी और आदिवासी बच्चों के लिए मुफ्त शो का आयोजन करती है। नेहरू युवा केन्द्र संगठनों, युवा मामलों और खेल मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय, गैर-सरकारी संगठनों, ज़िला प्रशासन अधिकारियों के माध्यम से इस गतिविधि को संचालित किया जाता है। मुफ्त प्रदर्शनियों के संचालन के लिए होने वाले व्यय की व्यवस्था सीएफएसआई द्वारा की जाती है और इसके लिए वह सरकार द्वारा उपलब्ध अनुदान-सहायता राशि का इस्तेमाल करती है। परियोजना के अंतर्गत, रिमांड गृहों, अनाथालयों इत्यादियों में रहने वाले को भी शामिल किया जाता है।

4. वितरकों के माध्यम से प्रदर्शनियां: सीएफएसआई स्कूलों और प्रेक्षागृहों में चलचित्रों के प्रदर्शन के लिए वितरकों/आयोजकों को शामिल करती है। ये एक तय मासिक शुल्क लेकर आबंटित क्षेत्र में चलचित्रों को दिखाते हैं।

5. मल्टीप्लेक्स सिनेमाओं के माध्यम से सीएफएसआई फिल्मों की प्रदर्शनी: स्कूलों के सहयोग से पीवीआर मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों के माध्यम से सीएफएसआई फिल्मों को दिखाए जाने का एक विशाल कार्यक्रम भी संचालित किया जाता है। उसके लिए स्कूल पूरे टिकट बुक करा लेते हैं।

6. टेलीविजन पर सिनेमा दिखाया जाना: सीएफएसआई के फिल्मों को दूरदर्शन राष्ट्रीय नेटवर्क और डीडीके क्षेत्रीय चैनलों पर दिखाया जाता है और दूसरे सेटेलाइट चैनलों पर भी दिखाया जाता है।

7. डीवीडी की बिक्री: सीएफएसआई द्वारा लोकप्रिय चुनिंदा फिल्मों को डीवीडी के स्वरूप में रूपांतरित कर दिया जाता है और उनकी बिक्री की जाती है।

8. पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर में गतिविधियां: सीएफएसआई उत्तर-पूर्व राज्यों को शामिल करते हुए क्षेत्रीय भाषाओं में फिल्मों को बढ़ावा देती है। इसके लिए सीएफएसआई निर्माण, कार्यशालाओं और प्रदर्शनियों का आयोजन करती है।

फिल्म समारोह निदेशालय

अधिदेश, लक्ष्य, उद्देश्य नीति निर्धारण और नीति व्यक्त

फिल्म समारोह निदेशालय (डीएफएफ) को अच्छे सिनेमा को बढ़ावा देने तथा भारत में फिल्म समारोहों का आयोजन करने , देश और विदेश में भारतीय फिल्मों को बढ़ावा देने फिल्म सप्ताह का आयोजन तथा राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

निदेशालय भारत में और विदेशों में सर्वश्रेष्ठ भारतीय सिनेमा को प्रदर्शित करने का प्रयास भी करता है। निदेशालय द्वारा आयोजित फिल्म समारोह भारत और विदेश के एक जैसी सोच वाले पेशेवरों के लिये विचार विनिमय और अपने दृष्टिकोण और अवधारणाओं को एक दूसरे के साथ बांटने के एक मंच के रूप में कार्य करता है।

12वीं योजना स्कीम के एक भाग के रूप में निदेशालय की गतिविधियां ''भारत और विदेशों में फिल्म समारोह के जरिये निर्यात संवर्धन'' योजना के माध्यम से चलायी जाती हैं।

जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

क) भारत और विदेशों में आयोजित फिल्म समारोहों में भारतीय फिल्म पैनोरमा की भागीदारी

ख) भारतीय पैनोरमा फिल्मों के प्रिंट का चयन

ग) भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह

इसके अतिरिक्त , सीरीफोर्ट फिल्म समारोह परिसर के रखरखाव और देखभाल की जिम्मेदारी भी डीएफएफ की है।

मंत्रालय के प्रमुख सचिवालय के तहत 12वीं योजना स्कीम में ''फिल्म क्षेत्र में ढांचागत विकास कार्यक्रम'' के तहत ''सीरी फोर्ट परिसर के स्तर में सुधार'' प्रस्तावित है, जिसमें प्रोजेक्शन सिस्टम का स्तर बेहतर करना, ताकि डिजिटल प्रोजेक्शन समेत सभी प्रकार के प्रारूप संचालित हो सकें, तथा सुविधाओं में निरंतर सुधार के साथ ही सीरी फोर्ट ऑडिटोरिया में आधुनिक अकॉस्टिक सिस्टम लगाना, ताकि परिसर का अधिक से अधिक उपयोग हो और राजस्व का सृजन हो।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

अधिदेश, लक्ष्य और उद्देश्य, नीति निर्धारण और नीतिगत ब्यौरा

फिल्म संस्थान की स्थापना 1960 में पुणे में फिल्म निर्माण की कला और तकनीक का प्रशिक्षण देने लिए की गई थी। 1974 से इसने दूरदर्शन कर्मचारियों को टेलीविजन निर्माण में प्रशिक्षित करने का काम भी शुरू किया और इसका नाम भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान कर दिया गया। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान अपनी तरह का प्रमुख संस्थान है और फिल्म निर्माण एवं टेलीविजन प्रशिक्षण देने का पूरा उत्तरदायित्व इसी पर है।

अकादमिक गतिविधियां

संस्थान द्वारा संचालित किये जाने वाले अकादमिक पाठ्यक्रम:

क्रम संख्या	पाठ्यक्रमों का नाम	वर्तमान में छात्रों की संख्या
(ए)	**फिल्म एवं टेलीविजन में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम**	
1	निर्देशन	65
2	सिनेमैटोग्राफी (फिल्म एवं टेलीविजन)	65
3	सम्पादन (फिल्म एवं टेलीविजन)	64
4	ऑडियोग्राफी (फिल्म एवं टेलीविजन)	58

(बी)	**दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम**	
1	अभिनय	24
2	कला निर्देशन और निर्माण डिजाइन	29
(सी)	**एनीमेशन एवं कंप्यूटर ग्राफिक्स में डेढ़ वर्षीय सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम**	00
(डी)	**टेलीविजन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम**	
1	निर्देशन	12
2	इलेक्ट्रॉनिक सिनेमैटोग्राफी	12
3	वीडियो एडिटिंग	12
4	ऑडियोग्राफी एंड टेलीविजन इंजीनियरिंग	11
(इ)	**फीचर फिल्म पटकथा लेखन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम**	**11**
	कुल	**363**

वर्ष 2012-13 में एनीमेशन एवं कंप्यूटर ग्राफिक्स में प्रवेश नहीं

लघु पाठ्यक्रम :

एफटीआईआई कामकाजी पेशेवरों और संबंधित क्षेत्रों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए विभिन्न लघु पाठ्यक्रम चलाता है।

आयोजना योजनाएं

संस्थान मुख्यत: प्रशिक्षण के बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण के तरीकों के संवर्धन और आधुनिकीकरण के लिए आयोजना योजनाएं लागू करता है। इसका उद्देश्य संस्थान के लिये राजस्व सृजित करने हेतु प्रशिक्षित पेशेवरों का आउटपुट बढ़ाना, उपलब्ध सुविधाओं को उचित और आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ विकसित करना और फिल्म शूटिंग की सुविधाएं यथासम्भव प्रदान करना आदि है।

आयोजना योजना के तहत फिल्म और टेलीविजन शिक्षण के लिये आधुनिक तकनीक के साथ उचित वातावरण भी तैयार किया जाता है।

फिल्म प्रभाग

भारत सरकार की जरूरतों के अनुसार वृत्तचित्र, एनिमेशन और लघु फिल्में बनाने तथा उनके वितरण दायित्व फिल्म प्रभाग वहन करता है। इन वृत्तचित्रों, एनिमेशन तथा लघु फिल्मों का इस्तेमाल जनता को सूचित, शिक्षित और प्रेरित करने व निर्देश देने और सांस्कृतिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

इस अधिदेश को हासिल करने के लिए फिल्म प्रभाग विभिन्न विषयों पर वृत्तचित्र बनाता है। यह निजी निर्माताओं को भी वृत्तचित्र बनाने के लिये प्रोत्साहित करता है। देश में वृत्तचित्र आंदोलन को बढ़ाने के लिए, फिल्म प्रभाग द्विवार्षिक मुंबई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह आयोजित करता है। यह समारोह में विश्व के सभी वृत्तचित्र निर्माताओं को एक मंच पर आकर अपने विचार साझा करने का अवसर प्रदान करता है।

भारत का राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार

अध्यादेश, लक्ष्य और उद्देश्य

एक कला और ऐतिहासिक दस्तावेज के रूप में चलचित्र के संरक्षण की जरूरत को पूरी दुनिया में मान्यता दी जा चुकी है। सिनेमा संरक्षण का कार्य, उसका सभी विभिन्न अभिव्यक्तियों और स्वरूपों में, भारत के राष्ट्रीय पुरातत्व विभाग (एनएफएआई) के पास निहित है। एनएफएआई एक ऐसी राष्ट्रीय संस्था है जिसके पास पर्याप्त संसाधन और विशेषज्ञता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वतंत्र मीडिया के तौर पर फरवरी 1964 में एनएफएआई की स्थापना की गई।

भारत के राष्ट्रीय चलचित्र पुरातत्व के लक्ष्य और उद्देश्य है:

(अ) राष्ट्रीय चलचित्र की परम्परा को खोजना, हासिल करना और संरक्षित करना तथा विश्व सिनेमा के प्रतिनिधित्व संग्रह को बनाना

(ब) चलचित्र संबंधी आंकड़ों का वर्गीकरण और दस्तावेज तैयार करना, ज़िम्मेदारी लेना और सिनेमा पर अनुसंधान को बढ़ावा देना तथा उनका प्रकाशन और वितरण

(स) देश के चलचित्र संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए एक केन्द्र के रूप में कार्य करना तथा सुदूर (विदेशों) में भारतीय सिनेमा की सांस्कृतिक उपस्थिति को सुनिश्चित करना।

सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

अधिदेश, लक्ष्य और उद्देश्य, नीति निर्धारण और नीतिगत ब्यौरा

सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान की स्थापना कोलकाता में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था के रूप में की गई थी। यह फिल्म निर्माण की कला और तकनीक का प्रशिक्षण देने वाला एक प्रमुख संस्थान है। यह राष्ट्रीय स्तर का सरकार द्वारा स्थापित दूसरा संस्थान है। सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान का लक्ष्य-निम्नलिखित विषयों में तीन वर्ष का स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाना है :-

1) निर्देशन और पटकथा लेखन

2) मोशन पिक्चर फोटोग्राफी

3) सम्पादन

4) ध्वनांकन

5)फिल्म और टेलीविजन के लिये निर्माण

संस्थान एनिमेशन और इलेक्ट्रॉनिक इमेजिंग में पाठ्यक्रम शुरू करने की प्रक्रिया में है।

निम्नलिखित तालिका में विभागों के अनुसार छात्रों की संख्या दर्शायी गई है :

बैच	**9वां बैच**	**10वां बैच**	**11वां बैच**	**12वां बैच**	
वर्ष	**2010-13**	**2011-14**	**2012-15**	**2013-16**	**कुल**
निर्देशन	9	11	10	12	42
एमपीपी	10	9	11	10	40
सम्पादन	7	11	11	11	40
ध्वनि	10	11	07	08	36
फिल्म और टेलीविजन के निर्माण	-	-	10	08	18
	36	**42**	**49**	**49**	**176**

मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग स्कीमें

(क) एंटी पाइरेसी पहल (नई स्कीम)

पाइरेसी किसी भी सृजनात्मक क्षेत्र, विशेषकर फिल्म क्षेत्र के लिये बड़ा खतरा है। इसलिए, इस योजना का मुख्य उद्देश्य पाइरेसी के खिलाफ सभी हितधारकों के बीच जागरुकता फैलाना और उन्हें इससे निपटने के लिए शिक्षित करना है। योजना में इस संदर्भ में मंत्रालय द्वारा पहले से ही उठाये गये कदमों को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। इस योजना के तहत फिल्म, प्रसारण और संगीत उद्योग के सभी हितधारकों को शामिल कर मल्टी-मीडिया प्रचार अभियान शुरु करने की परिकल्पना की गई है। फिल्म और मीडिया की कई हस्तियों से एक ऐसे प्रचार में हिस्सा लेने का अनुरोध किया जाएगा, जिसमें जनता से पाइरेटेड सामान न खरीदने को कहा जाए। ये प्रचार अभियान दूरदर्शन/आकाशवाणी, निजी टी वी चैनलों और निजी एफएम पर चलाए जाएंगे। कॉपीराइट कानून के बारे में जानकारी देने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में पुलिस, न्यायिक तथा प्रशासनिक अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। पाइरेसी के प्रभावों पर शोध कराया जाएगा, ताकि विकास हो सके साथ ही साथ पाइरेसी से निपटने के लिये सार्वजनिक-निजी रणनीतियां भी लागू की जा सकें।

(ख) फिल्म सामग्री का विकास, संचार एवं प्रसार

देश में सौंदर्यपरक तथा तकनीकी रूप से उत्कृष्ट फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए तथा विभिन्न अंतराष्ट्रीय फिल्मों को प्रोत्साहित करने, और फिल्मों संबंधित सामग्री के संरक्षण के लिए मंत्रालय ने 12वीं योजना के तहत एक योजना तैयार की है। उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न मीडिया इकाइयों के बीच विभिन्न गतिविधियों के दौरान बेहतर समन्वय के लिए तथा विभिन्न समारोहों जैसा कि अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह, फिल्म बाजारों में भागीदारी तथा भारत तथा विदेशों में आयोजित विभिन्न फिल्म समारोहों, वृत्तचित्र फिल्मों के मुम्बई फिल्म समारोह, देश भर में बाल फिल्मों के प्रदर्शन के साथ अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह का आयोजन, फीचर फिल्मों के निर्माण–जैसी गतिविधियों को मंत्रालय के मुख्य सचिवालय की 12वीं योजना के तहत ''फिल्म सामग्री का विकास, संचार और प्रसार' नामक एकल योजना में समाहित करना है। योजना के विभिन्न घटक इस प्रकार से है:

* भारत तभा विदेशों में फिल्म समारोह का आयोजन तथा भागीदारी करना, इसमें फिल्मी हस्तियों और अधिकारियों की विदेश यात्राओं, स्वयं सेवी संस्थाओं/राज्य सरकार की संस्थाओं को देश में फिल्म समारोह के आयोजन के लिए अनुदान देना तथा एफएफएसआई को कलात्मक कोटि की फिल्म सराहना पर पत्र प्रकाशन और विचार गोष्ठी तथा सम्मेलनों के आयोजनों के लिए अनुदान शामिल हैं।
* भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के आयोजन और भारतीय पैनोरामा के तहत फिल्मों का चयन तथा भारतीय पैनोरामा फिल्मों का अधिग्रहण।
* भारत तथा विदेशों में फिल्म बाजारों में भागीदारी।
* वृत्तचित्र फिल्मों के लिए द्विवार्षिक मुम्बई अंतराष्ट्रीय फिल्म समारोह का आयोजन।
* राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह का हर दूसरे वर्ष में आयोजन। (दो वर्ष में एक बार)।
* राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह का आयोजन।
* देश भर के विद्यालयों में बाल फिल्मों का प्रदर्शन।
* विभिन्न भारतीय भाषाओं में फीचर फिल्मों का निर्माण।
* वृत्तचित्रों का निर्माण।
* बाल फिल्मों का निर्माण।
* फिल्म प्रभाग द्वारा प्राचीन फिल्मों की वेबकास्टिंग।
* प्राचीन फिल्म सामग्री का अधिग्रहण।

भारतीय पैनोरामा के तहत प्रत्येक वर्ष की भांति देश में उत्कृष्ट सिनेमा के निर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए तथा सिनेमाई, विषय आधारित और सौंदयपरक फीचर फिल्मों तथा गैर फीचर फिल्मों का चयन होता रहेगा। इसी प्रकार, भारत एवं विदेशों में भारतीय सिनेमा को प्रोत्साहन देने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति फिल्मों के चयन की प्रक्रिया जारी रहेगी।

योजना के तहत, विश्व भर की विभिन्न फिल्म बाजारों में भारतीय फिल्मों के संर्वन भी शामिल हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा भारत तथा विदेशों में आयोजित विभिन्न फिल्म समारोहों के दौरा प्रमुख फिल्म बाजरों में भारत पैवेलियन की स्थापना की है जिससे की विभिन्न प्रमुख समारोहों में भारतीय फिल्म उद्योगों को प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। इस योजना के तहत, फिल्म प्रभाग द्वारा वृत्तचित्रों के लिए मुम्बई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह का आयोजन होता रहेगा।

भारतीय बाल फिल्म सोसाइटी (सीएफएसआई) अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह का आयोजन करेगी। जीएफएसआई में राष्ट्रीय बाल फिल्म समारोह की देश के प्रत्येक भाग तक ले जाने की योजनाएं बनाई हैं ताकि सभी क्षेत्रों के बच्चों को इसमें भागीदारी करने का समान अवसर मिलने के साथ-साथ बच्चों द्वारा उनके लिए बनाई गई फिल्मों का आनंद ले सकें।

'नगर पालिका के स्कूलों में बाल फिल्मों के प्रदर्शन' योजना के अंतर्गत ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों की प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के लाभ हेतु तथा नगर पालिका/जिला परिषदों के स्कूलों के बच्चों, जो कि सामान्यत: बेहतरीन बाल फिल्मों से वंचित रहते हैं, को बाल फिल्मों के मुफ्त प्रदर्शन की योजना की कल्पना की गई है। युवा एवं उभरते हुए निर्देशकों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न भारतीय भाषाओं में फीचर फिल्मों के निर्माण की योजना प्रस्तावित है। योजना के तहत देश में 'वृत्तचित्रों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए वृत्तचित्रों के निर्माण को प्रोत्साहन मिल सकें। योजना के तहत एकल निर्माता के साथ-साथ गैर सरकारी संस्थाओं को भी विभिन्न विषयों पर वृत्तचित्र निर्माण के लिए भी प्रोत्साहित करती है। इस योजना का एक घटक सीएफएसआई द्वारा बाल फिल्मों का निर्माण भी है।

नंबर	विभाग की योजना	कार्यान्वयन एजेंसी
1.	भारत में फिल्म महोत्सवों में भागीदारी और विभिन्न महोत्सव का विदेशों में आयोजन किया जाता है। इसमें फिल्म महोत्सव निदेशालय के अधिकारी विदेश यात्रा भी करते हैं। गैर सरकारी संगठन। राज्य सरकार के साथ वित्तिय सहयोग कर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। सेमिनार कांफ्रेंस, फिल्म एनीमेशन इत्यादि से फिल्मी ज्ञान को बढ़ावा देना।	फिल्म महोत्सव निदेशालय
2.	भारतीय पैनोरमा के अंतर्गत फिल्मों का चयन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए किया जाता है।	फिल्म महोत्सव निदेशालय
3.	भारत एवं विदेशों में फिल्मों के बाजार में भागीदारी। विभिन्न भारतीय भाषा में फीचर फिल्म का निर्माण।	एनएफडीसी
4.	इन वर्षों में आयोजित मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (मिफ्फ) लघु एवं वृत्त चित्र महोत्सव का आयोजन।	फिल्म प्रभाग
5.	अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का दो वर्षों में आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव/बाल फिल्मों का निर्माण	
6.	बाल फिल्मों का पूरे देश के स्कूलों में प्रदर्शन	बाल फिल्म सोसाइटी, भारत
7.	शताब्दी महोत्सव	सभी मीडिया केन्द्र

(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन

वर्ष 1930 से 1931 के दौरान भारत में मोशन पिक्चर के प्रारम्भ होने के साथ, लगभग 1300 मूक फिल्मों का निर्माण हुआ तथा वर्ष 2010 तक 40000 से अधिक फिल्मों का निर्माण हो चुका है। साथ ही, वर्तमान में, भारत में प्रतिवर्ष 900 लघु फिल्मों तथा डाक्यूमेन्ट्री फिल्मों का निर्माण किया जाता है। सरकार फिल्म विरासत को डिजीटलाइजेशन एवं अनुरक्षण के जरिए संरक्षित करती है।

योजना का लक्ष्य ''प्रिजर्वेशन विदाउट एरर्स, एक्सेज विदाउट एंड'' है। इस प्रकार 12वीं योजना के दौरान एक राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन (एन एफ एच एम) की स्थापना का प्रस्ताव है।

(क) 1050 फीचर फिल्म और 960 लघु फिल्मों का पुनरुद्धार,

(ख) 1050 फीचर फिल्मों और 1200 लघु फिल्मों का डिजिटलीकरण,

(ग) अभिलेखीय उद्देश्य के लिए 1050 फीचर फिल्मों तथा 960 लघु फिल्मों के इंटर-निगेटिवों की स्ट्राइकिंग,

(घ) पुनरुद्धार की गई वॉलट का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्माण,

(ड़) पुनरुद्धार और संरक्षण के क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।

संपूर्ण प्रोजेक्ट सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सीधे नियंत्रण में एक मिशन के तहत किया जाएगा।

(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना

प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तीव्र विकास की बदौलत एनिमेशन, गेमिंग और स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स के क्षेत्र में वृद्धि को बढ़ावा मिला है। टीवी कार्यक्रमों, फिल्मों और वीडियो के लिये विषयसूची तैयार करने में एनिमेशन साफ्टवेयर कार्यक्रमों का इस्तेमाल के लिए 2 डी सैल एनिमेशन तथा 3 डी एनीमेशन तकनीकों को काम में लाया जाता है। 3 डी मोशन केप्चर एनिमेशन तकनीकों का इस्तेमाल लो रिजोल्युशन गेम, इंटरनेट करेक्टर्स, स्पेशल इफेक्ट्स आदि में होता है। इसी तरह, गेमिंग उद्योग गेम डिजाइन, प्लेटफार्म डिजाइन तथा प्ले केरेक्टरिस्टिक्स के लिए नवीनतम गेमिंग साफ्टवेयर पर निर्भर है। भारतीय गेमिंग उद्योग द्वारा मोबाइल तथा आनलाइन गेमिंग खंडों में अवसरों का इस्तेमाल किये जाने की सम्भावना है। ऐनिमेशन, गेमिंग तथा विजुअल इफेक्ट्स उद्योग में प्रौद्योगिकी तथा तकनीकी/व्यवसायिक दोनों में कुशल लोगों की जरूरत होती है। इस क्षेत्र में भारतीय उद्योग को पहले से ही विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इन उद्योगों में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है, इसके बावजूद वैश्विक मांग तथा भारत में आई टी विशेषज्ञों की विशाल संख्या होने की वजह से इसमें जबरदस्त सम्भावनाएं मौजूद हैं।

विजुअल इफेक्ट्स अत्यंत कौशलपूर्ण गतिविधि है जो दृश्य-श्रव्य उद्योग में तेजी से दिखने लगा है। यह कौशल विकास एनिमेशन तथा गेमिंग के अनुरूप है जिसमें राजस्व की संभावनाएं अधिक हैं।

तेजी से बढ़ रहे एनिमेशन, गेमिंग एवं विजुअल इफेक्ट्स उद्योग में प्रशिक्षित व्यवसायिकों का अभाव है। उद्योग के विकास के बाद कुशल व्यवसायिकों की मांग और बढ़ सकती है। इसलिये यह बेहद जरूरी है कि भारत एनिमेशन, गेमिंग और विजुअल इफेक्ट्स क्षेत्र में प्रशिक्षित व्यवसायिकों की संख्या बढ़ाए है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए इस क्षेत्र के वास्ते मानव संसाधन योजना की आवश्यकता है, जिससे प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो। इसलिये स्कूलों के पाठ्यक्रमों और उच्च शिक्षा में एनिमेशन प्रशिक्षण में पारस्परिक संबंध बनाने की जरूरत है।

उपरोक्त उद्देश्य के मद्देनजर एनिमेशन, गेमिंग तथा विजुअल इफेक्ट्स क्षेत्र के लिए सरकारी/निजी भागीदारी में एक विशेष प्रशिक्षण एवं सलाहकार संस्थान की स्थापना की परिकल्पना की गई है, ताकि इन क्षेत्रों में शिक्षण एवं प्रशिक्षण मानकों के मापदंड निर्धारित और कार्यान्वित किये जा सके और पूरे क्षेत्र को नेतृत्व की भूमिका प्रदान की जा सके।

संस्थान इस क्षेत्र में अनुसंधान के अवसर भी उपलब्ध कराएगा। इससे और अधिक तकनीकी पहलों एवं साफ्टवेयर का विकास होगा। दूरगामी दृष्टिकोण से अनुसंधान से केवल बौद्धिक सम्पदा को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि ज्यादा राजस्व अर्जित करने में भी सहायक होगा तथा संबंधित क्षेत्र का नेतृत्व भी हो सकेगा।

संस्थान की स्थापना सार्वजनिक-निजी भागीदारी माडल के तहत करने का प्रस्ताव है। यह योजना अभी मंजूर नहीं हुई है।

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनिटरिंग सेल

इलेक्ट्रानिक मीडिया मानीटरिंग सेंटर (ईएमएमसी) सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन एक अधीनस्थ कार्यालय है। इसका प्रवर्तन 9 जून, 2008 को प्रारंभ हुआ जिसका उद्देश्य (i) केबल टेलीविजन नेटवर्क्स (रेग्यूलेशन) एक्ट 1995 तथा उसके अंतर्गत गठित नियमों में निहित कार्यक्रम और विज्ञापन संहिताओं, (ii) निजी एफएम रेडियो चैनलों तथा (iii) प्रसारण क्षेत्र की सामग्रियों की निगरानी से संबंधित अन्य कार्यों के उल्लंघनों की निगरानी करना है। ईएमएमसी की निगरानी करने की क्षमता को 5 जनवरी, 2011 से 150 टीवी चैनलों से बढ़ा कर 300 टीवी चैनल कर दिया गया है।

सरकार लगभग 800 टीवी चैनलों को अनुमति प्रदान कर चुकी है, जिससे 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के अंत तक चैनलों की संख्या 1500 तक पहुंचने की संभावना है। 12वीं योजना में इन 1500 सेटेलाइट टीवी चैनलों की रिकार्डिंग और मानीटरिंग क्षमता को बढ़ाने पर भी विचार किया गया है। इस समय, देश में लगभग 245 निजी एफएम स्टेशन कार्य कर रहे हैं और तीसरे चरण के अंतर्गत 839 नए एफएम स्टेशनों का प्रस्ताव है। 12वीं योजना अवधि के दौरान एफएम सामग्री की केंद्रीकृत निगरानी प्रारंभ की जानी है। इसके अतिरिक्त लगभग 170 कम्युएनिटी रेडियो स्टेशन (सीआरएस) इस समय कार्य कर रहे हैं और लगभग 220 आवेदनों पर विचार किया जा रहा है। सीआरएस के लिए केंद्रीकृत सामग्री निगरानी सुविधा भी जल्द शुरू की जाएगी। तदनुसार 'ईएमएमसी के सुदृढ़ीकरण' संबंधी योजना स्कीम के लिए 90.00 करोड़ रुपये की कुल लागत की मंजूरी दी गई है।

प्रसार भारती

अधिदेश,लक्ष्य एवं उद्देश्य और नीति व्यक्तव्य

अधिदेश प्रसार भारती नाम से भारतीय प्रसारण निगम की स्थापना के प्रावधान बनाए गए। प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 को 15 सितंबर 1997 से लागू किया गया। इस अधिनियम में प्रावधान है कि निगम सर्वसाधारण को जानकारी देने, शिक्षित करने और मनोरंजन के लिए सार्वजनिक सेवा प्रसारण का कार्य करेगा। यानी जो कार्य पहले आकाशवाणी और दूरदर्शन करते थे, वह कार्य अब यह निगम करेगा। निगम के सामान्य पर्यवेक्षण निर्देशन और प्रबंध के कार्य प्रसार भारती बोर्ड को सौंपे जाएंगे। यह बोर्ड अपने ऐसे सभी अधिकारों का इस्तेमाल और अपने ऐसे सभी कार्य उसी प्रकार करेगा जिस प्रकार इस अधिनियम के तहत निगम द्वारा किए जाते हैं।

निगम अपने कार्य सुचारू रूप से कर सके, इसके लिए अधिनियम में प्रावधान है कि संसद द्वारा कानूनी तौर पर इस बारे में विधिवत विनियोजन किए जाने के बाद केंद्र सरकार आवश्यकतानुसार निगम को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में इक्विटी सहायता अनुदान या ऋण के रूप में धनराशि प्रदान कर सकती है। निगम का अपना कोष होगा और निगम की सारी प्राप्तियां इसी कोष में जमा की जाएंगी और निगम सभी भुगतान इसी कोष से करेगा।

1. इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निगम का प्राथमिक दायित्व सर्वसाधारण को जानकारी देने, शिक्षित करने और मनोरंजन के लिए सार्वजनिक प्रसारण सेवा को संचालन करना तथा रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारण का संतुलित विकास सुनिश्चित करना होगा।

स्पष्टीकरण—शंका दूर करने के लिए एतद् द्वारा यह घोषणा की जाती है कि इस खंड के प्रावधान भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के प्रावधानों के अलावा होंगे, न कि अधिनियम के प्रावधानों के विरुद्ध होंगे।

2. निगम अपने कार्यों के निर्वहन में निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखेगा :

(क) देश की एकता और अखण्डता तथा संविधान में निहित मूल्यों का संरक्षण।

(ख) सार्वजनिक हित, राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय मामलों के बारे में मुक्त, सच्ची तथा निष्पक्ष सूचना प्राप्त करने के नागरिक के अधिकार का संरक्षण तथा अपनी विचारधारा या किसी राय को जोड़े बिना विविध दृष्टिकोणों सहित सूचना की निष्पक्ष तथा संतुलित प्रस्तुति।

(ग) शिक्षा के क्षेत्र में एवं साक्षरता, कृषि, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और विज्ञान एवं तकनीक पर विशेष ध्यान देना।

(घ) उपयुक्त कार्यक्रमों के प्रसारण द्वारा देश के विविध क्षेत्रों की सांस्कृतिक विविधता एवं भाषाओं को पर्याप्त कवरेज प्रदान करना।

(ङ) क्रीड़ा एवं खेल को पर्याप्त कवरेज प्रदान करना जिससे कि स्वस्थ प्रतियोगिता एवं खेल भावना को बढ़ावा मिले।

(च) युवाओं की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त कार्यक्रम प्रदान करना।

(छ) महिलाओं की स्थिति एवं समस्याओं के संबंध में राष्ट्रीय चेतना बढ़ाना तथा महिला उत्थान पर विशेष ध्यान देना।

(ज) शोषण, असमानता को दूर करने, सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने एवं छुआ-छूत जैसी बुराई को दूर करने तथा समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए काम करना।

(झ) कामगारों के अधिकारों की रक्षा करना एवं उनके कल्याण को बढ़ावा देना।

(ञ) कमजोर एवं ग्रामीण वर्ग तथा सीमावर्ती क्षेत्र, पिछड़े एवं सुदूर क्षेत्रों के लोगों की भलाई के लिए कार्य करना।

(ट) अल्पसंख्यकों एवं जनजातीय समुदायों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त कार्यक्रम प्रदान करना।

(ठ) बच्चों, नेत्रहीनों, बूढ़ों, अपंगों एवं जनता के अन्य कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा के लिए विशेष कदम उठाना।

(ड) राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने के लिए, ऐसे प्रसारण करना जो भारत में विभिन्न भाषाओं के जरिए संवाद को बढ़ाते हों और हर राज्य में वहां की भाषा में क्षेत्रीय प्रसारण को बढ़ावा देना।

(ढ) उपयुक्त तकनीक द्वारा समग्र प्रसारण कवरेज प्रदान कराना तथा प्रसारण फ्रीक्वेंसी का सर्वोत्तम उपयोग एवं उच्चस्तरीय उपलब्धियां सुनिश्चित करना।

(ण) रेडियो एवं टेलीविजन प्रसारण के निरंतर विकास के क्रम में शोध एवं विकास कार्य को आगे बढ़ाना।

(त) विभिन्न स्तरों पर प्रसारण के विभिन्न चैनलों की स्थापना द्वारा प्रसारण सुविधाओं का विस्तार।

3. विशेष रूप से एवं बिना पूर्वाग्रह के सामान्य रूप से, वर्तमान प्रावधानों के अनुरूप, निगम कुछ कदम उठा सकता है :

(क) कार्यक्रमों के निर्माण एवं उपलब्धता को लोकसेवा के रूप में संचालित करने के लिए प्रसारण को सुनिश्चित करना।

(ख) रेडियो एवं टेलीविजन के लिए समाचार एकत्र करने के लिए एक व्यवस्था की स्थापना।

(ग) खेल प्रतियोगिताओं, अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं, फिल्मों, सीरियलों, समारोहों, बैठकों तथा जनहित की अन्य घटनाओं के कार्यक्रमों के प्रसारण के लिए खरीद अथवा प्राप्ति के लिए बातचीत करना और ऐसे कार्यों की प्रक्रिया निर्धारित करना।

(घ) रेडियो, टेलीविजन या अन्य सामग्री के लिए लाइब्रेरी की स्थापना एवं देखभाल।

(ङ) समय-समय पर कार्यक्रम, दर्शक शोध, बाजार या तकनीकी सेवाओं को संचालित या प्रारंभ करना, जो उपयुक्त व्यक्तियों को उपयुक्त तरीकों और नियमों एवं शर्तों के अनुसार कार्य किए जा सके।

(च) नियमों द्वारा विर्निदिष्ट हो सकने वाली अन्य सेवाओं को प्रदान करना।

4. उपखंड (2) और (3) निगम की कोई बात निगम को, ऐसे नियमों एवं शर्तों के अनुसार जो सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट हों, विदेशी सेवाओं के प्रसारण और ऐसे विदेशी प्रसारण की निगरानी से नहीं रोक सकती जिनके प्रसारण के लिए केंद्र सरकार से भुगतान किया जाना हो।

5. इस खंड में स्थापित उद्देश्यों को बढ़ाने के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध कराया गया है, इनकी सुनिश्चितता के उद्देश्य के लिए विज्ञापन के संबंध में केंद्र सरकार को प्रसारण समय की अधिकतम सीमा के निर्धारण की शक्ति होगी।

6. निगम की मात्र इस आधार पर कोई भी सिविल जवाबदेही नहीं होगी कि वह इस खंड के किसी भी प्रावधान को पूरा करने में असफल रहा है।

7. निगम को विज्ञापन या ऐसे कार्यक्रम, जो नियमों द्वारा विनिर्दिष्ट हो, के संबंध में फीस या अन्य सेवा शुल्क निर्धारित करने का अधिकार होगा।

इस खंड के अधीन इकट्ठा की गई फीस या अन्य सेवा शुल्क समय-समय पर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित सीमाओं से बाहर नहीं हो।

लक्ष्य तथा उद्देश्य

आकाशवाणी (ऑल इंडिया रेडियो), प्रसार भारती का एक अभिन्न भाग है, जो उपरोक्त दिए गए आदेशों को निरंतर पूरा कर रहा है। आकाशवाणी अपने विभिन्न स्टेशनों से प्रसारित कार्यक्रमों द्वारा लोगों को सूचना देता है, शिक्षित करता है और उनका मनोरंजन करता है। यह पूरे देश की जनता को सरकारी नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की सूचना श्रव्य-प्रसारण के माध्यम से देता है और संस्कृति, शिक्षा, विज्ञान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता तथा सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों पर विभिन्न कार्यक्रम प्रसारित करता है। यह पूरे देश की जनता को महत्वपूर्ण समाचार तथा सम-सामयिक घटनाओं की जानकारी देता है। यह विचारों के विभिन्न बिंदुओं को प्रस्तुत करता है ताकि इसके द्वारा प्रसारित कार्यक्रम संतुलित एवं निष्पक्ष हों। यह शिक्षा एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देता है। यह प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अपने तीव्र प्रसार के द्वारा जनता एवं सरकारी विभागों को समय पर सूचना प्रदान करता है। यह एक व्यवसायिक सेवा (विविध भारती) भी संचालित करता है जो कि वस्तुओं एवं सेवाओं की बिक्री के विज्ञापन भी देता है। इसका विदेश सेवा प्रभाग विदेशी श्रोताओं के लिए कार्यक्रम प्रसारित करता है। इसका समाचार सेवा प्रभाग 24 घंटे ताजा समाचार उपलब्ध कराता है। इसके अलावा आकाशवाणी का एफएम और डीटीएच चैनल दिन-रात संगीत, गाने आदि के जरिये लोगों का मनोरंजन करते हैं।

नीति वक्तव्य

सार्वजनिक सेवा प्रसारक के रूप में प्रसार भारती के उद्देश्य हैं

- गुणवत्तापूर्ण कार्यक्रम बनाना और
- महिलाओं, बच्चों, सुविधाविहीन, विशिष्ट भाषाई समूहों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों पर केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से सूचना प्रदान करने, शिक्षा देने और मनोरंजन करने के प्रयोजन को पूरा करना।

दृष्टिकोण पत्र

स्वतंत्रता से पहले और स्वतंत्रता के बाद आकाशवाणी की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। स्वतंत्रता के बाद से आकाशवाणी (जनसंख्या और क्षेत्रवार दोनों) ने काफी प्रगति की है। आकाशवाणी ने अपने प्रसारण केन्द्रों, कर्मचारियों, रिसिविंग केन्द्रों और एफएम ट्रांसमीटर सहित) ट्रांसमीटरों की संख्या को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है। प्रसार भारती के अन्तर्गत आकाशवाणी ने प्रसार भारती के लक्ष्य और उद्देश्य को पूरा किया है।

प्रसार भारती के अंतर्गत आकाशवाणी, प्रसार भारती के अधिदेश को आगे बढ़ाने के लक्ष्यों और उद्देश्यों को हासिल करने का प्रयत्न करता है। अनेक प्रकार की नई पहल की जा रही है, जैसे 86 चुने हुए आकाशवाणी स्टेशनों से खेत और घर से जुड़े कार्यक्रम- किसान वाणी कार्यक्रम, पर्यावरण, परिवार कल्याण, ग्रामीण बच्चों और छोटे बच्चों को केंद्र में रखकर बनाए गए विशेष कार्यक्रम, महिला कार्यक्रम, शैक्षिक प्रसारण (इग्नू/एनसीईआरटी/सीआईईटी) दिखाए जा रहे हैं। एचआईवी/एड्स पर जागरूकता बढ़ाने के कार्यक्रम

और दूसरे स्वास्थ्य कार्यक्रमों, इग्नू के सहयोग के साथ कार्यक्रम, राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका (विज्ञान भारती), सीसेम स्ट्रीट कार्यक्रमों को आकाशवाणी पर प्रसारित किया गया है, साथ ही संगीत और नाटक से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण भी किया जाता है। पहल के इंजीनियरिंग पक्ष की ओर देखा जाए तो जम्मू कश्मीर और उत्तर पूर्व और द्वीपीय क्षेत्रों के लिए विशेष पैकेज कार्यक्रम चलाए गए हैं और एफएम सेवाओं का विस्तार, प्रोडक्शन कार्यक्रमों और ट्रांसमिशन सुविधाओं का डिजिटलीकरण एवं नई तकनीक को प्रस्तावित किया गया है। समाचार सेवा प्रभाग और अनुसंधान एवं विकास से संबंधित गतिविधियों को भी संचालित किया गया है।

सभी प्रकार की पहल के उचित एवं समयाबद्ध कार्यान्वयन को परिणाम के रूप में प्रदर्शित करना सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

भारतीय क्लासिक योजना का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता के कार्यक्रम का निर्माण और देश की समृद्ध संस्कृति तथा साहित्यिक विरासत को संरक्षित रखना है। योजना के अंतर्गत सभी कार्यक्रम सभी भारतीय भाषाओं में बनाए गए हैं और इन साहित्यिक रचनाओं को अन्य भाषाओं में डब किया गया है जिससे देश के सभी दर्शकों को लाभ प्राप्त हो।

सरकार ने 12 वीं योजना के दौरान आकाशवाणी के लिये 1706.86 करोड़ रुपये आबंटित किए हैं जिसमें से ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में शुरु की गई योजनाएं 1293.86 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए है और 12 वीं योजना में शुरु की गई नई योजनाओं और विशेष परियोजनाओं के लिये 413 करोड़ रुपये निर्धारित किये गये हैं।

12 वीं योजना के प्रमुख लक्ष्यः

- 29 मौजूदा स्टूडियो का डिजीटलीकरण और 2017 तक नेटवर्क स्थापित करना।
- आकाशवाणी की स्वीकार्यता और मोबाइल फोन में एफ एम चैनलों की उपलब्धता को देखते हुए पिछड़े, तटवर्ती और नक्सल प्रभावित इलाकों में 60% लोगों तक एफ एम चैनलों की पहुंच बनाना।
- एफ एम ट्रांसमीशन के जरिये भारत-पाक और भारत नेपाल सीमा पर कवरेज को सुदृढ़ बनाना।
- प्रसारण की गुणवत्ता और क्षमता में सुधार करना और मौजूदा उपकरणों में बदलाव करना।
- गुणवत्ता का क्षरण किए बगैर लंबी अवधि तक विषय वस्तु का संरक्षण।
- आकाशवाणी केन्द्रों के बीच कार्यक्रमों का ऑनलाइन आदान प्रदान को सुगम बनाना।
- आकाशवाणी द्वारा संरक्षित बहुमूल्य कार्यक्रमों के बिक्री के लिये उपलब्ध बनाना।
- ई आरपी प्रणाली को लागू करके कार्यालय गतिविधियों को स्वायत बनाना।

सरकार ने मौजूदा पंचवर्षीय योजना के लिये दूरदर्शन को 2119.14 करोड़ रुपये का कुल बजट आबंटित किया है। इसमें से 1321 करोड़ रुपये ग्यारहवीं योजना से जारी घटक/योजनाओं के लिए आबंटित किए गए हैं और शेष 798.14 करोड़ रुपये बारहवीं योजना में शुरू की गई नई योजनाओं और विशेष परियोजनाओं के लिये आबंटित किए गए है। योजना के दौरान प्रसारण का प्रभावी विकास और डिजीटलीकरण करने के लिये यह योजना बहुत महत्वपूर्ण है। प्रसारण सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिये डिजीटलीकरण को पूरा करना काफी महत्वपूर्ण है। इसके तहत किये जाने वाले कार्य है:

1. प्रसारण इन्फ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क विकास, (2) विषयवस्तु विकास, (3) विशेष परियोजनाएं।

दूरदर्शन कार्यक्रम

डीडी उर्दू

पांच करोड़ 52 लाख उर्दू भाषी आबादी की जरूरतों को देखते हुए और उर्दू की साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए 15 अगस्त 2006 को डीडी उर्दू अस्तित्व में आया। प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य इस चैनल पर अच्छे विषय और लक्षित दर्शकों के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रमों को प्रसारित करना है। इसके लिए डीडी की अधिग्रहण परियोजना के माध्यम से सॉफ्टवेयर खरीदा गया है और डीडी में इसे तैयार भी किया गया है।

डीडी इंडिया

डीडी इंडिया का गठन विदेश में रहने वाले भारतीयों के साथ संवाद का पुल बनाने, वास्तविक भारत, उसकी संस्कृति, मूल्यों, परंपराओं, आधुनिकता, विविधता और एकता को प्रदर्शित करने तथा सार्वजनिक सेवा प्रसारण की उच्च परंपराओं को कायम रखते हुए जनता के शिक्षण और मनोरंजन के उद्देश्य से किया गया था। इस पर समाचार बुलेटिन, सामयिक विषयों पर फीचर, मनोरंजन के कार्यक्रम, फीचर फिल्में, संगीत और नृत्य, बच्चों के कार्यक्रम तथा धार्मिक, मेडिकल और रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं।

पूर्वोत्तर

मौजूदा समय में पूर्वोत्तर क्षेत्र में राज्यों की राजधानियों और कुछेक अन्य महत्वपूर्ण शहरों में दूरदर्शन के 11 स्टूडियो केन्द्र और विभिन्न क्षमताओं वाले 132 ट्रांसमीटर हैं। इसके अलावा गुवाहाटी में एक क्षेत्रीय कार्यक्रम निर्माण केन्द्र भी है। राजधानियों के सभी आठ केन्द्रों पर उपग्रह अपलिकिंग सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा पूर्वोत्तर के सात राज्यों, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा के अलावा सिक्किम में भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मेघालय में गारो हिल्स के तुरा में तथा असम के डिब्रूगढ़ और सिलचर में टी वी केन्द्र हैं। इन केन्द्रों में पूर्वोत्तर क्षेत्र से संबंधित सूचनात्मक तथा सुगम संगीत, लोक कलाओं, शिल्प, वस्त्रों और खान पान पर आधारित कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग 84 प्रतिशत आबादी को डीडी 1 और तकरीबन 54 प्रतिशत को डीडी न्यूज का प्रसारण उपलब्ध है। लगभग 61 प्रतिशत क्षेत्र में डीडी 1 और 26 प्रतिशत में डीडी न्यूज देखा जा सकता है।

नॉर्थ ईस्ट चैनल के कार्यक्रम गुवाहाटी के क्षेत्रीय कार्यक्रम निर्माण केन्द्र में तैयार किए जाते हैं। इसमें पूर्वोत्तरी राज्यों के विभिन्न दूरदर्शन केन्द्र अपना योगदान करते हैं। नॉर्थ ईस्ट चैनल के कार्यक्रम तय समय पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के एचपीटी और एलपीटी द्वारी रिले किये जाते हैं। नॉर्थ ईस्ट चैनल के कार्यक्रम दूरदर्शन की डीटीएच सेवा फ्री डिश पर भी उपलब्ध है। पूर्वोत्तर क्षेत्र में डीडी 1 के एचपीटी और एलपीटी निर्धारित समय में संबंधित राज्यों से अपलिंक किए गए क्षेत्रीय सेवा कार्यक्रमों को रिले करते हैं।

श्रोता अनुसंधान खंड

श्रोता अनुसंधान खंड अनुसंधान और आंकड़ा एकत्रीकरण के विभिन्न तरीकों के माध्यम से चैनलों पर कार्यक्रमों की योजना बनाने और उनकी गुणवत्ता सुधारने में महत्पूर्ण भूमिका निभाता हैं। श्रोता अनुसंधान डीटीएच पेनेट्रेशन और कृषि कार्यक्रमों की नेरोकास्टिंग की मदद से देश भर में सर्वेक्षण करता है। श्रोता अनुसंधान खंड देश के विभिन्न हिस्सों में स्थित अपनी 18 इकाइयों के सहयोग से शहरी और ग्रामीण इलाकों में डार्ट सर्वेक्षण भी करता है। वर्तमान वर्ष में भारत सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के प्रभाव पर सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज द्वारा किया गया है।

इन हाउस सर्वेक्षणों के अतिरिक्त दूरदर्शन ने टैम मीडिया रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड से रेटिंग डेटा और एमआरयूसी से बेसलाइन डेटा प्राप्त करेगा और उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों में चैनल प्रबंधकों एवं मार्केटिंग विभाग को प्रदान करेगा।

डीडी भारती

डीडी भारती एक सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने वाला चैनल है जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तावित, प्रोत्साहित और संरक्षित रखने में निर्णायक भूमिका निभाता है। चैनल संगीत, नृत्य, विरासत, स्वास्थ्य, बच्चों पर केंद्रित है और भारतीय जीवन शैली, दर्शन, कला और संस्कृति पर बल देता है। चैनल संगीत और नृत्य, पर्व, विशेष घटनाओं, मुशायरा, कवि सम्मेलन आदि के लाइव कवरेज को भी प्रसारित करता है। फिक्स प्वाइंट चार्ट्स में परिवर्तन के साथ, दर्शकों की संख्या बढ़ाने के लिए चैनल ने नए कार्यक्रमों को भी प्रस्तावित किया है। कार्यक्रमों में वैविध्य तथा उनकी गुणवत्ता में सुधार के लिए नए कार्यक्रम भी खरीदे गए हैं। कार्यक्रमों, विशेष रूप से सांस्कृतिक विरासत से संबंधित कार्यक्रमों में सुधार के लिए फिर कमीशनिंग प्रस्तावित है।

क्षेत्रीय प्रसारण

देश की सामाजिक सांस्कृतिक और भाषाई विभिन्नता के मद्देनजर दूरदर्शन देश के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले लोगों, विशेष रूप से प्रमुख क्षेत्रीय भाषाएं –तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़, उड़िया, बांग्ला, असमी, पंजाबी, गुजराती, मराठी और कश्मीरी – बोलने वाले लोगों के हित के लिए क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों में भी कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। मुख्य भाषा के कार्यक्रमों के अतिरिक्त, क्षेत्रीय भाषाओं के 11 सेटेलाइट चैनल भी उर्दू, सिंधी, संस्कृत, टुलु, कोंकणी, डोगरी, हिमाचली, हरियाणवी, नेपाली और उत्तर पूर्व की सभी भाषाओं और बोलियों में कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं।

क्षेत्रीय भाषाओं के कार्यक्रम राज्य में विभिन्न एचपीटी और एलपीटी के क्षेत्रीय सहयोग के साथ सेटेलाइट पर, जमीनी ट्रांसमीटरों के माध्यम से डीडी 1 की क्षेत्रीय विंडो के रूप में दोपहर तीन बजे से शाम आठ बजे तक उपलब्ध रहते हैं। तमिलनाडु में यह क्षेत्रीय सहयोग रात 11 बजे तक रहता है।

इन क्षेत्रीय भाषाओं के चैनलों पर राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निर्मित विभिन्न कार्यक्रम और फॉरमेट उपलब्ध कराए जाते हैं और इन्हें संबंधित राज्य के राजधानी केंद्र से फीड और प्रसारित किया जाता है। इन चैनलों पर फीचर फिल्में, फिल्मी गाने, धारावाहिक, शास्त्रीय–सुगम–लोक संगीत, नृत्य, समाचार और समसामयिक कार्यक्रम, कृषि और ग्रामीण विकास कार्यक्रम आदि प्रसारित किए जाते हैं जोकि श्रोता विशेष की रुचि के कार्यक्रमों के साथ समाज के सभी तबकों, महिलाओं, बच्चों और युवाओं का मनोरंजन करते हैं।

डीडी अभिलेखागार

डीडी अभिलेखागार 40 वर्षों से हमारी संस्कृति की प्राचीन धरोहर का रक्षक है। किसी भी मीडिया संगठन का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि वह अपनी संपत्ति को कैसे संरक्षित करता है। ब्रॉडकास्टिंग चैनल के रूप में वह मौजूदा घटनाओं की प्रासंगिकता के लिए अधिक से अधिक फाइल फुटेज पर निर्भर रहता है। इसके अतिरिक्त डीडी अभिलेखागार की सांस्कृतिक थाती बहुत मूल्यवान है, चूंकि डीडी अभिलेखागार ऐसा एकमात्र माध्यम है, जो विभिन्न सांस्कृतिक प्रवृत्तियों, जिसमें शास्त्रीय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक संगीत और लोक नृत्य, आदिवासी संगीत और नृत्य शैलियां, परंपरागत और आधुनिक रंगमंच आदि शामिल है, के संरक्षण के उत्तरदायित्व को मान्यता देता है। यह बहुमूल्य सामग्री हमारे सांस्कृतिक जीवन का प्रतिनिधित्व करता है जो पूरे विश्व में अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। डीडी अभिलेखागार ने अपनी सामग्री के संरक्षण का अभियान चलाया है जो वर्तमान और भविष्य देश की समृद्धि के लिए अतीत का प्रतिनिधित्व करता है। अगले चार वर्षों में डीडी अभिलेखागर विश्व के सर्वश्रेष्ठ ब्रॉडकास्टिंग अभिलेखागारों में से एक हो जाएगा।

स्व वित्त कमीशनिंग (एसएफसी)

दूरदर्शन ने देश के प्रतिष्ठित निर्माताओं से अपने फ्लैगशिप चैनल डीडी 1 के लिए गुणवत्तापूर्ण मनोरंजक कार्यक्रमों का आउटसोर्स करने के लिए स्व वित्त कमीशनिंग की नई योजना प्रतिपादित की है। इस योजना के तहत वरिष्ठ फिल्मकारों और टेलीविजन निर्माताओं द्वारा निर्मित सॉफ्टवेयर को दूरदर्शन की ओर से वितरित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दूरदर्शन के स्वामित्व वाले कार्यक्रमों को दूसरे चैनलों द्वारा प्रसारित किया जा सकता है। यह योजना दूरदर्शन के प्राइम टाइम के दौरान अच्छा राजस्व अर्जित कर रही है।

डीडी एसएफसी कार्यक्रमों द्वारा सभी प्राइम टाइम और मिड प्राइम स्लॉट्स को अधिग्रहित करने को प्रतिबद्ध है। प्राइम टाइम और मिड प्राइम स्लॉट्स के अतिरिक्त एसएफसी कार्यक्रमों के लिए नॉन प्राइम टाइम स्लॉट्स को लेने की रणनीति पर विचार किया जा रहा है। यहां यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि हर वर्ष निर्माण की लागत बढ़ रही है और गुणवत्ता के लिहाज से दूसरे सेटेलाइट चैनलों से प्रतिस्पर्धा करने के लिए हमें एपीसोड के मूल्य को बढ़ाना चाहिए।

इस योजना के तहत निर्मित कार्यक्रम केवल दूरदर्शन की संपत्ति हैं। डीडी इस संपत्ति को बिना किसी अतिरिक्त मूल्य के, दूरदर्शन के किसी दूसरे चैनल पर जब चाहे प्रयोग कर सकता है। एक समय निवेश और बहुउपयोग का यह अधिकार, बिना किसी आवर्ती व्यय के, दूरदर्शन को प्रायोजित कार्यक्रमों के साथ नहीं मिलता। राजस्व में बढ़ोतरी के अतिरिक्त, डीडी मार्केटिंग एजेंसियों/प्रायोजकों के देय की समस्या से भी निजात पा लेता है क्योंकि डीडी सीधा ग्राहकों के संपर्क में होता है। अदालती मामलों/पंचाट से भी छुटकारा मिलता है। वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान, प्राइम टाइम पर दैनिक धारावाहिक को प्रस्तावित करने का प्रयोग भी किया गया जो दर्शक संख्या बढ़ाने के साथ-साथ दूरदर्शन का राजस्व भी बढ़ाएगा।

सॉफ्टवेयर की कमीशनिंग

- हैदराबाद, लखनऊ, मुंबई, पटना, जयपुर, श्रीनगर, जम्मू स्थित केंद्रों के माध्यम से इन हाउस प्रोडक्शन गतिविधियों का संचालन

इंडियन क्लासिक्स स्कीम का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाले कार्यक्रमों का निर्माण और देश की समृद्ध सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को संभालना है। इस स्कीम में सभी कार्यक्रम भारतीय भाषाओं में बनाए जा रहे हैं और देश के सभी दर्शकों के लाभ के लिए ये साहित्यिक कार्यक्रम अन्य भाषाओं में डब किए जा रहे हैं। इंजीनियरिंग पक्ष पर काफी पहल की गई हैं। अधिकतर कार्यक्रम मौजूदा नेटवर्क के डिजिटल स्वरूप वाले हैं। जम्मू और काश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में एचपीटी/एलपीटी की स्थापना और ई-गवर्नेंस का क्रियान्वयन किया गया है।

राज्य नेटवर्क

दूरदर्शन के क्षेत्रीय सेवा प्रसारण भी हैं जिन्हें राज्य नेटवर्क कहा जाता है। ये नेटवर्क उत्तर भारत के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में रहने वाले लोगों के लिए हैं। एचपीटी और एलपीटी के इन सभी राज्य नेटवर्कों के माध्यम से डीडीके, दिल्ली से सोमवार से शनिवार को दोपहर तीन से चार बजे तक एक घंटे के लिए उत्तरी नेटवर्क धारावाहिक आधारित मनोरंजन कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं और रविवार को हिंदी फीचर फिल्म प्रसारित की जाती है। इसलिए संबंधित राज्य की राजधानी से दोपहर चार से शाम आठ बजे के बीच कार्यक्रम बीम किए जाते हैं और उस राज्य के जमीनी ट्रांसमीटर से रिले किए जाते हैं जिससे क्षेत्र की प्रमुख स्थानीय बोली में आयोजित होने वाली गतिविधियों को एकत्र किया जा सके।

शिक्षा, सूचना और मनोरंजन के अतिरिक्त वर्ष भर सबसे ज्यादा बल फ्लैगशिप कार्यक्रमों को दिया जाता है। अपनी क्षमता का ध्यान न करते हुए क्षेत्रीय केंद्रों ने फ्लैगशिप कार्यक्रमों और लोक सेवा कार्यक्रमों को प्रमुखता देने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

मुख्य सचिवालय के प्रसारण विंग की स्कीमें

(क) भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहयोग

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस) शुरू करने की अनुमति देता है। सरकार ने सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना के लिए वर्ष 2002 में नीतिगत दिशा निर्देशों को मंजूरी दी, जिन्हें 2006 में संशोधित किया गया। पहले के दिशा-निर्देशों में सिर्फ शैक्षिक संस्थानों को सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के संचालन की इजाजत थी। नए दिशा निर्देशों ने पात्रता का दायरा व्यापक बनाते हुए नागरिक समितियों और स्वयं सेवी संगठनों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (एसएयू),आईसीएआर संस्थानों, कृषि विज्ञान केंद्रों, पंजीकृत समितियों/स्वायत्त निकायों सामुदायिक रेडियो संचालित करने के लिये संस्था अधिनियम के तहत पंजीकृत सार्वजनिक न्यासों आदि को भी पात्रता शर्तें पूरी करने पर, शामिल कर लिया।

मंत्रालय सामुदायिक रेडियो योजना को जागरूकता कार्यशालाओं के माध्यम से भी लोकप्रिय बना रहा है ताकि निचले स्तर पर काम करने वाले ज्यादा से ज्यादा संगठनों को सीआर स्टेशन लगाने के लिये प्रोत्साहित किया जा सके। 11वीं योजना की आयोजना योजना ''सामुदायिक रेडियो के लिये आईईसी गतिविधिया'' के अधीन मंत्रालय ने 37 जागरूकता/क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित कीं। 12वीं पंचवर्षीय योजना में 'भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहयोग' नामक नई योजना शुरू की गई है। आईईसी गतिविधियों के अलावा, नई योजना भी नए और मौजूदा सीआरएस को उपकरण प्राप्त करने और प्रशिक्षण आदि के लिये वित्तीय सहायता मुहैया करायेगी। योजना सीआर क्षेत्र में नवरचना का भी समर्थन करेगी। 12वीं योजना के पहले दो वर्षों में, 18 जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की गईं। वित्तीय सहायता के लिये सीआर स्टेशनों/अनुमति प्राप्त करने वालों से आवेदन भी आमंत्रित किये गये हैं।

(ख) प्रसारण शाखा का स्वचालितीकरण

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय निजी सेटेलाइट टेलीविजन चैनलों को मंजूरी देता है। आवेदन की योग्यता की जांच अपलिंकिंग और डाउनलिकिंग के दिशा निर्देशों के संदर्भ में की जाती है। इसके बाद यह आवेदन कंपनी और कंपनी के निदेशकों की सुरक्षा जांच के लिए गृह मंत्रालय भेज दिया जाता है और मंजूरी मांगी जाती है। इसके साथ यह आवेदन अंतरिक्ष विभाग और राजस्व विभाग तथा आवश्यकता के अनुसार अन्य विभागों में भी भेजा जाता है और उनकी मंजूरी मांगी जाती है। अन्य योग्यताओं के साथ कंपनी की कुल पूंजी का भी आकलन किया जाता है। आवेदन को अनुमति अंतर मंत्रालय मंजूरी मिलने और सभी शुल्क आदि लेने के बाद प्रदान कर दी जाती है।

मंत्रालय ने अभी तक 795 टीवी चैनलों को अनुमति दी है 240 से अधिक आवेदन अभी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। इसके अलावा मंत्रालय को प्रति माह औसत 30-40 नए आवेदन मिल रहे हैं। इनसेट अनुभाग को नाम, लोगो, निदेशकों की नियुक्ति, शेयर होल्डिंग में बदलाव, अस्थायी अपलिंकिंग सुविधा और एसएनजी/डीएसएनजी वेन किराए पर लेने के अनुरोध भारी मात्रा में मिलते हैं। कुछ अन्य गतिविधियां जैसे अनुमति का नवीनीकरण और कारण बताओ नोटिस जारी करना और अपलिंकिंग और डाउनलिंकिंग दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने से संबंधित शिकायतें भी हैं। इन सब में भारी मात्रा में कागज का इस्तेमाल होता है। इस प्रक्रिया में मंत्रालय और आवेदक का समय लगता है। इससे जरूरी लाईसेंस देने में देरी होती है और जमा किए गए कागजात गुम हो जाते हैं। प्रक्रिया की योजनाबद्ध तरीके से निगरानी करने में कठिनाई आती है। इससे कुछ हद तक प्रणाली की खामियां सामने आती है।

इन सब कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए प्रणाली को सुचारू बनाने के लिए अत्याधुनिक ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने का निर्णय किया है जिससे मंत्रालय के अधिकारी और टीवी चैनल, एमएसओ, डीटीएच लाईसेंस, एचआईटीएस लाईसेंस और आईपीटीवी सेवा के आवेदक अपने आवदेनों की निगरानी कर सकेंगे और तेजी से काम करा सकेंगें। इस प्रक्रिया में कम से कम मानवीय हस्तक्षेप होगा।

(ग) डिजिटलाइजेशन का मिशन

12वीं पंचवर्षीय योजना में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा पूरे देश में केबल टीवी का डिजिटलाइजेशन करना है। देश में केबल टीवी, टीवी वितरण की रीढ़ की हड्डी है। एफआईसीसीआई केपीसमजी 2013 के अनुसार करीब 77 मिलियन केबल टीवी घरों में चलती है। इनमें से अधिकतर टीवी सिग्नल एनालॉग के द्वारा प्राप्त होती है। एनालॉग केबल टीवी वितरण में कई समस्याएं थीं जिसमें सिग्नल का स्तर, क्षमता, पसंद के चैनल इत्यादि प्रमुख थे।

एनालॉग प्रणाली में सबसे अधिक वितरण प्रणाली में दोष था जिसे मंत्रालय ने समय सीमा पर उल्लेखनीय तरीके से 31 दिसम्बर 2014 तक सभी चैनलों का डिजिटिलाइजेशन पूरा करवाने का लक्ष्य रखा। पहले तीन चरण में तीन महानगर जैसे दिल्ली, मुंबई कोलकाता में पहले ही डिजिटिलाइजेशन पूर्ण कर लिया गया है। चेन्नई में मामला कोर्ट में है। दूसरे चरण में 38 शहरों (एक मिलियन से अधिक की जनसंख्या वाली) में 31 मार्च 2013 तक कार्य पूर्ण हो गया है। अन्य शहरों में 30 सितम्बर 2014 तक और बाकी शहरों में 31 दिसम्बर 2014 तक पूरा करना है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने समयबद्ध अधिदेश और प्रभावशाली नियम लागू कर डिजिटलाइजेशन आरंभ कर दिया। केबल टीवी एक्ट दिसम्बर 2011 में संशोधन कर मंत्रालय ने कानून बनाया। ट्राई (टीआरएआई) ट्रैफिक और अंतरसमन्वय को स्टेक होल्डर के डिजिटिलाइजेन पर अग्रिम कार्यवाही और लागू करने के लिए आगे भेज दिया गया।

डिजिटलाइजेशन का प्रमुख कार्य डिजिटल सेट टॉप बाक्स को लगाना और डिजिटल सिग्नल (एमएसओ) से प्राप्त करना है। इसका उद्देश्य वितरण प्रणाली को उच्च स्तर का करना है। एलसीओ और सेट टॉप बॉक्स नहीं होने पर उपभोक्ता टीवी का सिग्नल प्राप्त नहीं कर सकते हैं। इसका मुख्य कार्य 80 मिलियन सेट टॉप बॉक्स को पूरे देश में उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है।

स्थानीय केबल ऑपरेटर एमएसओ और एलसीओ को कार्य करने पर राजी करना था। 6000 एमएसओ और 60 हजार एलसीओ (लोकल केबल ऑपरेटर) हैं। एमएसओ ने अपने प्रत्येक उपभोक्ता को एसटीबी लागू करने पर कार्य किया। एसटीबी अपने निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण करने में सक्षम रहा।

पूरी परियोजना को एक महत्वपूर्ण लक्ष्य की तरह पूर्ण किया गया है। मंत्रालय ने मानव संसाधन का इस्तेमाल पूर्ण रूप से किया। इस परियोजना में पूरे डाटा को एकत्र कर उसका सर्वेक्षण व समय सीमा तय की गई। इस परियोजना में प्रत्येक क्षेत्र का दौरा भी किया गया। प्रथम चरण में 4 महानगरों और दूसरे चरण में 38 शहरों में काम किया गया। दोनों चरण में बेसिल, प्रसार भारती और मंत्रालय के कर्मचारियों ने प्रबंधन का कार्य किया। तीसरे चरण में शहर और गांव वालों को शामिल किया जायेगा। 'मिशन डिजिटलाइजेशन' योजना के तहत है और इसे मान्य अधिकारियों ने पास किया है। यह योजना बॉडकास्ट इंजीनियरिंग कन्सल्टेंट इंडिया लिमिटेड (बेईसीआईएल) द्वारा लागू की गई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पीएसई भी इसमें नामांकित थे। इस 12 क्षेत्रीय यूनिट, बहुभाषीय वेबसाइट और बहुभाषीय हेल्पलाइन से मदद ली गई।

अध्याय-2

वित्तीय परिव्यय, प्रक्षेपित वास्तविक प्रतिफल और परिणाम

सूचना क्षेत्र

विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

(करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	योजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	परिव्यय 2014-15			निर्धारित/ वितरणीय भौतिक परिव्यय	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम का घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i) गैर-योजना बजट	4(ii) योजना बजट	4(iii) पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
	योजना स्कीम का नाम								
1.	विकासात्मक संचार के माध्यम से लोक सशक्तीकरण (अवधारणा एवं प्रसार) डीएवीपी	1 स्थापना	30.62				सांप्रदायिक, सद्भाव,राष्ट्रीय एकता, सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिये विभिन्न माध्यमों बाह्य प्राचर, रेडियो, दूरदर्शन, समाचारपत्र,पोस्टर ब्रॉशर के माध्यम से लोक जागरूकता एवं विकास में भागीदारी के लिये प्रोत्साहन	आवश्यकतानुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर काम किये जाने हैं	
		2 प्रदर्शनी	1.80	3.48		1344 दिवस			
		3 डिस्प्ले वर्गीकृत	31.00	46.98		5.0			
		4 रेडियो स्पॉट	2.00	104.40		35.0 डिस्पले यूनिट			
		5 मुद्रित प्रचार, वितरण	3.35	6.96		12 कार्य की संख्या			
		6 बाह्य प्रचार	1.00	12.18		2.4 डिस्पले लाख में			
		कुल (1)	**69.77**	**174.00**					

	डीएवीपी का आधुनिकीकरण	कंप्यूटरीकरण एवं डिजिटलीकरण कार्यालय ढांचा मानव संसाधन विकास		4.00			कंप्यूटरीकरण एवं डिजिटलीकरण कार्यालय ढांचा मानव संसाधन विकास		
		कुल (2)		**4.00**					
		कुल (1 एवं 2)	**69.77**	**178.00**					

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

अनुमानित बजट 2014-15 के अध्याय II में तालिकाओं का स्वरूप

(करोड़ रुपये में)

क्रम सं	परियोजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	लागत 2014-15			मात्रात्मक वास्तविक प्रतिफल भौतिक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम का घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
	विकास संचार और प्रचार के लिए प्रत्यक्ष संपर्क कार्यक्रम		4(i) गैर-योजना बजट	4(ii) योजना बजट	4(iii) पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
1.	विशेष पहुंच कार्यक्रम	इस अवयव के अंतर्गत 12वीं योजना काल के दौरान डीएफपी ने भारत सरकार की फ्लैगशिप परियोजनाओं पर पूरे देश में विशेष पहुंच कार्यक्रमों को आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, लाइन मंत्रालयों को शामिल करते हुए वर्ष 2014-15 में 1060 विशेष कार्यक्रमों की योजना है। डीएफपी की दो क्षेत्रप्रचार ईकाइयों को मीडिया से वंचित दूरदराज़ के क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा जो सरकारी परियोजनाओं पर सूचनाएं प्राप्त करेंगी।	-	2.97		1060 विशेष कार्यक्रम (एक कार्यक्रम दो क्षेत्र ईकाइयों की सम्बद्धता द्वारा संचालित किया जाएगा)	भारत सरकार की फ्लैगशिप परियोजनाओं का गहन प्रचार। लगभग 1060 कार्यक्रम और तत्काल प्रत्यक्ष, मात्रात्मक कार्य योगा प्रतिपुष्टि विश्लेषण के लिए परियोजनाओं के लागूकरण को एकत्र किया जाना (लगभग प्रति कार्यक्रम 10 प्रतिपुष्टियां)	वित्तीय वर्ष 2014-15	
	संचालित दौरे और प्रतिभा (क्षमता) उन्नयन	इस अवयव के तहत गांव के स्तरों के अभिमतनेताओं को दूसरे क्षेत्र में हो रहे विकास से रू-ब-रू कराया जाएगा इन व्यक्तियों को इसमें मदद मिलेगी कि दौरे में उन्होंने विकास के बारे में जो देखा उसका वो नई तकनीकियों और तरीकों को अपनाकर अपने क्षेत्र में कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं। वर्ष 2014-15 में संचालित ऐसे 8 दौरों को आयोजित करने का प्रस्ताव है। साथ ही 2013-14 में आयोजित संचालित दौरें के पुनर्मूल्यांकन का भी प्रस्ताव है।		0.41		08 संचालित दौरे प्रत्येक @ रु. 4.50 लाख की दर पर	देश के विभिन्न हिस्सों पर लगभग 80-90 अभिमत नेताओं को विकासशील परियोजनाओं से रू-ब-रू कराना	वित्तीय वर्ष 2014-15	

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

अनुमानित बजट 2014-15 के अध्याय II में तालिकाओं का स्वरूप

(करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	परियोजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/परिणाम	लागत 2014-15			मात्रात्मक वास्तविक प्रतिफल भौतिक निष्पादन	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम का घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i) गैर-योजना बजट	4(ii) योजना बजट	4(iii) पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
	प्रत्यक्ष संपर्क कार्यक्रम के लिए आधारभूत संरचना समर्थन	यह अवयव इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि तकनीकी के आधुनिकीकरण से निदेशालय को आधारभूत संरचना व संसाधन समर्थन मिल सके। बारहवीं पंच वर्षीय योजना में डीएफपी संस्थान अपने कार्यालयों की सुधरी कार्यप्रणाली के लिए मल्टी मीडिया प्रोजेक्टर्स, डीवीडी प्लेयर्स, बेलर पी ए प्रणाली, डिज़िटल स्थिल कैमरों, फोटोकॉपियर मशीनों, प्रोजेक्टर फोन, बाह्य मानव शक्ति आदि के रूप में आधुनिक तकनीकी से सज्जित होंगे। यह अवयव डीएफपी के अन्य अवयरों को सुचारू रूप से लागू करने में भी मदद करेगा	-	1.61		डीएफपी अधिकारियों के लिए 03 फोटोग्राफरों, 03 वाहनों, 02 प्रशिक्षण प्रोग्रामर्स का प्रबंध। टेलीफोन आधारित इंटरनेट प्रोटोकोल (आईपी) कालगाना 6 संकलन संपादक, एक वरिष्ठ संपादक, एक संपादन जो मुख्यालय के विषयवस्तु प्रकोष्ठ में नियुक्त होगा। श्रव्य-दृश्य उपकरण का प्रबंध डीएफसी के अधिक से अधिक कार्यालयों का सुधरी कार्यप्रणाली के लिए हर संभव सूचना भवन के मुख्यालय में स्थानांतरण	ए वी उपकरण क्षेत्र ईकाइयों की कार्यक्षमता बढ़ाना।	वित्तीय वर्ष 2014-15	
		कुल योग		**4.99 या पांच करोड़**					

एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	स्कीम/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/ परिणाम	परिव्यय 2014-15			मात्रात्मक लाभ/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता संबंधी	टिप्पणी/ जोखिम घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i)	4(ii)	4(iii),				
			गैर-योजना बजट	योजना बजट	पूरक अतिरिक्त बजटीय संसाधन				
		एम्प्लाइमेंट न्यूज रोजगार समाचार बेरोजगार युवकों को नौकरी की सूचना देने और अधिक से अधिक लोगों को नौकरी प्राप्त कराने में सहायक है।	25.19	शून्य	शून्य	अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में रोजगार समाचार के 52 साप्ताहिक अंक प्रकाशित करना।	रोजगार समाचार के प्रकाशन के माध्यम से विभाग निम्नलिखित परिणाम हासिल करने का लक्ष्य रखता है- i) केन्द्र और राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त संस्थाओं, विश्वविद्यालयों आदि में नौकरी के विज्ञापन, पेशेवर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सूचनाएं, परीक्षा की सूचनाएं और संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और अन्य सामान्य भर्ती परीक्षाओं के परिणामों की घोषणा देना। ii) स्व-रोजगार जैसे विषयों पर विशेष लेखों द्वारा जानकारी देना। iii) सरकारी क्षेत्र में निकलने वाली नौकरियों के बारे में रोजगार समाचार की वेबसाइट पर सूचना उपलब्ध कराना।	वार्षिक आधार पर	

भारतीय जनसंचार संस्थान
परिणाम बजट 2014-15

(रुपये करोड़ों में)

क्रम सं	योजना/ कार्यक्रम का नाम	उद्देश्य/ परिणाम	परिव्यय 2014-15			मात्रात्मक लाभ/ वास्तविक परिणाम	अनुमानित परिणाम	प्रक्रियाएं/ समयबद्धता	टिप्पणी/ जोखिम का घटक
1	2	3	4			5	6	7	8
			4(i) गैर-नियोजित बजट	4(ii) योजना बजट	4(iii) पूरक अतिरिक्त बजट संसाधन				
3.5 स हमारे प्रकाशनों को विस्तार देने के लिए ऑन-लाइन पुस्तक भंडारों से टाई-अप करने की पहल की।

3.6 रोज़गार समाचार

एम्पॅलाइमेंट न्यूज, एक साप्ताहिक है जो अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में प्रकाशित होता है। यह प्रकाशन प्रभाग का एक महत्वपूर्ण प्रकाशन है। इस साप्ताहिक में केन्द्र और राज्य सरकारों, सार्वजनिक क्षेत्र के औद्योगिक संस्थानों, परिषदों इत्यादि में रिक्तियों के विज्ञापन होते हैं, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, यूपीएससी, एसएससी की परीक्षा नोटिसों और

परीक्षाफलों और अन्य आम नियोक्त निकायों तथा मध्य स्तर नौकरी के विज्ञापन को छापा जाता है। इसमें विभिन्न विभागों में डेपुटेशन पर भी जाने के विज्ञापन छपते हैं। इनके अतिरिक्त, इसमें संपादकीय खंड (सेगमेंट) भी होता है जिसमें कैरियर अवसरों पर दो प्रमुख लेख प्रकाशित होते हैं।

भारत के समाचारपत्रों के पंजीयक

पिछले कुछ वर्षों में प्रिंट मीडिया का जिस तरह से विस्तार हुआ है उससे वह प्रेस और पुस्तक पंजीयन अधिनियम 1867 के दायरे के भी बाहर निकल गया है। पी.आर.बी. अधिनियम 1867 के अनुसार और इस अधिनियम के प्रावधानों की समीक्षा की गई है ताकि उन्हें प्रिंट मीडिया के वर्तमान परिदृश्य के अनुसार प्रासंगिक बनाया जा सके। मौजूदा पीआरबी अधिनियम 1867 कई तरह से अपयति हो गया है, क्योंकि इसमें विशेष रूप से शीर्षक पुष्टिकरण, विदेशी प्रकाशनों और प्रसारण संख्या पुष्टि संबंधी धाराएं स्पष्ट नहीं है। इसमें शीर्षक प्रार्थनापत्रों और ज़िला अधिकारियों द्वारा की गई घोषणा की प्रामाणिकता संबंधी समयबद्धता का अभाव है जिससे अकारण विलम्ब होता है और जिसे टाला जा सकता है। इसलिए मौजूदा अधिनियम की जगह पर 'द प्रेस एंड रज़िट्रेशन ऑफ बुक्स एंड पब्लिकेशन अधिनियम 2013' को लाने का सुझाव दिया गया ताकि कमियों को दूर किया जा सके।

एक जून से लागू नई विज्ञापन नीति के तहत प्रसारण संख्या पुष्टिकरण का काम उन समाचारपत्रों की बड़ी प्रसारण संख्या की चेकिंग तक सिमट कर रह गई जिनकी प्रसारण संख्या 75000 या इससे ज़्यादा प्रतिदिन है और जो आइएनआई में व्यक्तिगत प्रकाशकों के अनुरोध पर डीएवीपी द्वारा प्रेषित किए जाती है। प्रसारण संख्या का सत्यापन आरएनआई अधिकारियों की टीम के द्वारा किया जाता है। समाचार पत्रों के त्वरित, कुशल और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीआरबी संशोधित अधिनियम 2011 को अंतिम प्रारूप दिया जा रहा है। प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना और समाचार पत्रों की प्रसार संख्या की कड़ी जांच करने जैसे कार्य किए जा रहे हैं और 2007-12 तक की 11वीं योजना के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में गुवाहाटी और मध्य क्षेत्र भोपाल में दो नये क्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना की जा रही है। 12वीं पंचवर्षीय योजना 2012-2017 के मुख्य उद्देश्य हैं : (1) ऑनलाइन पंजीकरण करना (2) फाईलिंग का वार्षिक सूचकांक फाइलिंग द्वारा किया जाए।

हाल की मुख्य बातें

12वीं पंचवर्षीय योजना के अनुसार ई-फाइलिंग के द्वारा वार्षिक ब्यौरा आरएनआई मुख्यालय में सफलतापूर्वक आरंभ हुआ। इसका उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। जुलाई 2014 को डिजिटल हस्ताक्षर का प्रावधान किया।

कम्प्यूटर के डाटाबेस में प्रकाशकों से फीडबैक प्राप्त करने से शेयरधारकों को लाभ प्राप्त होता है।

आरएनआई के 12 वीं पंचवर्षीय योजना में ऑनलाइन शीर्षक आवेदन कार्यक्रम अंतिम प्रारूप में है और ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण का कार्य प्रगति पर है।

डाटाबेस ई मेल और मोबाइल नंबर प्रकाशक और मालिकों को जोड़ा जा रहा है।

अपने आप एसएमएस द्वारा शीर्षक और पंजीकरण आवेदकों के पास सूचना पहुंच जाती है।

शीर्षक वितरण, नामंजूर, कार्यवाही पत्र ऑनलाइन प्रतिदिन उपलब्ध करवाया जाता है।

ऑनलाइन जनता की जिज्ञासा और जानकारी को मजबूत किया जा रहा है।

प्रतिदिन सुबह और शाम एक घंटा स्टैक होल्डर के लाभ के लिए प्रकाशक से मुलाकात किया जाता है।

वितरण निगरानी (संयुक्त उप-भाग आरसीई/एसएफसी के अंतर्गत प्रस्तावित

उच्चस्तरीय सूचना एवं प्रसारण समिति द्वारा डीएवीपी के विज्ञापन के रेट की पुर्नरचना में आरएनआई वितरण निगरानी/सर्वेक्षण की प्रत्येक वर्ष निगरानी करता है। इसके मद्देनजर आइएनआई ने एक नए अनुभाग की स्थापना करने का सुझाव दिया है जो वितरण का सर्वेक्षण करे। इसमें सलाहकार, सीए, तकनीकी सहायक इत्यादि होगें। बजट मद में सुनियोजित योजना के तहत कर्मचारी आदि का खर्च दिया जाए। इसके तहत आरएनआई/डीएवीपी/पीआईबी के कर्मचारी मिलकर कार्य करेंगे।

गीत एवं नाटक प्रभाग

संचार उद्देश्यों के लिए प्रचुर लोक एवं पारम्परिक स्वरूपों को काम में लाने हेतु प्रभाग की 1954 में लघु प्रयोगात्मक ईकाई के रूप में स्थापना की गई। लाइव मीडिया, जो आज इस नाम से विख्यात हो चुका है, जनसमुदाय के साथ सीधे सम्पर्क के लाभों को समावेश करके और समसामयिक मुद्दों, विचारों तथा तरीकों को प्रतिबद्धता के साथ लागू करने में लचीलेपन को अपना कर बहुत प्रभावशाली साबित हुआ है। प्रभाग का कार्यक्रम और आकार, इसीलिए बढ़ा दिया गया है ताकि, दुर्गम पर्वतीय इलाकों, रेगिस्तान और सीमा क्षेत्रों को शामिल करते हुए ज़मीनी स्तर पर इसके प्रयासों को बताने के लिए इसकी व्यापक एवं सुगम पहुंच संभव हो सके।

प्रभाग का मुख्य कार्य, जैसा इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर विस्तार से बताया गया है, सामाजिक, आर्थिक और लोकतांत्रिक आदर्शों से संबद्ध मुद्दों पर जनसाधारण के बीच जागरुकता और भावनात्मक ग्रहणशीलता को बनाने का है। ये आदर्श राष्ट्र के विकास के प्रेरक हैं; इसका मुख्य कार्यसीमा क्षेत्रों में बसे लोगों में रक्षा की पूर्व तैयारियों की अनुभूतियों को जगाना है और बाकी भारत के साथ सांस्कृतिक अखंडता को बनाए रखना है तथा सुदूर एकाकी क्षेत्रों में तैनात सेना के जवानों के नैतिक मनोबल, सजीव मनोरंजन माध्यमों के द्वारा बनाए रखना है। सजीव मनोरंजन माध्यमों में शहरी रंगमंच स्वरूप और लोक स्वरूप दोनों शामिल है और इनमें देश के सभी क्षेत्रों की झलक है।

अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रभाग लोक और पारम्परिक कला स्वरूपों को व्यापक स्तर पर अपनाया है, जैसे लोक और पारम्परिक नाटक, बैले, ओपेरा, नृत्य नाटिकाएं, लोक और पारम्परिक प्रस्तुतियां, कठपुतली खेल और यहां तक हज़ारों जादूगरों की प्राचीन परम्परायुक्त कुशल प्रदर्शन, इसके अलावा, प्रभाग ने साम्प्रदायिक सद्भाव, राष्ट्रीय अखंडता, धर्मनिरपेक्षवाद, सांस्कृतिक धरोहर, स्वास्थ्य, पर्यावरण, शिक्षा इत्यादि को बढ़ावा देने वाले महत्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर आधारित कार्यक्रमों को प्रस्तुत करने के लिए आधुनिक तकनीकों से युक्त ध्वनि एवं प्रकाश तथा सैकड़ों कलाकारों को अपनाया है।

देश के विभिन्न हिस्सों में उपलब्ध असंख्य लोक और पारम्परिक स्वरूपों के इस्तेमाल के जरिये, प्रभाग एक ओर इन कला स्वरूपों के जीर्णोद्धार और टिकाऊपन का प्रबल स्रोत है और दूसरी ओर हज़ारों कलाकारों को अपनी-अपनी क्षमताओं/प्रतिभाओं का अपनी-अपनी भाषाओं, मुहावरों और बोलियों के सोद्देश्य संवाद के कारण, आजीविका उपलब्ध कराने में भी सक्षम है।

अपेक्षाकृत कहीं अधिक पारदर्शिता और कहीं अधिक बड़े पैमाने पर प्रचार सुनिश्चित करने की दिशा में संगीत उपकरणों आधुनिकीकरण शीर्षक के तहत सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों में आधुनिक तकनीकियों के अनुकूल बनने और कंप्यूटरीकरण को अपनाने का प्रस्ताव रखा गया है। कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने के दृष्टिकोण से अनुसंधान, विकास, प्रशिक्षण और प्रभाव आकलन जैसे कदम भी उठाए जाएंगे।

मुख्य सचिवालय की सूचना विंग स्कीमें

सूचना भवन का निर्माण चरण-V

वर्ष 2006 में पांचवें चरण के निर्माण का प्रस्ताव इस मंत्रालय के नीति योजना प्रकोष्ठ में भेजा गया ताकि इसे 11वीं पंचवर्षीय योजना (2007-12) में शामिल किया जा सके। योजना आयोग की सहमति प्राप्त होने के बाद, सूचना भवन के पांचवें चरण के निर्माण के लिए 12.03.2008 को व्यय वित्त समिति की (ईएफसी) की बैठक हुई। ईएफसी ने परियोजना को 74.60 करोड़ रुपये की लागत सीमा के साथ स्वीकृति दे दी। परियोजना की कुल लागत 77,04,55,919.00 रुपए आएगी।

वार्षिक योजना 2007-08, 2008-09, 2009-10, 2011-12, 2012-13 और 2013-14 के दौरान आबंटित बजट के विवरण 2014-15 के लिए अनुमानित बजट को यहां नीचे दिया जा रहा है:

क्रम संख्या	परियोजना का नाम	आबंटित बजट	वार्षिक योजना	जारी राशि
1	सीजीओ कॉम्पलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली में सूचना भवन के पांचवें चरण का निर्माण	1.00 करोड़ रुपये	2007-08	1.00 करोड़
2	- वही -	3.53 करोड़ रुपये	2008-09	1.762 करोड़ रुपये
3	- वही -	10.00 करोड़ रुपये	2009-10	10.00 करोड़ रुपय
4.	- वही -	18.00 करोड़ रुपये	2010-11	18.00 करोड़ रुपये
5.	- वही -	31.30 करोड़ रुपये	2011-12	31.30 करोड़ रुपये
6.	- वही -	10.83 करोड़ रुपये	2012-13	8.57 करोड़ रुपये
7.	- वही -	6.40 करोड़ रुपये	2013-14	6.30 करोड़ रुपये
	कुल	**85.06**		**76.93 करोड़ रुपये**

वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान जारी राशि 6.40 करोड़ रुपए के आबंटित बजट की तुलना में कम है, इस अंतर राशि को वर्ष 2014-15 के अनुमानित बजट में जोड़ दिया जाएगा।

मीडिया ईकाइयों (प्रसार भारती के अलावा) सभी तीनों क्षेत्रों में नीति संबंधी अध्ययन, सेमिनार, सम्मेलन, पुनर्मूल्यांकन इत्यादि (प्रसार भारती को छोड़कर) (नई योजना)

परियोजना मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में मंत्रालय की नई योजना/परियोजनाओं/निरंतरता के अध्ययनों, सम्मेलनों और पुनर्मूल्यांकन संबंधी नीति उपलब्ध कराने का वादा करती है।

मानव संसाधन विकास के लिये प्रशिक्षण

हाल ही में भारतीय जनसंचार संस्थान और क्वीनलैंड यूनिवर्सिटी ऑफ टैक्नालॉजी, आस्ट्रेलिया के बीच एक ज्ञापन समझौते पर हस्ताक्षर किये गए जिसके तहत दोनों संस्थानों के बीच अकादमीय आदान-प्रदान कार्यक्रमों को चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्यतया भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया जाना है। इस कार्यक्रम के लिये दी जाने वाली वित्तीय राशि 12 वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत चलाई जाने वाली योजना 'मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण' से लिये जाने का प्रस्ताव है।

फिल्म क्षेत्र

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड

1. फिल्मों को लोक प्रदर्शन करने लिए प्रमाणित करने के उद्देश्य से सिनेमाटोग्राफ अधिनियम, 1952 की धारा 3 के अंतर्गत केंद्रीय सरकार द्वारा फिल्म सेंसर बोर्ड को जून 1983 में 'केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड' को नए नाम से स्थापित किया गया।

2. वर्तमान बोर्ड में एक अध्यक्ष तथा 19 गैर सरकारी सदस्य हैं जिन्हें 25 मई 2011 को नामित किया गया। बोर्ड का मुख्यालय मुम्बई में तथा 9 क्षेत्रीय कार्यालय, मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बंगलुरु, तिरूवनंतपुरम, दिल्ली, कटक तथा गुवाहाटी में है।

3. प्रमाणन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीबीएफसी ऑन लाइन प्रमाणन प्रक्रिया में अग्रसर है। सीबीएफसी की गतिविधियों को प्रेस विज्ञप्ति तथा इसकी वेबसाइट http://cbfcindia.gov.in के द्वारा प्रचारित किया जाता है।

बाल फिल्म समिति, भारत

मंत्रालय द्वारा किए गए सुधार उपाय और नीतिगत पहलकदमियां

सीएफएसआई के कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली सूचनाओं को नियमित तौर पर सीएफएसआई की वेबसाइट पर नवीनतम किया जाता है ताकि पारदर्शिता बनी रहे और परिणामों को बताया जा सके। फिल्म निर्माण के लिए ऑनलाइन प्रपोजल फार्मों को भरने की व्यवस्था लागू की जा चुकी है। इसी तरह, सीएफएफआई द्वारा आयोजित चलचित्र महोत्सवों में भाग लेने के लिए चलचित्र प्रविष्टियों को ऑनलाइन भरा जा सकता है।

आयोजनों के कैलेंडर के रूप में सीएफएसआई की वेबसाइट पर बाल चलचित्र प्रदर्शनी गतिविधियों को प्रमुखता से दर्शाया जाता है और कार्यान्वयन पर चित्रों और आलेखों को भी प्रमुखता से पेश किया जाता है।

सीएफएसआई की गट्टू शीर्षक से निर्मित चलचित्र को 20 जुलाई, 2012 को रिलीज़ किया गया जिसे पहली बार चार सप्ताह तक भारत के 55 शहरों के 100 सिनेमाघरों में एक साथ दिखाया गया। यह दु:साहस नियमित बाज़ार में घुसने और चलचित्रों के साथ मुकाबला करने के लिए किया गया।

जैसे पहले ही जानकारी दी जा चुकी थी, महाराष्ट्र सरकार से याचना की गई कि वह बाल-चलचित्र परिसर निर्माण के लिए फिल्म सिटी में भूमि आवंटित करे जिसका (बाल चलचित्र परिसर का) उपयोग बच्चों के सिनेमा के लाभ के लिए किया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार की तरफ से महाराष्ट्र चलचित्र, मंच एवं सांस्कृतिक विकास संघ लि. गोरेगांव, मुंबई स्थित फिल्म सिटी के प्रवेश पर 1460 वर्ग मी. भूमि देने का प्रस्ताव रखा। सीएफएसआई अब महाराष्ट्र सरकार की स्वीकृति का इंतज़ार कर रही है। सीएफएसआई द्वारा महाराष्ट्र सरकार के साथ मिलकर परिसर के ऊपर एक आवर्ती बनाने का काम पूरा कर दिया है।

सीएफएसआई का मकसद राष्ट्रीय महत्व का आधुनिक बाल चलचित्र परिसर निर्मित करने का है जिसमें एनिमेशन और कठपुतली स्टूडियो सहित फिल्म निर्माण के सभी पक्ष मौजूद होंगे। निर्माण की गुणवत्ता भी एक बहुमूल्य कोष बनाएगी जिसका बड़े पैमाने पर भारतीय बच्चे आनन्द उठा सकेंगे। परिसर में यह भी सुनिश्चित किया जाएगा एवं इसकी चारदीवारी के अंदर बाल चलचित्र पुरातत्व को भी स्थापित किया जाए।

फिल्म समारोह निदेशालय

61वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों के बाद 3 मई 2014 को गठित एक विशेषज्ञ समिति के द्वारा विशेष स्क्रीनिंग कर 62वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2014 की उद्घोषणा की गई। 2014 के लिए भारतीय पैनोराम का चयन और अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के आयोजन को तैयार किया गया।

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, पुणे

सुधार के उपाय और भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान के मामले

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करने संबंधी संसद के विधान का प्रस्ताव किया गया है। संसद का यह विधान संस्थान के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को मान्यता देगा और संस्थान को अपना अधिदेश कारगर रूप से पूरा करने की दिशा में विविध उपाय करने में सक्षम बनायेगा।

व्यापक पारदर्शिता लाने के लिये संस्थान नागरिक चार्टर का प्रकाशन करता है, जो उसकी वैबसाइट पर उपलब्ध है।

फिल्म प्रभाग

सुधार, उपाय और नीतिगत पहल

बाहरी निर्माताओं/गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से निर्मित वृत्तचित्र फिल्मों में विचारात्मक सामाजिक मसलों और समस्याओं को उनके समाधान के साथ तथा राष्ट्र निर्माण के सरकार के प्रयासों सहित दर्शाया गया।

मुंबई में फिल्म प्रभाग के परिसर में 'भारतीय सिनेमा का राष्ट्रीय संग्रहालय' नामक संग्रहालय बनाने का फैसला भी किया गया, जो भारतीय सिनेमा के इतिहास को दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति और महत्वपूर्ण कलाकृतियों के प्रदर्शन तथा जाने-माने निर्देशकों, निर्माताओं, संस्थाओं आदि के कार्य को आगंतुकों/फिल्म प्रेमियों के लाभ के लिये दर्शायेगा। यह संग्रहालय सिर्फ आम लोगों को सूचना का भंडार ही मुहैया नहीं करायेगा, बल्कि फिल्म निर्माताओं, फिल्म छात्रों, फिल्म प्रेमियों और आलोचकों को कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप सिनेमा के विकास के बारे में जानने और उसका आकलन करने में सिर्फ देश में नहीं, बल्कि दुनिया के सभी भागों में भी मददगार साबित होगा।

भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार

पहले और दूसरे चरण में चलचित्र (फिल्म) तहखानों, मुख्य प्रेक्षागृह, डीजी सेट तथा अग्निशमन प्रणाली को बदलने को शामिल करते हुए वर्तमान आधारभूत संरचना के उन्नयन का कार्यवर्ष 2014-15 के दौरान एनएफएआई के लिए पूर्ण बजट के विनियोजन के बाद अगली तिमाही में शुरू किया जा सकेगा।

सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता

सुधार के उपाय और सत्यजित रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान के मामले

सत्यजित रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान, को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करने संबंधी संसद के विधान का प्रस्ताव किया गया है। संसद का यह विधान संस्थान के डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को मान्यता देगा और संस्थान को अपना अधिदेश कारगर रूप से पूरा करने की दिशा में विविध उपाय करने में सक्षम बनायेगा।

मुख्य सचिवालय की फिल्म विंग स्कीमें

(क) एंटी पायरेसी मिशन

फिल्म क्षेत्र, कुल मिलाकर एक निजी क्षेत्र होने के बावजूद, भारत का प्रबल सांस्कृतिक उद्योग है। संख्या की दृष्टि से भारत सबसे ज्यादा फिल्मों का निर्माण कर दुनिया में पहले स्थान पर है, हालांकि जहां तक राजस्व अर्जित करने की बात है, भारतीय फिल्म की हिस्सेदारी विश्व बाजार में नगण्य है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नति फिल्म उद्योग में- निर्माण, वितरण, प्रदर्शन और विपणन सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति का मुख्य वाहक साबित हुई है।

फिल्म उद्योग पर पाइरेसी के प्रभाव के बारे में पिछले अध्याय में चर्चा की जा चुकी है। पाइरेसी से निपटने के लिये प्रभावशाली कानूनी तंत्र की तत्काल आवश्यकता है, वह इसके प्रभावों के बारे में उपभोक्ताओं में जागरूकता फैलाने की भी आवश्यकता है, क्योंकि उपभोक्ता ही हैं। इसलिये फिल्म और संगीत उद्योग के सभी हितधारकों को शामिल करते हुए 12वीं योजना अवधि के दौरान प्रभावशाली और व्यापक मल्टी मीडिया प्रचार अभियान चलाने की सिफारिश की गई है। साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था पर पाइरेसी के प्रभाव का सटीक अनुमान लगाने के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अनुसंधान एवं विकास संबंधी गतिविधियां शुरू करने की भी जरूरत है।

एंटी पाइरेसी योजना का लक्ष्य निम्नलिखित गतिविधियों में सहायता उपलब्ध कराना होगा : -

1) पाइरेसी पर मल्टी मीडिया प्रचार अभियानों के प्रसार में

2) पुलिस, न्यायपालिका और प्रशासनिक अधिकारियों को कॉपीराइट कानून की जानकारी देने के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के आयोजन में

3) पाइरेसी के प्रभावों पर शोध कराने में, ताकि विकास हो सके तथा साथ ही साथ पाइरेसी से निपटने के लिये सार्वजनिक-निजी रणनीतियां भी लागू की जा सकें।

वर्ष 2013-14 के दौरान, फिक्की के साथ फरवरी-2014 में 0.60 लाख रुपये निधि वाली एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

(ख) फिल्म सामग्री का विकास, संचार एवं प्रसार

पूर्व में लागू की गई विभिन्न योजना स्कीमों की समीक्षा के पश्चात् विभिन्न स्कीमों के तहत गतिविधियों यथा फिल्म निर्माण, भारतीय फिल्मों का फिल्म समारोह एवं फिल्म बाजारों में संवर्द्धन, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह का आयोजन, आर्काइव्स सामग्री का अधिग्रहण आदि को एक एकल योजना में विलय किया गया है जिससे उसका बेहतर परिणाम मिल सके।

(ग) राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन

12वीं वर्षीय योजना के तहत एक राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन (एनएफएचएम) में पुर्नद्धार, डिजिटलाइजेशन और धरोहर फिल्में और फिल्मों की सामग्री को राष्ट्रीय फिल्म संग्रहालय में सुरक्षित रखना है।

मोशन पिक्चर उद्योग में एक आर्काइव्स में बेहतर संरक्षित परिस्थितियों में मास्टर स्तरीय सामग्री को रखा जाता है जिसमें दीर्घावधि तक रखने की क्षमता होती है। इसका लक्ष्य होता है ''प्रिजर्वेशन विदाउट एरर्स, एक्सेज विदाउट एंड''।

(घ) ऐनिमेशन, गेमिंग और विशेष प्रभावों के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना

फिल्म क्षेत्र, एक निजी क्षेत्र होने के बावजूद, भारत का सशक्त सांस्कृतिक उद्योग है। संख्या की दृष्टि से भारत सबसे ज्यादा फिल्मों का निर्माण कर दुनिया में पहले स्थान पर है, हालांकि जहां तक राजस्व अर्जित करने की बात है, भारतीय फिल्म की हिस्सेदारी विश्व बाजार में नगण्य है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नति फिल्म उद्योग में निर्माण, वितरण, प्रदर्शन और विपणन सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति का मुख्य वाहक साबित हुई है।

मानव संसाधन पर मैसर्स पीडब्ल्यूसी द्वारा कराये गये अध्ययन के आधार पर सरकार सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) में ऐनिमेशन, गेमिंग और विजुअल इफेक्ट्स के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना करने पर विचार कर रही है। इस योजना को 'सैद्धांतिक'मंजूरी दिलाने के लिये सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने योजना आयोग से सम्पर्क किया है।

प्रसारण क्षेत्र

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मानिटरिंग केंद्र (ईएमएमसी)

सुधार, उपाय और नीतिगत पहल

12 वीं पंचवर्षीय योजना अवधि (2012-17) में 90 करोड़ रुपए की कुल लागत वाली 'ईएमएमसी का सुदृढ़ीकरण' संबंधी नामक स्कीम को अनुमोदित किया गया है । इस स्कीम में निम्नलिखित पर विचार किया जाता है :-

- केबल टेलीविजन रेगुलेशन एक्ट, 1995 तथा इसके तहत गठित नियमों में निहित कार्यक्रम और विज्ञापन संहिताओं के उल्लंघन के संदर्भ में ईएमएमसी की मानीटरिंग क्षमता को चरणबद्ध तरीके से 300 टीवी चैनलों से बढाकर 1500 टीवी चैनल करना ताकि निजी सैटलाइट टीवी चैनलों पर प्रसारण से संबंधित सरकार को प्राप्त शिकायतों की निगरानी और उन पर विचार करने में ईएमएमसी को सक्षम बनाया जाए।

- मंत्रालय और अन्य सरकारी विभागों को प्रतिक्रिया देते हुए टिप्पणियों और विश्लेषण समेत दैनिक समाचार रिपोर्टों का संकलन।
- विशेष निगरानी के तौर पर एसएमएस अलर्ट भेजना तथा मंत्रिमंडलीय सचिवालय, पीएमओ, एमएचए इत्यादि द्वारा अपेक्षित निर्दिष्ट रिपोर्ट उपलब्ध कराना
- निजी एफएम चैनलों और कम्युनिटी रेडियो स्टेशनों की सामग्रियों की निगरानी करने हेतु ईएमएमसी में केंद्रीकृत एफएम मानीटरिंग कार्यविधि की स्थापना करना

प्रसार भारती

प्रसार भारती के पास प्रसारण और टेलीकास्टिंग के क्षेत्र में ढांचागत, श्रमशक्ति और तकनीकी विशेषज्ञता के संदर्भ में संसाधनों का व्यापक भंडार है। ढांचागत भंडार में, विशेष रूप से भूमि, इमारत, टावर, ट्रांसमीटर, स्टूडियो, सेटेलाइट अर्थ स्टेशन, अभिलेखकरण की सुविधा, कर्मचारियों का प्रशिक्षण (तकनीकी)संस्थान, अनुसंधान और विकास आदि शामिल हैं। 500 डब्ल्यू मीडियम वेव ट्रांसमीटर से शुरुआत करते हुए आकाशवाणी आज प्रमुख प्रसारक संगठन बन गया है। 493 रेडियो ट्रांसमीटर के साथ यह 91.87 प्रतिशत क्षेत्र और 99.19 प्रतिशत आबादी के दायरे में फैला हुआ है। दूरदर्शन 31 चैनलों से बढ़कर 39 सेटेलाइट अर्थ स्टेशनों तक फैल गया है और विभिन्न क्षमताओं वाले इसके 1416 ट्रांसमीटर देश की 92 प्रतिशत आबादी को अपने दायरे में लिए हुए है।

अपनी क्षमता के सदुपयोग के लिए आकाशवाणी ने मई 2001 में अपने संसाधनों को स्वतंत्र केंद्र के रूप में स्थापित किया जिससे व्यापक ढांचे से राजस्व अर्जित किया जा सके। निम्नलिखित योजनाओं के अंतर्गत, अगले 10 से 15 वर्षों में आकाशवाणी के संसाधनों द्वारा सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से राजस्व उत्सर्जित किए जा सकते हैं :

- निजी प्रसारकों, मोबाइल सर्विस प्रदाताओं/इग्नू के साथ लाइसेंस फीस आधार पर प्रसार भारती (पीबी)के ढांचागत संसाधन, जैसे टावर (एसटीएल टावर, स्व सहायक एस डब्ल्यू टावर, एकीकृत टीवी/एफएम टावर)निर्माण और भूमि को बांटना। अभी पीबी सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की निजी एफएम चरण 1 और चरण 2 योजना के तहत निजी एफएम प्रसारकों के साथ अपने ढांचागत संसाधनों को बांट रहा है। इस योजना के तहत वे अपने एंटीना को माउंट कर सकते हैं और अपने ट्रांसमीटर और दूसरे सहायक उपकरणों के इंस्टॉलेशन के लिए स्पेस खोल और बंद कर सकते हैं। भविष्य में, अगर पीपीपी के माध्यम से अपेक्षित हो, तो हम अपने ढांचागत संसाधन की व्यापक हिस्सेदारी कर सकते हैं।
- इसके अतिरिक्त प्रसार भारती परिसर में लगे अपने उपकरण इंस्टॉल करने वाले निजी एफएम प्रसारकों को संचालन और रखरखाव सेवाएं भी प्रदान की जा सकती हैं। इस उद्देश्य के लिए एआईआर/डीडी स्टेशनों को श्रमशक्ति आउटसोर्स करने की अनुमति देने की जरूरत होगी क्योंकि श्रमशक्ति की पहले ही कमी है। पीबी निजी प्रसारकों के स्टूडियो और ट्रांसमीटरों को इंस्टॉल और कमीशन करने का काम भी कर सकता है।
- आकाशवाणी/डीडी सेटअप के साथ को साइट करने वाले चैनल/इग्नू ट्रांसमीटरों के संचालन और रखरखाव का काम भी आकाशवाणी/डीडी स्टेशन कर रहे हैं। प्रसार भारती की योजना है कि भविष्य में इग्नू के ट्रांसमीटरों के लिए भी यह कार्य किया जाएगा।
- मौजूदा समय में आकाशवाणी स्टूडियो और ट्रांसमीटरों का खाली समय इग्नू को किराए पर दिया गया है। जब भी कभी ऐसी आवश्यकता होगी और अगर भविष्य में ऐसा समय देना संभव होगा तो प्रसार भारती दूसरे शैक्षणिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों और आउटस्टेशन एजेंसियों को प्रतिस्पर्धात्मक दर पर, मौजूदा ट्रांसमीशन घंटों के लिए किराए पर ये सुविधाएं प्रदान करेगा।
- प्रसार भारती श्रोताओं को आईवीआरएस और एसएमएस आधारित सेवा जैसी मूल्य संवर्धित सेवाएं प्रदान करने के लिए टेलीकॉम सेवाओं के साथ एक समझौता कर रहा है। इस प्रकार की लोकप्रिय सेवाएं प्रदान करके, टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं को मिलने वाले राजस्व में से आकाशवाणी को भी राजस्व प्राप्त हो सकता है। दूरदर्शन पहले से दिल्ली से मूल्य संवर्धित सेवाएं प्रदान कर रहा है और जल्द इसे दूसरे शहरों में भी विस्तार देना चाहता है।

- आकाशवाणी के नेटवर्क में एमडब्ल्यू/एफएम/एसडब्ल्यू प्रसारक ट्रांसमीटर का एयर टाइम शैक्षणिक/कृषि संस्थानों को किराए पर दिया जा सकता है।
- विश्वविद्यालयों/कॉलेजों/आवासीय स्कूलों में 50/100 वॉट के एफएम सामुदायिक रेडियो स्टेशन को स्थापित करने में भी प्रसार भारती मदद प्रदान कर सकता है।
- प्रसार भारती विभिन्न आकाशवाणी/दूरदर्शन केंद्रों पर ब्रॉडकास्टिंग के विभिन्न क्षेत्रों में ऑन साइट और संस्थात्मक प्रशिक्षण भी प्रदान कर सकता है। कुछ केंद्रों में यह प्रशिक्षण पहले से दिया जा रहा है जिसका आगे चलकर विस्तार किया जा सकता है।
- डेटा ऑडियो चैनल (डीएआरसी) सेवा के माध्यम से प्रसार भारती राजस्व अर्जित कर सकता है।

दूरदर्शन का डिजिटलीकरण

देश के विभिन्न भागों में 31 आंशिक डिजिटल और आठ एनालॉग स्टूडियो के पूर्ण डिजीटलीकरण का काम पूरा होने के करीब है। कैमरा चेनों को छोड़कर सभी उपकरण खरीदे और स्थापित किए जा चुके हैं। कैमरा चेनों की खरीद की प्रक्रिया प्रगति पर है। इन स्टूडियो का पूर्ण डिजीटलीकरण 2014 के अंत तक कर लिया जाएगा।

40 उच्च शाक्ति वाले डिजिटल ट्रांसमीटरों को लगाने की परियोजनाएं लागू की जा रही हैं। पहले चरण में 19 और दूसरे में बाकी 21 डिजिटल ट्रांसमीटर लगाए जाने हैं। उन्नीस ट्रांसमीटरों की खरीद का आदेश दिया जा चुका है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और पटना में ट्रांसमीटर उनके स्थापना स्थल पर ही सप्लाई किए जाने हैं। एंटीना प्रणाली और फीडर केबल खरीदा जा चुका है। इन ट्रांसमीटरों को 2014 में चरणबद्ध ढंग से स्थापित किए जाने की संभावना है।

चौबीसों घंटे प्रसारण वाले नए हिंदी चैनल

चौबीसों घंटे प्रसारण वाले चार नए हिन्दी चैनल डीडी बिहार, डीडी यूपी, डीडी एमपी और डीडी राजस्थान शुरु किए गए हैं। इन चैनलों के सिगनलों को सी बैंड और क्यू बैंड (डीटीएच), दोनों पर अपलिंक किया जा रहा है।

डीटीएच

दूरदर्शन के डीटीएच प्लेटफॉर्म की क्षमता मौजूदा 59 से बढ़ा कर 97 टीवी चैनल करने की परियोजना लागू की जा रही है। इसके उन्नयन के लिए आदेश दिए जा चुके हैं। परियोजना के 2014-15 की दूसरी तिमाही में पूरा हो जाने की संभावना है। ये सभी चैनल मुफ्त होंगे और इन्हें देखने के लिए दर्शकों को कोई शुल्क अदा नहीं करना होगा।

हाई डेफिनेशन टेलीविजन (एचडीटीवी)

एचडीटीवी का वीडियो रेजोल्यूशन पारंपरिक टेलीविजन प्रणाली (स्टैंडर्ड डेफिनेशन टीवी) से पांच गुना अधिक होता है। इसमें तस्वीर एकदम साफ और विचलन रहित तथा रंग ज्यादा जीवंत दिखाई देते हैं। इसकी वाइड स्क्रीन तस्वीर ज्यादा वास्तविक प्रतीत होती है। निम्नलिखित एचडीटीवी परियोजनाओं को लागू किया जा रहा है:-

दिल्ली और मुंबई में एचडीटीवी स्टूडियो लगाए गए हैं।

दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में एचडीटीवी से संबंधित निर्माण पश्चात सुविधाएं स्थापित की गई हैं।

कोलकाता और चेन्नई में आठ कैमरों वाले दो एचडी ओबी वैन शामिल किए गए है।

निम्नलिखित एचडीटीवी परियोजनाओं पर फिलहाल काम चल रहा है:-

- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में लगाए गए एचडीटीवी ट्रांसमीटरों के परीक्षण का काम जारी है।
- दिल्ली और मुंबई के लिए एचडीटीवी ओबी वैनों का आदेश दिया जा चुका है।
- दिल्ली में मल्टी कैमरा सचल निर्माण सुविधा के लिए दिया गया आदेश संबंधित फर्म को स्वीकार नहीं था इसलिए पुनः एनआईटी जारी किया जा रहा है।
- उपरोक्त परियोजनाएं अमल के विभिन्न चरणों में हैं और इन्हें 2014 में चरणबद्ध तरीके से पूरा किए जाने की संभावना है।

आधुनिकीकरण,सुदृढ़ीकरण और पुराने उपकरणों को बदलना

दूरदर्शन अपने नेटवर्क के आधुनिकीकरण, पुराने उपकरणों को अत्याधुनिक उपकरणों से बदलने और मौजूदा सुविधाओं में सुधार के लिए हमेशा प्रयासरत है। दूरदर्शन नेटवर्क के आधुनिकीकरण और उसे मजबूत बनाने की निम्नलिखित परियोजनाएं लागू की गईं या की जा रही हैं:-

ट्रांसमीटर

111 पुराने 100 वॉट एलपीटी को 500 वाट ऑटोमोड (1+1) एलपीटी से बदलने के लिए आदेश दिए जा चुके हैं (इनके स्थलों की जानकारी अनुलग्नक पांच में दी गई है) सभी ट्रांसमीटर सप्लाई किए जा चुके हैं और 99 स्थानों पर इन्हें लगाने का काम पूरा हो चुका है। बाकी ट्रांसमीटरों को लगाने का काम जारी है जिसे 2014-15 की पहली तिमाही के अंत तक पूरा किए जाने की संभावना है।

डिब्रूगढ़, जैसलमेर, जबलपुर ,तुरा, कोलकाता (डीडी न्यूज),रायपुर, पुणे, विशाखापत्तनम, आगरा, फाजिल्का, भुज, मऊ, अनंतपुर, डालटनगंज और भवानीपटना में 15 मौजूद एनालॉग उच्च शक्ति ट्रांसमीटरों को बदला जा रहा है। ट्रांसमीटरों की खरीद के लिए आदेश दिए जा चुके हैं। फाजिल्का, मऊ, कोलकाता में तीन ट्रांसमीटरों की सप्लाई की जी चुकी है और उन्हें लगाया जा रहा है। बाकी ट्रांसमीटरों की सप्लाई भी 2014 में कर दिए जाने की संभावना है।

भौगोलिक कवरेज के विस्तार के लिए जम्मू कश्मीर में राजौरी (डीडी 1 और डीडी न्यूज), ग्रीन रिज (डीडी 1), हिंबोटिंगला टॉप (डीडी 1) तथा नाथा टॉप (पटना टॉप) (डीडी 1) में उच्च शक्ति के पांच ट्रांसमीटर लगाए जा रहे हैं। राजौरी में ट्रांसमीटर आकाशवाणी की मौजूदा इमारत में ही लगाए जाने हैं। इसके लिए इमारत में तब्दीलियों का काम पूरा कर लिया गया है। राजौरी के लिए ट्रांसमीटरों की खरीद की प्रक्रिया जारी है। अन्य तीन ट्रांसमीटरों के लिए स्थलों का चयन कर उन्हें कब्जे मे ले लिया गया है और आगे की कार्यवाही जारी है।

स्टूडियो केन्द्र

पुरानी कैमरा शृंखलाओं, निर्माण स्विचरों, कलर मानिटरों, डिजिटल वीसीआर और लोगो, जेनरेटरों को बदल कर 20 स्टूडियो केन्द्रों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। इसके लिए कैमरों को छोड़कर बाकी सभी उपकरण मुहैया करा दिए गए हैं।

डीडी न्यूज मुख्यालय के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों में 17 क्षेत्रीय समाचार इकाइयों पर सेल्यूलर मोबाइल समाचार संग्रह सुविधा मुहैया कराई गई है।

उपग्रह भूकेन्द्र

लेह में भूकेन्द्र के उन्नयन का काम पूरा कर लिया गया है।

पणजी, चंडीगढ़, हिसार और पोर्ट ब्लेयर में भूकेन्द्रों के उन्नयन का काम प्रगति पर है। आरएफ उपकरण को छोड़कर सभी उपकरणों को लगाने और उनके परीक्षण का काम पूरा कर लिया गया है।

प्रशिक्षण

पिछले दो दशकों में दूरदर्शन में आमूल-चूल बदलाव आए है। टेलीविजन प्रौद्योगिकी तेजी से बदल रही है। बरसों से चल रहे एनालॉग उपकरण तेजी से पुराने पड़ रहे हैं। हर तरफ डिजिटलाइजेशन की चर्चा है। दूरदर्शन भी अपने समूचे नेटवर्क का डिजिटलीकरण कर रहा है। प्रसारण प्रौद्योगिकी में आ रहे बदलावों को देखते हुए उसका जोर अपने कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर है। एसटीआई (टी) दिल्ली, डीटीआई लखनऊ तथा आरएसटीआई (टी) शिलांग, भुवनेश्वर और मलाड (मुंबई) में नए कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और मौजूदा कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के कार्यक्रम के अलावा प्रबंधन कार्यक्रम भी चलाए जाते हैं। इसके अलावा आईआईटी खड़गपुर, आईआईएम शिलांग और कई अन्य संस्थानों में प्रशिक्षण कोर्स चलाए जाते हैं। उपकरणों के निर्माता भी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल पर ही प्रशिक्षण उपलब्ध कराते हैं। वर्ष 2013-14 में लगभग 900 इंजीनियरिंग अधिकारियों को तकरीबन 73 कोर्सों में प्रशिक्षण मुहैया कराया गया है। नेटवर्क में शामिल किए जाने वाले नए उपकरणों के निर्माताओं की ओर से 2013-14 में लगभग 450 इंजीनियरिंग अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। विभिन्न क्षेत्रों में खराब उपकरणों की मरम्मत के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।

दूरदर्शन की 12 वीं योजना

12 वीं योजना के तहत प्रसारण इंफ्रास्ट्रक्टचर और नेटवर्क के विकास की दूरदर्शन की 1893.14 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को हाल ही में मंजूरी दी गई है। इससे दूरदर्शन की पूंजीगत संपत्ति का सृजन होगा। इसमें से 1215 करोड़ रुपए मौजूदा और 678.14 करोड़ रुपए नई परियोजनाओं के लिए है।

12 वीं योजना में मुख्य तौर पर दूरदर्शन नेटवर्क के डिजिटलीकरण, डीटीएच और एचडीटीवी के विस्तार, दूरदर्शन स्टूडियो, ट्रांसमीटर और उपग्रह प्रसारण उपकरणों के आधुनिकीकरण तथा भारत-नेपाल सीमा पर टीवी कवरेज को मजबूत बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

12 वीं योजना के तहत निम्नलिखित नई परियोजाओं को मंजूरी दी गई है:-

1. सीमा पर कवरेज का सुदृढ़ीकरण

   क. भारत-नेपाल सीमा पर आठ एचपीटी की स्थापना

   ख. रामेश्वरम में टॉवर (300 मीटर) का सुदृढ़ीकरण

2. स्टूडियो और ट्रांसमीटर उपकरणों का आधुनिकीकरण, संवर्द्धन और उन्हें बदलना

   क. सीपीसी और केन्द्रों का आधुनिकीकरण

   ख. समाचार मुख्यालय दिल्ली में सुविधाओं का उन्नयन

3. एचडीटीवी

   क. कोलकाता और चेन्नई में एचडीटीवी स्टूडियो की स्थापना

4. उपग्रह प्रसारण उपकरणों का आधुनिकीकरण, संवर्द्धन और उन्हें बदलना

   क. 13 स्थलों पर भू-केन्द्रों का उन्नयन

   ख. पांच स्थलों पर अपलिंक पीडीए और आरएफ उपकरणों को बदलना

ग. दो स्थलों पर भू केन्द्र इमारतों का निर्माण

5. ढांचागत सुविधाओं का संवर्द्धन और अन्य कार्य

क. सुरक्षा से संबंधित और अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर का सुदृढ़ीकरण

ख. चंडीगढ़ में स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण

6. डीटीएच का विस्तार

250 टीवी चैनलों के ट्रांसमिशन के लिए डीटीएच प्लेटफॉर्म का उन्नयन

7. नई मीडिया प्रौद्योगिकी/वैकल्पिक डिलीवरी प्लेटफॉर्म

दूरदर्शन के चुनिंदा चैनलों की लाइव स्ट्रीमिंग और इंटरनेट के जरिए उपभोक्ता उपकरणों पर डिलीवरी

8. दूरदर्शन नेटवर्क का डिजिटलीकरण: केन्द्रीय अभिलेखागार, दिल्ली और चार क्षेत्रीय अभिलेखागारों में सुविधाओं को बेहतर बनाना

9. ओएफसी कनेक्टीविटी

चुनिंदा दूरदर्शन केन्द्रों को ओएफसी नेटवर्क के जरिए जोड़ना

10. किसान चैनल

मुख्य सचिवालय प्रसारण विंग

भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहयोग

मंत्रालय ने भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सशक्त बनाने के लिये पिछले चार वर्षों में कई कदम उठाये हैं। जिनके परिणामस्वरूप प्रदत्त अनुमतियों की संख्या 186 से बढ़कर 382 हो गई है और संचालित स्टेशनों की संख्या 64 से बढ़कर 170 हो गई है। सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सशक्त बनाने के लिये मंत्रालय द्वारा की गई कुछ महत्वपूर्ण पहल निम्नलिखित हैं :-

मंजूरी की प्रक्रिया का सरलीकरण- अंतर-मंत्रालय मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने और संचार की कमियां दूर करने के लिये सम्बद्ध मंत्रालयों/विभागों के साथ मासिक समन्वय बैठकें शुरू की गईं।

समग्र सामुदायिक रेडियो प्रबंधन सूचना प्रणाली (सीआरएमआईएस) 2011 में विकसित और चालू की गई ताकि सीआर स्टेशन लगाने के लिये अनुमति प्रदान करने में पारदर्शिता और कुशलता लाई जा सके।

सीआर आवेदकों/आगंतुकों की मदद के लिये मंत्रालय में सहायता केंद्र खोला गया है-एक निशुल्क नम्बर-(1800-11-6346) शुरू किया गया है।

जागरूकता उत्पन्न करना : देश भर में वर्ष 2008 से अब तक 55 कार्यशालायें आयोजित की जा चुकी हैं। इन कार्यशालाओं ने निचले स्तर पर काम करने वाले संगठनों और अन्य को आवेदन प्रक्रिया, सीआर के पीछे का उद्देश्य और दर्शन समझने का अवसर प्रदान किया है।

सी आर ऑपरेटरों के **राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन** नामक चार वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किये गये हैं ताकि सरकारी कार्मिक, मीडिया प्रतिनिधि और सीआर ऑपरेटर एक ही स्थान पर जमा कर विचारों और सीखी गई बातों का आदान-प्रदान कर सकें। सीआरएस सारांश के चार संस्करण (2011, 2012, 2013 और 2014) प्रकाशित किये जा चुके हैं।

सीआर स्टेशनों पर बेहतर कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देने और सीआर ऑपरेटरों को सामुदायिक सशक्तिकरण के लक्ष्य हासिल करने के लिये प्रेरित करने हेतु नकद राशि वाले राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कारों की भी स्थापना की गई। ये पुरस्कार पात्र सीआर स्टेशनों को राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलनों में प्रदान किये जाते हैं।

निरंतरता में वृद्धि: 12वीं योजना में सामुदायिक रेडियो को वित्तीय सहायता देने के लिये 100 करोड़ रुपये की नई आयोजना योजना ''भारत में सामुदायिक रेडियो आंदोलन को सहयोग'' शुरू की गई है।

सीआरएस विज्ञापनों की दरें भी संशोधित करते हुए एक रूपये प्रति सेकेंड से बढ़ाकर चार रूपये प्रति सेकेंड कर दी गई है। इसके अलावा सीआरएस पर प्रायोजित कार्यक्रमों के लिये केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिशा निर्देश एवं दरें लागू हैं।

सीआरएस को डीएवीपी की सूची में समाहित करने की प्रक्रिया सरल बनाई गई है। करीब 45 सीआरएस पहले से डीएवीपी की सूची में सम्मिलित हैं।

मंत्रालयों/विभागों का समर्थन : महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज मंत्रालय, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आदि के साथ निरंतर सम्पर्क उन्हें विकास के लक्ष्यों को हासिल करने में सीआर की सम्भावनाओं को समझने में मदद करता है। मंत्रालयों ने स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, बालिकाओं की शिक्षा, उपभोक्ता मामले, आपदा से निपटने की तैयारी से जुड़े सार्वजनिक संदेशों को प्रसारित करने के लिये सीआर स्टेशनों के साथ भागीदारी बनानी शुरू कर दी है।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीआरएस के लिये अनुमति : नीति में महत्वपूर्ण बदलाव लाते हुए सरकार ने छत्तीसगढ़ और झारखंड के लिये 10 सीआर स्टेशनों को मंजूरी दी है। पहला स्टेशन छत्तीसगढ़ के बस्तर में शुरू होने की सम्भावना है। अम्बिकापुर और बिलासपुर में एक-एक, रायपुर में दो, बस्तर जिले के जगदलपुर, सुर्जपुर जिले के बिश्रामपुर में तथा छत्तीसगढ़ के भिलाइनगर में एक-एक सीआर स्टेशन की अनुमति मिल चुकी है। दो सीआरएस रांची, झारखंड में हैं।

प्रसारण शाखा का स्वचालितीकरण

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान यह तय किया गया कि प्रसारण शाखा के विभिन्न विभागों को प्रसारण सेवा की अनुमति देने की प्रक्रिया को स्वचालित बनाया जाए। इस परियोजना में एक व्यापक ऑनलाइन पोर्टल बनाना है जिसमें उसका विकास और स्थापन भी शामिल है। इस परियोजना का कार्यान्वयन एनआईसी के जरिए हागा। एनआईसी को इसके लिए

क. व्यापक अध्ययन करना होगा

ख. सॉफ्टवेयर बनाना और लगाना होगा

ग. प्रणाली का कार्यान्वयन करना होगा

- पुराना डाटा एकत्र करना होगा
- रिपोर्टिंग सॉफ्टवेयर बनाना होगा

घ. प्रशिक्षण देना होगा

च. स्थापन के बाद रखरखाव करना होगा।

नयी योजना में आवश्यक डाटा तैयार करना और सुचारू रूप से कार्य प्रणाली के लिए एक समग्र ऑनलाइन पोर्टल तैयार करना है। टीवी/इनसेट/ की मौजूदा प्रणाली सीमित संभावनाएं हैं। इसमें वित्तीय और तकनीकी दृष्टि से सुधार की गुजाइश है जिससे यह वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा कर सके। फिलहाल चैनलों को प्रसारण के मुददों और नाम बदलने या पोर्टफोलियो में बदलाव के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की अनुमति की जरूरत पडती है। फिलहाल टीवी /इनसेट/ विभाग में 18 प्रमुख विषय है:-

- टीवी चैनल की अपलिंकिंग
- टीवी चैनल की डाउनलिंकिंग
- टेलीपोर्ट की मंजूरी
- नाम और लोगो में बदलाव
- टेलीपोर्ट में बदलाव
- सेटेलाइट में बदलाव
- भाषा में बदलाव
- शेयर होल्डिंग में बदलाव
- निदेशकों की नियुक्ति
- समाचार की श्रेणी से गैर-समाचार की श्रेणी में बदलाव और इससे उलट बदलाव
- गैर-समाचार विषयवस्तु के प्रसारण के लिए अपलिंकिंग की अस्थायी मंजूरी का आवेदन/ विदेशी चैनल का सीधा प्रसारण
- डीएसएनजी अनुमति- भाडे पर लेना/खरीदना
- भारतीय समाचार समिति द्वारा अपलिंकिंग की अनुमति
- संसदीय प्रश्न
- आरटीआई
- अदालती मामले

- वीआईपी संदर्भ

- अनुरोधों की स्थिति की जानकारी रखना

मंत्रालय में प्रसारण नीति एवं विधायन विभाग पंजीकरण और लाईसेंस की अनुमति देने के साथ प्रसारण वितरण सेवा के निम्न मामले भी देखता है:-

- मल्टी सिस्टम आपरेटर (एमएसओ)

- डायरेक्ट टू होम सर्विसेस

- हेडेन्ड इन द स्काई सर्विस (एचआईटीएस)

इस योजना के अंतर्गत इन सेवाओं के लिए स्वत: मंजूरी और लाईसेंस देने का निर्णय लिया गया है। सामुदायिक रेडियो स्टेशन के लिए स्वत: सीआरएस मंजूरी का प्रावधान किया गया है।

डिजिटलाइजेशन का मिशन

चरणबद्ध रूप से परियोजना के पूर्ण होने का डाटा

पृ.सं.	चरण	शहर के नाम	पूर्ण होने के डाटा
i)	चरण-एक	चार महानगरों दिल्ली मुंबई कोलकाता और चैन्नई	31 अक्टूबर 2012
ii)	चरण-दो	38 शहर (1 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाले)	31 मार्च 2013
iii)	चरण-तीन	अन्य शहरी इलाका	30 सितम्बर 2014
iv)	चरण-चार	कार्य बाकी	31 दिसम्बर 2014

चरण एक चार शहरों और चरण दो में 38 शहरों में फैला है। चरण एक और दो पूर्ण हो गया है। डाटा जमा करने और तीन और चार का निरीक्षण और मूलभूत परियोजना का कार्य बेसिल के साथ आरंभ हो गया है। एक टास्क फोर्स भी बनाया गया है जो परियोजना के समयसीमा पर पूरा करवाने के लिए जिम्मेदार हैं। देर होने की स्थिति में समयसीमा का पुर्ननिरक्षण किया जायेगा।

अध्याय 4
पिछले कार्य प्रदर्शन की समीक्षा
सूचना क्षेत्र
विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय

वर्ष 2012-13 के लक्ष्य एवं उपलब्धियां : 2012-13 के लिये लक्ष्य और उपलब्धियां वित्तीय और भौतिक, दोनों ही संदर्भों में, निम्नलिखित पैराग्राफ में दी जा रही हैं

वित्तीय प्रदर्शन: पिछले वर्ष का वित्तीय प्रदर्शन योजना और गैर योजना आवंटन का लगभग पूरी तरह उपयोग कर लिया गया.

(करोड़ रुपये में)

(वित्तीय अनुमान 2012-13)			(वास्तविक व्यय 2012-13)		
योजना	गैर-योजना	कुल	योजना	गैर योजना	कुल
105.92	62.54	168.47	105.99	61.80	167.79

*वर्ष 2012-13 की वार्षिक योजना के दौरान 110.00 लाख रुपये का स्वीकृत प्रावधान आरई/एफजी चरण में संशोधित होकर 106.18 लाख रुपये तक बढ़ गया।

वर्ष 2012-13 की वार्षिक योजना दो जारी स्कीमों - क- 'विकासात्मक प्रचार कार्यक्रम : अवधारणा एवं प्रसार' के लिये बनाया गयी है। इसके तहत 100.00 लाख रुपये की मंजूरी दी गयी है। हालांकि, संशोधित अनुमान अंतिम राशि के रूप में 10318.00 लाख रुपये का अतिरिक्त कोष दिया गया, जिसमें मार्च 2012 तक 102.93 लाख रुपये के व्यय के साथ वित्तीय लक्ष्य के रूप में सौ प्रतिशत की उपलब्धि हासिल हुई है। ख- डीएवीपी के आधुनिकीकरण के लिये 1000.00 लाख रुपये का परिव्यय अनुमोदित था, जबकि 300.00 रुपये लाख का अतिरिक्त कोष संशोधित अनुमान/अंतिम कोष उपलब्ध कराया गया, जिसमें मार्च 2013 तक वित्तीय लक्ष्य के सौ प्रतिशत उपलब्धि के साथ 299.00 लाख रुपये व्यय किये गये। यह योजना बाह्य प्रचार माध्यम, मुद्रित प्रचार माध्यम, प्रदर्शनी, डिस्प्ले और वर्गीकृत विज्ञापन तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा सूचना के प्रसार के लिये लागू की गई है।

वास्तविक उपलब्धियां: वित्तीय लक्ष्य प्राप्त कर लिये गये और वास्तविक उपलब्धियां भी उत्कृष्ट रहीं, जो इस प्रकार थीं।

प्रदर्शनी: 2012-13 की वार्षिक योजना के तहत देश भर में कई महत्वपूर्ण प्रदर्शनियों का आयोजन किया गया, जैसे कि 'स्वस्थ भारत', पुनरुत्थानशील भारत, कई फ्लैगशिप कार्यक्रम 'भारत निर्माण', एन1 एच 1 प्रदर्शनी, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम), क्रांति यात्रा, एड्स जागरूकता एवं स्वस्थ मां, स्वस्थ बच्चा आदि।

मुद्रित विज्ञापन: वर्ष 2012-13 में 'भारत निर्माण' और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दिवसों पर विज्ञापन जारी किये गये। डीएवीपी द्वारा विभिन्न मंत्रालयों, विभागों स्वायत्तशासी संगठनों के 16890 विज्ञापन जारी किये गये। इनमें 1321 डिस्प्ले तथा अन्य क्लासीफाइड विज्ञापन शामिल थे। इनमें 130 विज्ञापन यूपीएससी के लिये थे।

दृश्य-श्रव्य: वर्ष 2012-13 में डीएवीपी के बजट से भारतीय एकता (भारत मेरी पहचान) भारतीय संविधान के साठ वर्ष, गांधी जयंती, शहीद दिवस, सद्भावना दिवस और स्वतंत्रता दिवस पर अभियान।

मुद्रित प्रचार माध्यम: वर्ष 2012-13 में योजना के लिए विभिन्न मंत्रालयों से संबंधित 14.20 लाख प्रतियां मुद्रित और वितरित की गई। इसके अलावा रक्षा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंगलम और प्रधानमंत्री कार्यालय के लिए 3 लाख प्रतियां मुद्रित और वितरित की गईं।

बाह्य प्रचार : होर्डिंग, बस पैनल, सार्वजनिक सुविधाओं इत्यादि से 4.80 लाख डिस्प्ले दिवस आयोजित किए गए।

डीएवीपी का आधुनिकीकरण: वित्तीय वर्ष के दौरान आधुनिकीकरण की योजना के तहत ऑनलाइन बिलिंग के लिये आवश्यक हार्डवेयर, कंप्यूटर तथा सॉफ्टवेयर खरीदे गये, डीएवीपी मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में ढांचागत सुविधाओं की व्यवस्था की गयी। कॉन्फ्रेंस हॉल को अद्यतन किया गया है तथा प्रदर्शनी खंड में डिजिटल लायब्रेरी के लिये सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर प्रदान किया गया है और निदेशालय के कर्मचारियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया है

वर्ष 2012-13 के लिये लक्ष्य और उपलब्धियां संक्षेप में, निम्न प्रकार से हैं :

क्र.सं.	ब्योरा	लक्ष्य	उपलब्धियां
1	प्रदर्शनी	1792 प्रदर्शनी दिवस	1810 प्रदर्शनी दिवस
2	डिसप्ले/वर्गीकृत विज्ञापन	7.00	7.56
3	श्रव्य व दृश्य प्रचार अभियान	31.50 डिस्प्ले इकाईयां	31.50 डिस्प्ले इकाईयां
4	मुद्रित प्रचार	12.75 लाख प्रतियां	14.20 लाख प्रतियां
5	बाह्य प्रचार	4.80 लाख डिस्प्ले	4.80 लाख डिस्प्ले

* श्रव्य एवं दृश्य प्रचार अभियान की एक डिस्प्ले इकाई में टेलीविजन एक बार के लिए, रेडियो में 3 बार के लिए, डिजिटल सिनेमा में 10 बार के लिए, 1000 एस एम एस और 25000 बार इंटरनेट पर दिखाना शामिल है।

वर्ष 2013-14 के लिये लक्ष्य और उपलब्धियां: वर्ष 2013-14 के लिये लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्योरा इस प्रकार है

वित्तीय लक्ष्य : वर्ष का बजट प्रावधान नीचे दिया गया है। डीएवीपी ने अपने योजना और गैर योजना, दोनों के लिये अतिरिक्त राशि मांगी है।

(करोड़ रुपये में)

योजना	गैर-योजना	कुल
192.50 रु.	62.90 रु.	255.40 रु.

उपलब्धियां : 2013-14 की वार्षिक योजना में दो योजनाएं प्रारंभ की गई : (1) विकास संचार के माध्यम से लोगों का सशक्तिकरण। इसके लिए 18900.00 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। (2) ''मीडिया मूलभूत ढांचा विकास कार्यक्रम'' जिसे 12वीं पंचवर्षीय योजना में एक नई योजना के रूप में शामिल किया गया है और इसके लिए 350.00 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। 31 मार्च 2014 तक योजना और गैर योजना के अन्तर्गत 25536.00 लाख रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है।

स्कीमः विकासात्मक प्रचार से लोक सशक्तीकरण

प्रदर्शनीः वार्षिक योजना 2013-14 के दौरान देश भर में महत्वपूर्ण प्रदर्शनियों का आयोजन हुआ। जैसे कि स्वस्थ भारत, पुनरुत्थानशील भारत, फ्लैगशिप कार्यक्रम, भारत निर्माण, एच1 एन1-प्रदर्शनी, राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एनआर (एचएम) आदि

डिस्प्ले एवं वर्गीकृत : मंत्रालयों, विभागों एवं स्वायत्तशासी संगठनों के कुल 31 मार्च 2014 तक 17036 विज्ञापन जारी किये गये। इनमें से रिकॉर्ड 1461 डिस्प्ले विज्ञापन थे। शेष वर्गीकृत विज्ञापन थे, जिनमें 122 यूपीएससी के थे।

दृश्य-श्रव्यः वर्ष 2012-13 में डीएवीपी के बजट से भारतीय एकता (भारत मेरी पहचान) भारतीय संविधान के साठ वर्ष, गांधी जयंती, शहीद दिवस, सद्भावना दिवस और स्वतंत्रता दिवस पर अभियान।

रेडियो स्पॉटः सूचना और प्रसारण मंत्रालय के बजट से भारत निर्माण अभियान चलाया गया.अन्य मंत्रालयों के लिये अतुल्य भारत, पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिये प्रचार, सेना, नौसेना में भर्ती, उपभोक्ता जागरूकता, जनसंख्या नियंत्रण पर भी अभियान चलाये गये।

बाह्य प्रचारः 4.80 बाह्य प्रचार के अंतर्गत उपभोक्ता मामले, भारतीय नौसेना, आयकर, वीआईएस, जनगणना स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, वीईई, डब्ल्यूसीडी, एमएचए (एनडीएमए) भारत निर्माण तथा सार्वजनिक सुविधाओं पर कार्यक्रम चलाये गये।

मुद्रित प्रचार : वर्ष 2013-14 में 14.20 लाख रुपये के विभिन्न कापियां छापी व बांटी गई। तीन लाख का अन्य मुद्रित कार्य भी किया गया। एनसीसी और भारतीय वायुसेना की भी पुस्तिका छापी गई। इसके अलावा रक्षा मंत्रालय के लिए कई कैलेंडर और डायरिया मुद्रित की गईं।

स्कीमः मीडिया ढांचागत विकास कार्यक्रम

कार्यालय व्ययः एमआईडीपी स्कीम के तहत चालू वित्तीय वर्ष के दौरान ऑनलाइन बिलिंग के लिये आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर खरीदे गए। साथ ही डीएवीपी मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिये ढांचागत सुविधाएं मुहैया करायी गयीं।

वर्ष 2013-14 के दौरान वास्तविक उपलब्धियां संक्षेप में इस तरह हैं

योजना/गैर-योजना/अन्य मंत्रालय/विभाग (2013-14)

क्र.स.	विवरण	लक्ष्य	31.3.2014 तक उपलब्धियां
1	प्रदर्शनी (प्रदर्शनी दिवस की संख्या)	1792 प्रदर्शनी दिवस	
2	डिसप्ले/वगीकृत विज्ञापन	7.00	7.56
3	रेडियो/टीवी के लिए विज्ञापन	81.20	95.00 डिस्प्ले इकाईयां
4	मुद्रित प्रचार	12.75	14.20 लाख कापी
5	बाह्य प्रचार	4.80 लाख डिस्प्ले	4.80 लाख डिस्प्ले
6.	श्रव्य और दृश्य	31.50 डिस्प्ले यूनिट	31.50 डिस्प्ले यूनिट

@ श्रव्य और दृश्य प्रचार अभियन में एक डिस्प्ले इकाई में टेलीविजन में एक बार, रेडियो में 3 बार, डिजीटल सिनेमा में 10 बार, 1000 एसएमएस और 2500 बाट इंटरनेट पर दिखाना शामिल हैं।

क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय

भौतिक कार्यक्रम गतिविधियां :

	2012-13		2013-14		2014-15
	लक्ष्य	**उपलब्धियां**	**लक्ष्य**	**उपलब्धियां**	**लक्ष्य**
दौरे के दिन	28512	18447	28512	13294	14904
चलचित्रों का प्रदर्शन	28512	26436	28512	21855	28512
विशेष कार्यक्रम	4968	7500	4968	5850	4968

''विशेष पहुंच कार्यक्रम'' अवयव के अंतर्गत वार्षिक योजना 2013-14 के दौरान काम को अंजाम देने के लिए डीएफपी को 86.99 लाख रु. आबंटित किए गए, जो कार्यक्रम को हाथ में लेने के लिए अपर्याप्त थे, इसलिए तथाकथित राशि वापस लौटा दी गई और कोई खर्च नहीं हुआ ''सीटीएसयू'' अवयव के तहत अंतिम अनुदान (फाइनल ग्रांट) 2013-14 में आबंटित 27.50 लाख रूपये की जगह 8 संचालित दौरों को 27.11 लाख रु. के व्यय पर आयोजित किया गया, 20 मल्टीमीडिया प्रोजेक्टरों, 30 जेनेरेटरों, 2 लैपटॉप के प्रबंध के लिए, आईआईएमसी द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया और सीसीडब्ल्यू को स्वीकृत कुल राशि का 40 प्रतिशत यानी 52.40 लाख रु अदा किए गए रू.ब.रू. मुख्यालय का सूचना भवन में स्थानांतरण। इसके अतिरिक्त यह उल्लिखित किया कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय 12 योजना परियोजना एमआईडी के तहत डीएफपी की उप परियोजना केंद्रीय सूचना सदनों का निर्माण'' को जनवरी 2014 में रद्द कर दिया।

निदेशालय की वित्तीय निष्पत्तियां निम्नलिखित हैं :

(रु. करोड़ों में)

	2012-13		2013-14		2014-15
	लक्ष्य	**उपलब्धियां**	**लक्ष्य**	**उपलब्धियां**	**लक्ष्य**
योजना	1.38	0.55	8.00	1.06	5.00
गैर-योजना	44.47	44.14	46.52	46.67	49.74
कुल	**45.85**	**44.69**	**54.52**	**47.74**	**54.74**

एम्प्लाइमेंट न्यूज/रोजगार समाचार

वर्ष 2013-14 में एम्प्लाइमेंट न्यूज ने कुल 4601.70 लाख रुपये का राजस्व कमाया। पूर्ण व्यय 2556.15 लाख के बाद का राजस्व मई 2014 तक 5000.00 लाख और 2556.15 लाख लाभ है।

2012-13 के वित्तीय वर्ष में 5474.77 लाख रुपये 5000.00 के लक्ष्य से प्राप्त हुआ। 2014-15 में (मई 2014 तक) 962.72 लाख रुपये प्राप्त किए जा चुके हैं।

भारतीय जनसंचार संस्थान

वित्त वर्ष 2012-13 तथा 2013-14 के लिये वास्तविक उपलब्धियां और वर्ष 2014-15 के लिये लक्ष्य (गैर-नियोजित)

योजना/ गतिविधि का नाम	वित्त वर्ष 2012-13		वित्त वर्ष 2013-14		वित्त वर्ष 2014-15	
	लक्ष्य	उपलब्धियां	वास्तविक लक्ष्य	उपलब्धियां	भिन्नताओं के कारण	वास्तविक लक्ष्य
जनसंचार में प्रशिक्षण, शिक्षण एवं अनुसंधान	पी जी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करना : पत्रकारिता (हिंदी) 62 पत्रकारिता (अंग्रेजी) 124 (62+62) विज्ञापन एवं जनसम्पर्क (70) - रेडियो व टीवी पत्रकारिता (46) -उपरोक्त प्रत्येक पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 05 सीटें एनआरआई के लिये आरक्षित -विकास पत्रकारिता में दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रत्येक में 30 (25 आईटीईसी के अधीन कोलम्बो योजना के अधीन) कुल 60 पत्रकारिता (उड़िया) (23) **अल्पकालीन कार्यक्रम** -अल्पकालीन पाठ्यक्रम और कार्यशालाएं 12 - सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एवं भेजे गये आई आई एस के ग्रुप ए और ग्रुप बी अधिकारियों के लिए सेवाकालीन फाउंडेशन/ ओरियेटेशन पाठ्यक्रम - अनुसंधान अध्ययन (4 से 5 अध्ययन) अंग्रेजी में कम्युनिकेटर और हिंदी में संचार माध्यम का प्रकाशन करना	पी जी डिप्लोमा पाठ्यक्रम: पत्रकारिता -हिंदी (62) पत्रकारिता-अंग्रेजी 87 52+35 -विज्ञापन एवं जन संपर्क(66) रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता (46) -20 एनआरआई सीटों में से 11 भरी गई - विकास पत्रकारिता में दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम 55 (25+0 और 25+5) उड़िया पत्रकारिता (19) अल्पकालीन पाठ्यक्रम/ अल्पकालीन पाठ्यक्रम और कार्यशालाएं -12 -प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एवं भेजे गये आई आई एस के ग्रुप ए और ग्रुप बी अधिकारियों के लिए सेवाकालीन फाउंडेशन/ओरियेंटेशन पाठ्यक्रम शोध अध्ययन(5 अध्ययन) -अंग्रेजी पत्रिका कम्युनिकेटर अंक 2008 प्रकाशित हो चुका है	पी जी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करना : पत्रकारिता (हिंदी) 62 - पत्रकारिता (अंग्रेजी) 124 (62+62) -विज्ञापन एवं जनसम्पर्क (70) -रेडियो व टीवी पत्रकारिता (46) -उपरोक्त प्रत्येक पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 05 सीटें एनआरआई के लिये आरक्षित -विकास पत्रकारिता में दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रत्येक में 30 (25 आईटीईसी के अधीन् 5 कोलम्बो योजना के अधीन) कुल 60 पत्रकारिता (उड़िया) (23) **-अल्पकालीन कार्यक्रम** -अल्पकालीन पाठ्यक्रम और कार्यशालाएं 12 सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एवं भेजे गये आई आई एस के ग्रुप ए और ग्रुप बी अधिकारियों के लिए सेवाकालीन फाउंडेशन/ओरियेंटेशन पाठ्यक्रम - अनुसंधान अध्ययन (4से5 अध्ययन) . अंग्रेजी में कम्युनिकेटर और हिंदी में संचार माध्यम का प्रकाशन करना	पी जी डिप्लोमा पाठ्यक्रम: -हिंदी पत्रकारिता (58) -अंग्रेजी पत्रकारिता 102 (56+46) -विज्ञापन एवं जनसंपर्क (69) - रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता (46) -20 एनआरआई सीटों में से 9 भरी गईं - विकास पत्रकारिता में दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम 49 (29+0 और 25+0) -पत्रकारिता (उड़िया)(19) -उर्दू में पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम-8 **अल्पकालीन कार्यक्रम** -अल्पकालीन पाठ्यक्रम और कार्यशालाएं 13 -सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एवं भेजे गये आई आई एस के ग्रुप ए और ग्रुप बी अधिकारियों के लिए सेवाकालीन फाउंडेशन/ओरियेंटेशन पाठ्यक्रम - अनुसंधान अध्ययन (6 अध्ययन) अंग्रेजी में कम्युनिकेटर 2009 का अंक और हिंदी में संचार माध्यम 2008 अंक का प्रकाशन	शारीरिक रूप से विकलांग और अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति जैसी कुछ आरक्षित श्रेणियों में ज्यादा छात्र न होने की वजह से कुछ सीटें खाली रह सकती हैं या कुछ छात्र दाखिले के बाद भी संस्थान छोड़ सकते हैं।	पी जी डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित करना : पत्रकारिता (हिंदी) 62 - पत्रकारिता (अंग्रेजी) 124 (62+62) -विज्ञापन एवं जनसम्पर्क (70) - रेडियो व टीवी पत्रकारिता(46)-उपरोक्त प्रत्येक पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 05 सीटें एनआरआई के लिये आरक्षित -विकास पत्रकारिता में दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रत्येक में 30 (25 आईटीईसी के अधीन 5 कोलम्बो योजना के अधीन) कुल 60 -पत्रकारिता (उड़िया)(23) -उर्दू पत्रकारिता 15 **अल्पकालीन कार्यक्रम** -अल्पकालीन पाठ्यक्रम और कार्यशालाएं 12 - सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित एवं भेजे गये आई आई एस के ग्रुप ए और ग्रुप बी अधिकारियों के लिए सेवाकालीन फाउंडेशन/ ओरियेंटेशन पाठ्यक्रम - अनुसंधान अध्ययन (4 से 5 अध्ययन) -अंग्रेजी में कम्युनिकेटर और हिंदी में संचार माध्यम का प्रकाशन करना

नोट- 1. कोष्ठक में दी गई संख्या में छात्रों की संख्या इंगित हैं।

2. उर्दू पत्रकारिता 2013-14 के लिये कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किये गये हैं, लेकिन पाठ्यक्रम 08 छात्रों के लिये संचालित किया गया

12 वीं पंचवर्षीय योजना में भारतीय जनसंचार संस्थान के योजनाबद्ध वास्तविक और वित्तीय लक्ष्य एवं उपलब्धियां

(करोड़ रुपये में)

	2012-13				2013-14				2014-15	
योजना	बी ई 2012-13	वास्तविक खर्च 2012-13	लक्ष्य	वास्तविक उपलब्धियां	बीई 2013-14	वास्तविक खर्च 2013-14	लक्ष्य	वास्तविक उपलब्धियां	बीई 2014-15	लक्ष्य
